2. क्या साबरकांठा क्षेत्र में किसी केंद्रीय, राज्य अथवा अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु केंद्र अथवा राज्य सरकार को कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है?
3. यदि हाँ, तो उस प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति, उसकी प्रकृति तथा संभावित समय सीमा क्या है?

इस विषय से न केवल उत्तर गुजरात के हजारों विद्यार्थियों के भविष्य का प्रश्न जुड़ा है, बल्कि यह क्षेत्रीय संतुलन, सामाजिक न्याय और सबका साथ, सबका विकास" के संकल्प से भी प्रत्यक्ष रूप से संबंधित है। अतः में आशा करती हूँ कि सरकार इस दिशा में शीघ्र सकारात्मक कदम उठाएगी।

(ii) Need to provide adequate compensation to farmers whose lands have been acquired for Merta-Ras and Merta-Pushkar Railway Line Projects in Rajasthan

श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ (राजसमन्द) : मेरे संसदीय क्षेत्र राजसमन्द राजस्थान के अंतर्गत मेड़ता–रास–मेड़ता–पुष्कर रेलवे परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण प्रकिया चल रही है | इस परियोजना के अंतर्गत जिन किसानों की भूमि अधिग्रहित की जा रही है, वे अधिकांशतः छोटे एवं सीमांत किसान हैं, जिनकी संपूर्ण आजीविका केवल कृषि पर आधारित है। वर्तमान में निर्धारित डीएलसी (District level committee)दरें / सर्किल रेट को बाजार मूल्य के अनुरूप व्याहारिक करने की जरुरत है| यह प्रस्तावित रेलवे परियोजना का स्वागत योग्य है परन्तु इस परियोजना के सम्बन्ध में निम्न कार्यों को प्राथमिकता से करके किसानों को राहत प्रदान करने की नितान्त आवश्यकता है - 1.भूमि अधिग्रहण में डीएलसी दरों की पुनः समीक्षा करवाई जाए। 2.प्रभावित किसानों के लिए विशेष मुआवजा पैकेज घोषित करवाया जाए। 3.छोटे किसानों को अतिरिक्त राहत एवं संरक्षण प्रदान किया जाए। अत: मेरी सरकार से मांग है कि मेड़ता–रास–मेड़ता–पुष्कर रेलवे परियोजना से प्रभावित किसानों उचित मुआवजा प्राप्ति हेतु विशेष पैकेज सहित सभी

संभावित राहत उपायों को शीघ्रताशीघ्र क्रियान्वित किया जाये।

(iii) Need to amend the Labour Code to include the persons with rare diseases and immunological disorders within the framework of social security and workplace protection

SHRI TEJASVI SURYA (BANGALORE SOUTH): I wish to draw the attention of the Government to the urgent need to recognise and include persons living with rare diseases and autoimmune conditions, including Myopathy, Myositis, and other neurological and immunological disorders, within the framework of the labour codes. There is a pressing requirement to introduce appropriate provisions such as flexible working hours, work-from-home options, reasonable workplace accommodations, and social security safeguards to ensure that such individuals are not excluded from the workforce. The Government of India has acknowledged these challenges through the National Policy for Rare Diseases, and a similar inclusive approach is required within labour regulations. In 2025, the Government also operationalised labour code provisions to empower women, strengthen maternity benefits, and enable work-from-home options where applicable under the Code on Social Security. Many people living with these conditions' experiences only occasional flare-ups or intermittent muscle weakness and are otherwise capable, skilled, and productive professionals. With supportive policies, they can effectively discharge their responsibilities and contribute meaningfully to economic growth and national development while maintaining dignity and financial independence. I urge the government to consider introducing suitable

amendments to the labour codes for the benefit of citizens with certain health conditions.

(iv) Need for comprehensive measures for expansion of irrigation, completion of pending water projects and to ensure availability of potable drinking water in drought prone regions of Odisha

SHRIMATI SANGEETA KUMARI SINGH DEO (BOLANGIR): I wish to draw the attention of the Hon'ble Minister of Jal Shakti to the persistent problem of inadequate irrigation coverage and recurring drinking water scarcity in the drought-prone districts of western Odisha, including Bolangir, Sonepur, Kalahandi, Nuapada and Bargarh. Despite repeated droughts, erratic monsoon patterns, and increasing dependence of the rural population on agriculture and allied activities, large areas in these districts continue to remain rain-fed, with limited coverage under major, medium and minor irrigation projects. Delays in completion of irrigation infrastructure, poor canal utilisation, and inadequate last-mile connectivity have severely affected crop productivity, farmers' incomes, and livelihood security. At the same time, acute drinking water scarcity during summer months remains a recurring challenge, particularly in rural and tribal pockets, forcing dependence on tanker supply and distant sources. Groundwater depletion and inadequate surface water storage further aggravate the situation. The combined impact of irrigation deficit and drinking water stress has led to distress migration, agrarian vulnerability, and regional imbalance in development. I urge the Government to take urgent, time-bound measures to expand irrigation coverage, expedite pending water projects,

strengthen water conservation and groundwater recharge, and ensure reliable drinking water supply in drought-prone western Odisha.

(v) Need to sanction Jhalawar-Ujjain new railway line Project

श्री रोडमल नागर (राजगढ़) : मेरे लोकसभा क्षेत्र राजगढ़ मध्यप्रदेश की प्रस्तावित झालावाड-से उज्जैन नवीन रेललाईन को स्वीकृति दिये जाने की मांग निरंतर की जा रही हैं, देशभर से प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग श्री महाकालेश्वर उज्जैन से घोसला, आगर, सुसनेर, नलखेड़ा (माता बग्लामुखी मंदिर) होते हुए सोयत तक के क्षेत्र को पहली बार रेल सुविधा का लाभ मिलेगा। इसकें साथ ही उज्जैन से दिल्ली के लिये सीधा,सस्ता व समय की बचत वाला अतिरिक्त रेलमार्ग उप्लब्ध होगा ,जो कि उज्जैन, आगर-मालवा, झालावाड़ क्षेत्र के अंतर्राज्यीय व्यापार, व्यवसाय, पर्यटक आवागमन व (धार्मिक सर्किट) के रूप में महत्वपूर्ण होगा। अतः जनहित में प्रस्तावित उज्जैन से झालावाड़ रेललाईन के निर्माण की स्वीकृती देकर अनुगहित करें ।

(vi) Regarding rejuvenation and conservation of historical, religious and tourist places in Palamu, Garhwa and Latehar districts of Jharkhand

श्री विष्णु दयाल राम (पलामू) : पलामू प्रमंडल के अंतर्गत आने वाले पलामू, गढ़वा एवं लातेहार जिले प्राकृतिक संसाधनों के साथ-साथ ऐतिहासिक, धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। लातेहार जिले में स्थित पुराना एवं नया पलामू किला, शाहपुर किला (पलामू), पलामू टाइगर रिजर्व (बेतला), मलय डैम, केचकी इको-रिट्रीट तथा कमलदह झील जैसे प्राकृतिक पर्यटन स्थल राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पर्यटन की अपार संभावनाएँ रखते हैं। वहीं गढ़वा जिले में स्थित श्री बंशीधर मंदिर, माँ गढ़ देवी मंदिर, केतार देवी मंदिर, बाबा खोनहरनाथ मंदिर, सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पलामू जिले में स्थित राधा कृष्ण मंदिर बभंडी, माँ मंगला गौरी मंदिर बंदुआ, कुसुमदहा मंदिर चैनपुर, शिव संपत धाम उटारी रोड, देवी धाम हैदरनगर, चैगौना धाम खोढ़ी, देवगन मंदिर छतरपुर, सूर्य मंदिर दंगवार, भैसाखुर मंदिर जमुने, सूर्य मंदिर बड़कागांव एवं शिव मंदिर जोड़ जैसे अनेक प्राचीन एवं श्रद्धा-स्थल स्थित हैं। इन ऐतिहासिक, धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों के संरक्षण,

जीर्णोद्धार एवं समग्र विकास से न केवल क्षेत्रीय पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे तथा शहरी एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ता प्राप्त होगी। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण एवं पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के माध्यम से इन ऐतिहासिक किलों एवं प्रमुख पर्यटन-धार्मिक स्थलों का संरक्षण, सौंदर्यीकरण एवं समग्र विकास सुनिश्चित किया जाय।

(vii) Need to establish a "Herbal Medicine and Research Centre' in Amarkantak, Madhya Pradesh

श्रीमती हिमाद्री सिंह (शहडोल) : मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र शहडोल के अंतर्गत अनूपपुर जिले में स्थित पवित्र नगरी अमरकंटक की ओर आकर्षित करना चाहती हूँ। अमरकंटक में माँ नर्मदा,सोन और जोहिला नदी का उद्गम स्थल होने के साथ-साथ यह क्षेत्र अद्वितीय जैव-विविधता और दुर्लभ औषधीय वनस्पतियों से समृद्ध है। यहाँ की प्राकृतिक संपदा में चिकित्सा और पोषण की अपार संभावनाएँ निहित हैं, जिसका अमूल्य पारंपरिक ज्ञान यहाँ के स्थानीय जनजातीय समुदायों के पास है। मैं सरकार से आग्रह करती हूँ कि 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण के अनुरूप स्थानीय जड़ीबूटियों के संरक्षण एवं अध्ययन के लिए अमरकंटक में एक 'हर्बल औषधीय शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र' की स्थापना की जाए। यह केंद्र स्वदेशी ज्ञान के वैज्ञानिक प्रमाणीकरण को बढ़ावा देने के साथ-साथ स्थानीय जनजातीय युवाओं के लिए स्वरोजगार, उद्यमिता और कौशल विकास के नए द्वार खोलेगा। इससे न केवल हमारी प्राचीन विरासत का संरक्षण होगा, बल्कि आधुनिक विज्ञान के साथ मिलकर यह क्षेत्र औषधीय उद्यमिता का केंद्र बनेगा। यह केंद्र सतत विकास, जैव विविधता संरक्षण और आधुनिक ज्ञान के साथ पारंपरिक ज्ञान के एकीकरण का मार्ग प्रसस्त करेगा।

(viii) Need to undertake comprehensive regulatory and preventive measures to address the situation arising out of increasing incidence of vaping among youth of the country

SHRI RAJIV PRATAP RUDY (SARAN): I draw the urgent attention of the Government to the growing crisis of vaping in India, particularly among school- and college-going youth. Despite the enactment of the Prohibition of Electronic Cigarettes Act (PECA), 2019, which bans e-cigarettes and similar devices, vaping has emerged as a serious and rapidly growing public health concern. Recent reports reveal that 96% of Indian school students aged 14–17 years are unaware that vaping devices are banned, and nearly 89% of individuals are unaware of its harmful health effects. Alarmingly, a national survey found that 8.6% of schoolchildren aged 13–15 years have experimented with e-cigarettes, with higher prevalence in urban centres. Medical professionals are increasingly reporting vaping-related health issues among young users, including chronic dry cough, wheezing, breathlessness, early hypertension, anxiety, and reduced academic performance. Parliamentary data reveals glaring enforcement gaps, with Punjab reporting zero violations and zero recoveries of e-cigarettes in 2023–24, despite being one of the earliest states to ban them. These facts highlight a disconnect between legislation and enforcement. I urge the Government to treat vaping as a youth-centric public health challenge, requiring coordinated inter-ministerial action, awareness campaigns, and stronger enforcement mechanisms.

(ix) Need for construction of a bypass road at Junagarh town in Kalahandi district, Odisha

SHRIMATI MALVIKA DEVI (KALAHANDI): I would like to draw the attention

of the Hon'ble Minister of Road Transport and Highways to the urgent need for sanctioning and expediting the construction of a bypass road at Junagarh town in Kalahandi district, Odisha. The main road passing through Junagarh town is extremely narrow and has become a major accident-prone stretch. This road serves as a vital arterial route for people travelling to Dharamgarh, Kalampur, Jaipatna, Koksara and Nabarangpur, and at present, due to the nonfunctioning of the Turkel bridge, the same road is being heavily used by commuters travelling towards Nuapada, Khariar and Raipur hence there is severe congestion, frequent traffic bottlenecks, and a rising number of road accidents, causing immense hardship to local residents, pedestrians, school children, and daily commuters. For the public safety concerns and the strategic importance of this route, I earnestly request the Hon'ble Minister to sanction the Junagarh bypass at the earliest and ensure that construction work is taken up on a priority basis. The long pending demand of the people of Junagarh will not only reduce accidents and congestion but also improve regional connectivity and economic activity in the Kalahandi.

(x) Regarding construction of Pinjore-Baddi-Nalagarh four lane road in Himachal Pradesh

श्री सुरेश कुमार कश्यप (शिमला) : मैं मेरी लोकसभा क्षेत्र शिमला के अंतर्गत आने वाले बद्दी–बरोटीवाला–नालागढ़ औद्योगिक क्षेत्र से जुड़ी एक गंभीर जनसमस्या का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। हिमाचल प्रदेश के 90 प्रतिशत से अधिक उद्योगों की जीवनरेखा मानी जाने वाली पिंजौर–बद्दी–नालागढ़ फोर-लेन सड़क परियोजना को अप्रैल 2022 में प्रारंभ किया गया था तथा इसे सितंबर 2024 तक पूर्ण किया जाना निर्धारित था। परियोजना की प्रारंभिक स्वीकृत लागत

₹556 करोड़ थी, जिसे बाद में बढ़ाकर ₹670 करोड़ किया गया। अब तक ₹774.78 करोड़ की राशि व्यय हो चुकी है, इसके बावजूद यह सड़क आज भी अधूरी पड़ी है।

वर्तमान में इस राजमार्ग पर कई स्थानों पर अधूरे हिस्से, गड्ढे, असमान सड़क सतह, सर्विस लेन का अभाव और अव्यवस्थित यातायात व्यवस्था बनी हुई है, जिससे प्रतिदिन भीषण जाम लग रहा है। हजारों श्रमिक समय पर अपने कार्यस्थल नहीं पहुँच पा रहे हैं, मरीजों और एम्बुलेंस को रास्ते में रुकना पड़ रहा है, स्कूली बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को घंटों परेशान होना पड़ता है। आम नागरिक मानसिक तनाव, समय की बर्बादी और आर्थिक नुकसान झेल रहा है।

पूर्व में हुई भारी वर्षा, बाढ़ एवं भूस्खलन से सड़क को अतिरिक्त क्षति पहुँची, किंतु उसके बाद भी निर्माण कार्य अपेक्षित गति से आगे नहीं बढ़ पाया। ठेकेदार की लापरवाही, लागत स्वीकृति में विलंब और प्रशासनिक शिथिलता का सीधा दुष्प्रभाव आज आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।

अतः, मैं माननीय मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूँ कि—

(1) वर्तमान में इस परियोजना के निर्माण कार्य की वास्तविक स्थिति क्या है?

(2) शेष कार्य को पूरा करने के लिए कौन-कौन से चरण अभी लंबित हैं?

(3) सरकार द्वारा यह परियोजना किस निश्चित एवं अंतिम समय-सीमा तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है?

जनहित से जुड़ी इस महत्वपूर्ण परियोजना को लेकर स्पष्टता और जवाबदेही अत्यंत आवश्यक है, ताकि मेरी लोकसभा क्षेत्र शिमला सहित पूरे औद्योगिक क्षेत्र की जनता को शीघ्र राहत मिल सके।

(xi) Need to run a Vande Bharat Train from Chapra or Siwan Railway Junction to Delhi, Kolkata and Varanasi

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज) : महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र महाराजगंज

लोकसभा,बिहार उत्तरी बिहार के सारण प्रमंडल के सिवान एवं सारण (छपरा) जिला में विस्तारित है। इन जिलों का उत्तर प्रदेश के पूर्वी भाग के कई जनपदों का सीमावर्ती लगाव है। ऐसे में उत्तर प्रदेश और बिहार के आम जनता का रेल से आवागमन हेतु पूर्वोत्तर रेलवे के छपरा जं. एवं सिवान जं. का आमतौर पर उपयोग किया जाता है। आज आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में तेज गति से कम समय में देश के अंदर रेल से आवागमन हेतु "वंदे भारत/अमृत भारत" ट्रेन चलाया जा रहा है। इसलिए जनहित में मेरा भी मांग है कि छपरा जं. या सिवान जं. से दिल्ली, कोलकता और वाराणसी के लिए एक वंदे भारत ट्रेन चलाया जाये। अत: माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह है कि छपरा जं. या सिवान जं. से उपर्युक्त स्थानों के लिए वंदे भारत/अमृत ट्रेन का संचालन जल्द से जल्द कराया जाये ताकि हमारे संसदीय क्षेत्र सहित उत्तर बिहार के आम जनता को आधुनिक रेल सुविधा का लाभ मिल सके।

(xii) Need to run the proposed Delhi-Guwahati Vande Bharat Sleeper Train via Gorakhpur and Siwan

श्री रवीन्द्र शुक्ला उर्फ रवि किशन (गोरखपुर) : मैं रेल मंत्री जी का ध्यान इस महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ कि दिल्ली से गुवाहाटी के मध्य प्रस्तावित वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को गोरखपुर–सिवान होते हुए संचालित किया जाना अत्यंत आवश्यक है। यह उल्लेखनीय है कि इस मार्ग पर वर्तमान में कोई भी हाई-स्पीड अथवा सेमी-हाई स्पीड आधुनिक ट्रेन उपलब्ध नहीं है। साथ ही, इस रूट पर चलने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों में वर्ष भर अत्यधिक भीड़ के कारण प्रतीक्षा सूची (वेटिंग लिस्ट) की गंभीर समस्या बनी रहती है, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है गोरखपुर एवं इससे जुड़े पूर्वांचल क्षेत्र का धार्मिक महत्व अत्यंत विशिष्ट है। इसके साथ ही यह क्षेत्र व्यापारिक एवं आर्थिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र है। गुवाहाटी एवं पूर्वोत्तर भारत के साथ तेज, सुरक्षित एवं आधुनिक रेल संपर्क उपलब्ध होने से व्यापार, उद्योग, पर्यटन तथा स्थानीय व्यवसायों को नई गति प्राप्त होगी और यात्रियों पर पड़ने वाला अतिरिक्त दबाव भी कम होगा। अतः मैं रेल मंत्री जी से दृढ़तापूर्वक मांग करता हूँ कि जनहित, धार्मिक महत्व एवं

व्यापारिक हितों को ध्यान में रखते हुए दिल्ली से गुवाहाटी के मध्य वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को गोरखपुर–सिवान मार्ग से संचालित करने की स्वीकृति प्रदान की जाए।

(xiii) Need to continue the operation of trains from Tatanagar Railway Station, Jharkhand

श्री बिद्युत बरन महतो (जमशेदपुर) : मैं मेरे संसदीय क्षेत्र जमशेदपुर अंतर्गत टाटानगर स्टेशन से जुड़ी एक गंभीर और जनहित की समस्या सदन के सामने रखना चाहता हूँ। टाटानगर से चलने वाली कई पुरानी और महत्वपूर्ण ट्रेनों को टर्मिनेट कर आदित्यपुर से चलाने का प्रस्ताव है। इनमें साउथ बिहार, टाटा–बक्सर, टाटानगर–थावे, जालियांवाला बाग, टाटा–यशवंतपुर, टाटा–एर्नाकुलम, टाटा–जम्मूतवी और टाटा–विशाखापट्टनम जैसी ट्रेनें हैं। टाटानगर एक बड़ा और महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है। यहाँ से रोज़ाना लाखों यात्री यात्रा करते हैं। इन ट्रेनों को हटाने से आम जनता, मजदूरों, छात्रों और व्यापारियों को भारी परेशानी होगी। इस फैसले से लोगों में गहरा रोष है। मैं यह भी कहना चाहता हूँ कि दिल्ली–टाटानगर और मुंबई–टाटानगर रेल लाइनें गम्हरिया जंक्शन पर मिलती हैं, जो टाटानगर से केवल 25 मिनट की दूरी पर है। लेकिन ट्रेन ट्रैफिक और खराब टाइम टेबल के कारण ट्रेनों को यहाँ से टाटानगर पहुँचने में 3 से 4 घंटे लग जाते हैं। इसलिए मैं रेल मंत्रालय से मांग करता हूँ कि टाटानगर से चलने वाली सभी महत्वपूर्ण ट्रेनों का परिचालन वहीं से जारी रखा जाए और गम्हरिया से टाटानगर के बीच समय-सारणी में सुधार कर ट्रेनों को समय पर चलाया जाए। यह जनता की सुविधा से जुड़ा विषय है, इस पर तुरंत ध्यान दिया जाए।

(xiv) Need to ensure effective implementation of various schemes under Ministry of MSME in Shahjahanpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh

श्री अरुण कुमार सागर (शाहजहाँपुर) : उत्तर प्रदेश राज्य के शाहजहांपुर में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय की योजनाओं-वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ODOP), प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (PMEGP), ZED सर्टिफिकेशन, और विश्वकर्मा योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने और लोगों में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। शाहजहांपुर जनपद में हस्तशिल्प, खेती से जुड़े उद्योग, और छोटे कारखानों में विकास की बड़ी संभावनाएँ हैं, लेकिन स्थानीय लोगों में जानकारी की कमी, जटिल प्रक्रियाएँ, और निगरानी न होने से लाम सीमित है। मेरा सुझाव है कि ODOP के लिए स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी और ऑनलाइन बाजार को बढ़ावा दिया जाए। PMEGP के लिए जागरूकता शिविर और आसान ऋण प्रक्रिया शुरू हो। ZED सर्टिफिकेशन के लिए प्रशिक्षण और सब्सिडी की जानकारी दी जाए तथा विश्वकर्मा योजना के तहत कारीगरों और हस्तशिल्पियों के लिए विशेष पंजीकरण शिविर, टूलकिट वितरण, और कौशल प्रशिक्षण आयोजित हों। मेरा यह भी सुझाव है कि इन योजनाओं के प्रभावी ढंग से कार्यान्वयन के लिए जिला स्तर पर एक समिति बने, जिसमें स्थानीय लोक सभा सांसद शामिल हों, और एक डिजिटल डैशबोर्ड बनाया जाए ताकि सभी योजनाओं की प्रगति देखी जा सके। लोक सभा सांसद को नियमित समीक्षा में शामिल किया जाए। ये कदम स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करेंगे, रोजगार बढ़ाएँगे, और कारीगरों को सशक्त करेंगे।

मेरा सदन के माध्यम से माननीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री महोदय से अनुरोध है कि जनपद शाहजहांपुर में उनके मंत्रालय की इन सभी योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन एवं इनमें स्थानीय लोक सभा सांसद की भूमिका सुनिश्चित करने के लिए निर्देश जारी किए जाएँ।

(xv) Need to ensure refund of money to people who invested and duped by various Chit Fund Companies

श्रीमती गनीबेन नागाजी ठाकोर (बनासकांठा) : मैं सरकार का ध्यान देश के करोड़ों छोटे एवं मध्यम वर्ग के जमाकर्ताओं की गंभीर समस्या की ओर आकर्षित करना चाहती हूँ, जिनकी गाढ़ी

कमाई सहारा, पर्ल (PAC/Pearls) एवं अन्य चिटफंड कंपनियों में वर्षों से फंसी हुई है । इन कंपनियों ने आकर्षक योजनाओं का प्रलोभन देकर जनता से भारी धनराशि एकत्र की, परंतु परिपक्वता अवधि पूर्ण होने के बावजूद जमाकर्ताओं को उनकी जमा राशि वापस नहीं की गई । परिणामस्वरूप, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों को गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है । यद्यपि सहारा समूह के मामलों में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में सेबी के माध्यम से रिफंड प्रक्रिया प्रारंभ की गई है, तथापि यह प्रक्रिया अत्यंत धीमी है और बड़ी संख्या में वास्तविक जमाकर्ताओं को अब तक कोई राहत नहीं मिल सकी है । इसी प्रकार पर्ल (PAC/Pearls) कंपनी के जमाकर्ता भी लंबे समय से अपने धन की वापसी की प्रतीक्षा कर रहे हैं । अतः सरकार से आग्रह है कि सभी वास्तविक जमाकर्ताओं को शीघ्र, पारदर्शी एवं समयबद्ध प्रक्रिया के माध्यम से उनकी जमा राशि वापस दिलाने हेतु प्रभावी कदम उठाए जाएँ तथा दोषी कंपनियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए । धन्यवाद।

(xvi) Need to set up a bench of Rajasthan High Court in Bikaner

श्री राहुल कस्वां (चुरू) : मैं पश्चिमी राजस्थान के बीकानेर में राजस्थान उच्च न्यायालय की एक पीठ की स्थापना की लंबे समय से लंबित जनहितकारी मांग की ओर सदन का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ। वर्तमान में बीकानेर, चूरू, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, जैसलमेर, बाड़मेर तथा जोधपुर ग्रामीण सहित पश्चिमी राजस्थान के जिलों के वादकारियों को उच्च न्यायालय जाने के लिए जोधपुर अथवा जयपुर जाना पड़ता है। बीकानेर से जोधपुर लगभग 250 किलोमीटर तथा जयपुर लगभग 330 किलोमीटर दूर है, जिससे वादकारियों को समय और धन की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। पश्चिमी राजस्थान एक विशाल भौगोलिक क्षेत्र है, जहाँ तीन करोड़ से अधिक जनसंख्या निवास करती है । इस क्षेत्र से भूमि, राजस्व, सेवा मामलों, आपराधिक अपीलों तथा सीमावर्ती जिलों से संबंधित अनेक वाद उच्च न्यायालय में दायर होते हैं । पीठ के अभाव में किसानों, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए न्याय तक पहुँच कठिन हो

जाती है । बीकानेर पश्चिमी राजस्थान का एक केन्द्रीय एवं सुगम परिवहन-संपर्क वाला शहर है, जहाँ न्यायिक अधोसंरचना उपलब्ध है । बीकानेर में उच्च न्यायालय की पीठ की स्थापना से मामलों का शीघ्र निस्तारण होगा तथा जोधपुर स्थित मुख्य पीठ पर भार कम होगा । अतः सरकार से अनुरोध है कि इस विषय पर शीघ्र विचार किया जाए ।

(xvii) Need to construct the elevated road of NH 248A via Natni Ka Bara-Thanagazi-Bhartruhari Dham-Sariska in Rajasthan

श्री मुरारी लाल मीना (दौसा) : मैं राजस्थान के दौसा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत थानागाजी क्षेत्र से जुड़े एक अत्यंत महत्वपूर्ण और जनहित से संबंधित विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ । अलवर–जयपुर नेशनल हाईवे (NH-248A) का एक महत्वपूर्ण हिस्सा सरिस्का राष्ट्रीय उद्यान से होकर गुजरता है । यह मार्ग केवल स्थानीय आवागमन का साधन नहीं है, बल्कि क्षेत्र की धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक पहचान से भी गहराई से जुड़ा हुआ है । इसी मार्ग पर लोकदेवता बाबा भृतहरि की समाधि, पांडूपोल, बांदी पुल सहित अनेक प्रमुख धार्मिक स्थल स्थित हैं, जहाँ प्रतिवर्ष देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु दर्शन हेतु आते हैं । यदि यह सड़क सरिस्का होकर नहीं बनाई जाती है, तो श्रद्धालुओं की आवाजाही प्रभावित होगी तथा थानागाजी क्षेत्र के पर्यटन, व्यापार और आर्थिक विकास को गंभीर नुकसान पहुँचेगा । अतः मैं माननीय मंत्री महोदय से विनम्र आग्रह करता हूँ कि जनहित एवं जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए NH-248A के एलीवेटेड रोड का निर्माण पूर्व प्रस्तावित मार्ग नटनी का बारा से थानागाजी वाया भृतहरिधाम एवं सरिस्का होकर करवाने हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान करने की कृपा करें । धन्यवाद ।

(xviii) Need to withdraw the notifications seeking acquisition of land for establishment of City Centre Project and Forward Field Base Support Unit for the Indian Air Force in Agatti Island, Lakshadweep

SHRI HAMDULLAH SAYEED (LAKSHADWEEP): The Revenue Department

has issued two land acquisition notifications dated 9 January 2026 and 22 January 2026, both concerning Agatti Island. The first notification seeks to acquire 1,908 square metres for a City Centre project by the Tourism Department. The second proposes acquisition of approximately 1,52,760 square metres for establishing a Forward Field Base Support Unit for the Indian Air Force. Agatti Island has a total land area of only 27,07,260 square metres and supports a population of around 8,500 people, making it one of the most densely populated Union Territories in India. Land is extremely scarce and essential for survival. The City Centre project will demolish six houses and two shops. The Air Force project will demolish 25 houses, 38 temporary sheds, three shops, 60 resorts, and seven building foundations. Such disproportionate acquisition on a tiny inhabited island will severely affect housing, livelihoods etc. Invoking national security to justify massive displacement has created deep fear and distress among islanders. I urge the Government to meet security, aviation, and tourism requirements by using uninhabited islands after consultation with stakeholders. Both notifications must be withdrawn, local communities taken into confidence, and the rights of Scheduled Tribe islanders protected.

(xix) Need to set up a bench of Allahabad High Court in Western Uttar Pradesh

सुश्री इकरा चौधरी (कैराना) : मैं पश्चिम उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की स्थायी खंडपीठ स्थापित करने के विषय को सदन के संज्ञान में लाना चाहती हूँ। यह मांग विगत कई

दशकों से जनप्रतिनिधियों, अधिवक्ताओं और आम नागरिकों द्वारा निरंतर उठाई जा रही है, किंतु अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। पश्चिम उत्तर प्रदेश भारत के सबसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में से एक है, जहाँ से इलाहाबाद उच्च न्यायालय में लंबित मुकदमों की संख्या उत्तर प्रदेश के कुल लंबित वादों का लगभग आधा है। इलाहाबाद और पश्चिमी यूपी के बीच 600-700 किमी की दूरी के कारण किसानों, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को न्याय प्राप्ति में अत्यधिक समय और कष्ट सहना पड़ता है। अन्य राज्यों जैसे महाराष्ट्र और राजस्थान में उच्च न्यायालय की एक से अधिक खंडपीठें सफलतापूर्वक कार्यरत हैं, जो न्यायिक विकेंद्रीकरण और त्वरित न्याय की मिसाल हैं। अतः मैं माननीय कानून एवं न्याय मंत्री से आग्रह करती हूँ कि पश्चिम उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की स्थायी खंडपीठ स्थापित करने हेतु शीघ्र आवश्यक कदम उठाए जाएँ।

(xx) Need to ensure release of Indian nationals who have been forcibly inducted into Russia-Ukraine war and Indian sailors held captive in Iran

श्री हरेन्द्र सिंह मलिक (मुजफ़्फ़रनगर) : गत वर्षो में हमारे देश के सैकड़ो नागरिक जो शिक्षा रोजगार के लिए विदेशो में कैरिएर बनाने गए और वहा उन्हें जबरन या धोखे से बंदी बना लिया गया या गलत कार्यो में लगा दिया गया। जनपद मुजफ्फरनगर और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के युवा रूस में स्टडी और वर्क वीसा पर गए इन लोगो को झूठ बोलकर फंसाया गया और उन्हें धोखे में रखकर रूस यूक्रेन युद्ध में धकेल दिया गया। इनके परिवारजनो ने मुझे बताया की उनमे से अब तक 27 व्यक्तियों के शव भारत आ चुके है और सैकड़ो गुमशुदा है। इसी प्रकार 8 दिसम्बर 2025 को ईरान में 16 भारतीय नाविकों को एक तेल टैंकर जिसका नाम 'वैलिएंट रोअर' था, इसे युएई के दिब्बा बंदरगाह के पास अंतररष्ट्रीय जलक्षेत्र में रोक कर इस पर सवार 16 भारतीय नागरिको को बंदी बना लिया गया है। इनके व्यथित परिजन बहुत परेशान है और पूरे क्षेत्र में भारी रोष व्याप्त है। क्या सरकार अंतर्राष्ट्रीय सम्बन्धो का उपयोग कर इन फंसे हुए लोगो को सकुशल स्वदेश लाने और जिनकी मृत्यु हो चुकी है उनके परिजनों को मुआवजा देने का कार्य करेगी एवं ऐसी घटनाएं न हो

इस पर रोकथाम के लिए सरकार क्या प्रयास कर रही है।

(xxi) Need to withdraw the proposed trade agreement with USA to safeguard the interest of farmers of the country

PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM): The trade deal with U S would destroy the farmers and will undermine the country's agriculture sector. The American farmers benefit from the deal. Massive farmers protests will ensue and the Government will force to roll back the deal if it went ahead. There are concerns over reported commitments to reduce tariff on agriculture products and to import American goods worth 500 Bn. Dollars. I urge upon the government to scrap the proposed anti-farmer deal with USA.

(xxii) Need to release pending funds under Disaster Relief and other centrally sponsored schemes to West Bengal

SHRIMATI JUNE MALIAH (MEDINIPUR): Over the past decades, the Sea Surface Temperature of the Bay of Bengal has risen by 10°C. This sharp increase has created an ideal environment for cyclone formation. As a result, the States on the East Coast face the brunt. Cyclones like Bulbul, Amphan, Yaas and Dana have created catastrophe in affecting the livelihood of lakhs of people in my State of West Bengal. However, it is extremely disappointing and concerning that funds worth over Rs 43,000 crore is due for natural disasters to the State of West Bengal. Across different schemes, Rs 2 lakh crore is pending from the Union government to the State of West Bengal. Moreover, of the amount asked by the State government, the Union has only released 7% of the funds. In fact for the Yass cyclone in 2021, not even a penny was

released. Cyclones are unavoidable natural calamities. While the State government continues to respond proactively with limited resources, timely financial support from the Union government is crucial. The long-pending over Rs 43,000 crore in disaster relief and Rs 2 lakh crore under various schemes must be released without further delay to ensure justice and relief for the affected people.

(xxiii) Need to exempt the teachers appointed prior to the enforcement of the RTE Act, 2009 from mandatory Teacher Eligibility Test (TET) qualification

SHRI MALAIYARASAN D. (KALLAKURICHI): Concerning the implementation of the Right of Children to Free and Compulsory Education Act, 2009 (RTE Act) and the consequent hardship faced by thousands of teachers appointed prior to the introduction of the Teacher Eligibility Test (TET) in the State of Tamil Nadu. The RTE Act came into force in Tamil Nadu on 23rd August 2010. Subsequently, the Teacher Eligibility Test (TET) was introduced as a mandatory qualification. However, a large number of teachers had already been legally appointed before the enforcement of TET, after following the prevailing recruitment norms of that time. Despite this, orders were issued later, compelling such teachers to qualify TET retrospectively, leading to severe job insecurity, denial of promotions, stagnation of salary benefits, and mental distress. Many teachers who have been rendering sincere service for more than a decade are still being treated as ineligible, which is highly unjust. It is pertinent to point out that teachers appointed prior to 2012,

including those working in Government, Government-aided, and Panchayat Union schools, were appointed in accordance with existing rules and procedures. Grant permanent exemption from TET to teachers appointed prior to the enforcement of the RTE Act / TET norms.

(xxiv) Need for establishment of emerging technology-based Skill Development Centres in Bapatla Parliamentary Constituency, Andhra Pradesh to boost employment generation and industrial growth

SHRI KRISHNA PRASAD TENNETI (BAPATLA): Andhra Pradesh has emerged as a leading state in India regarding technology adoption and integration. The state has attracted significant data centre investments of more than 25 billion Dollars and set a target of developing a Quantum Valley, positioning itself as a futuristic international hub for advanced technologies. Sustaining this momentum requires a skilled workforce aligned with industry requirements. The Indian government under the Prime Minister has undertaken several initiatives to promote skilling in emerging technologies such as the Skill India Mission (SIM), National Apprenticeship Promotion Scheme (NAPS), Craftsman Training Scheme (CTS) and Pradhan Mantri Kaushal Vikas Yojana (PMKVY). Recently, under PMKVY 4.0 the Government offered more than 400 courses to the Indian youth in artificial intelligence, robotics, cybersecurity, and climate-friendly technologies. Additionally, initiatives like AI careers for women have been designed to further reduce the gender gap in our youth in this era of technology. In view of Andhra Pradesh's technological ambitions, it is urged that the Government consider establishing

dedicated centres for skilling in emerging technologies across AP and in Bapatla Parliamentary Constituency so as to enhance employability and support industry growth, thereby ensuring long-term economic competitiveness geared towards achieving Swarna Andhra Pradesh and Viksit Bharat 2047.

(xxv) Regarding construction of roads under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana in Valmiki Nagar Parliamentary Constituency, Bihar

श्री सुनील कुमार (वाल्मीकि नगर) : माननीय मंत्री,जी से आग्रह है कि मेरा लोकसभा क्षेत्र वाल्मीकि नगर का अधिकांश हिस्सा वन्य क्षेत्र में आता है। जहां कई प्रकार की जनजातीय आबादी निवास करती है। सड़क की अनुपलब्धता के कारण इसके अंतर्गत रामनगर और बगहा 2 प्रखंड के दोन इलाके के लोगों का जनजीवन अत्यंत विकट संघर्षपूर्ण और दुष्कर है। सड़क और अन्य मूलभूत समस्याओं के कारण आज भी यहां की आबादी आदिवासी और वनवासी जीवन जीने को विवश है जिससे दोनवासी उपेक्षित महसूस कर रहे है। समाज की मुख्यधारा से जोड़कर ही इनकी पीड़ा और आक्रोश को समाप्त किया जा सकता है प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत रामनगर प्रखंड के डुमरी (बगही सखुआनी पंचायत) चम्पापुर, शेरवा, बनकटवा, गोबरहिया, नौरंगिया, हठी माई दोन इलाके से होकर बगहा 2 प्रखंड के हरनाटांड तक सड़क का निर्माण करा दिया जाय तो जनजातीय बहुल दोन इलाके का समुचित विकास हो पाएगा और यहां के लोगों को सुगम और सम्मानपूर्ण जीवन मिलेगा। अत सदन के माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह है इसपर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना में लेकर इस पथ का निर्माण कार्य करवाने का कष्ट करेंगे।

(xxvi) Need to raise 'Ahir Regiment' in Indian Army

श्री सुधाकर सिंह (बक्सर) : देश की आज़ादी से पहले से लेकर आज तक, यादव समाज के वीर जवानों ने भारतीय सेना में अदम्य साहस, अनुशासन और बलिदान का परिचय दिया है। विशेष रूप से 1962 के रेजांग ला युद्ध में अहीर जवानों का अद्वितीय शौर्य आज भी राष्ट्र के लिए

प्रेरणास्रोत है। इतिहास गवाह है कि अहीर समुदाय ने सीमाओं की रक्षा में असंख्य बलिदान दिए हैं, किंतु इसके बावजूद आज तक भारतीय सेना में उनके नाम पर कोई पृथक इन्फैंट्री रेजिमेंट स्थापित नहीं की गई है। जबकि देश की सेना में विभिन्न समुदायों के नाम पर रेजिमेंटें पहले से विद्यमान हैं, जो उनके शौर्य और परंपरा का प्रतीक हैं। अहीर रेजिमेंट की मांग केवल किसी समुदाय की आकांक्षा नहीं है, बल्कि यह उस वीरता और बलिदान को संस्थागत सम्मान देने का प्रश्न है, जिसने देश की रक्षा में अपना सर्वस्व अर्पित किया है। ऐसी रेजिमेंट के गठन से न केवल ऐतिहासिक न्याय होगा, बल्कि युवाओं में राष्ट्रसेवा के प्रति उत्साह और सेना में भर्ती को भी प्रोत्साहन मिलेगा। अतः मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करता हूँ कि भारतीय सेना में अहीर रेजिमेंट का गठन किया जाए, ताकि इस वीर समुदाय को उसका उचित सम्मान और पहचान मिल सके।

(xxvii) Need to provide stoppage of various trains at Vidyasagar Railway Station in Jharkhand

श्री नलिन सोरेन (दुमका) : मैं माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र दुमका (झारखण्ड) की और दिलाना चाहता हूँ मेरे लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत विद्यासागर रेलवे स्टेशन पर निम्न ट्रेनों का ठहराव एवं एक लोकल ट्रेन की मांग क्षेत्र की जनता वर्षों से करती आ रही है व लोगों को इसकी काफी जरूरत भी है। ट्रेनों के नाम निम्न प्रकार है:- 1- हावड़ा-पटना जनशताब्दी एक्सप्रेस का विद्यासागर रेलवे स्टेशन में ठहराव । 2- आसनसोल-हटिया एक्सप्रेस को विद्यासागर रेलवे स्टेशन में ठहराव। 3- एक नया लोकल ट्रेन - दुमका-आसनसोल भाया जसीडीह चलाया जायं | अतः माननीय मंत्री जी से प्रार्थना है कि उक्त विषय को ध्यान में रखते हुए जनमानस का समस्या का निदान करा देने की कृपा प्रदान किया जाय।

(xxviii) Need to sanction the revised project with regard to the development of the Greenfield National Highway No-744 in Kollam Parliamentary Constituency, Kerala

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): The development of the Greenfield Highway NH-744 in my Parliamentary Constituency, Kollam has

come to a standstill. While the land acquisition process was initiated and 3D notifications were issued for certain villages, acquisition in other villages remains at different stages. Due to prolonged delays in the disbursement of compensation, affected landowners are facing severe hardship, and the issue has become a major public concern. The delay is primarily due to administrative lapses by both the Central and State Governments regarding the sharing of land acquisition costs, royalty, and GST. Consequently, the project was removed from the Bharat Mala Programme. Although a proposal for inclusion under a new project has been submitted, it is still pending and has not been sanctioned. As a result, the development of NH-744, continues to be delayed. I urge the Government to sanction the revised project, ensure compensation, complete land acquisition, and execute it promptly.

———

HON. CHAIRPERSON: Item No. 21, discussion on the Union Budget. Shri Arun Bharti.

12.10 hrs

UNION BUDGET, 2026-2027 – GENERAL DISCUSSION

श्री अरूण भारती (जमुई) : धन्यवाद सभापति महोदय, जो आपने मुझे बजट पर बोलने के लिए समय दिया । इस सदन में जो बजट 2026-27 प्रस्तुत हुआ है, वह भारत की आर्थिक सोच, राजनीतिक सोच और सामाजिक जिम्मेदारी का बजट है । मैं अपनी पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), हमारे नेता चिराग पासवान जी और बिहार की जनता की तरफ से इस बजट का समर्थन करते हुए कुछ मौलिक तर्क रखना चाहता हूं।

सभापति महोदय, मैं बिहार से आता हूं और आज के इस बजट को समझने के लिए

आजादी के बाद के बिहार के इतिहास को समझना बेहद जरूरी है। अगर बिहार की बदहाली के कारणों को संक्षेप में समेटा जाए, तो इसे हम "3C" के रूप में समझ सकते हैं। इसमें पहला "C" है- लॉर्ड कॉर्नवालिस, जिन्होंने बिहार पर परमानेंट सेटलमेंट लगाकर लगान फिक्स कर दिया था। चाहे पैदावार हो या न हो, आपको लगान भरना पड़ेगा। दूसरा "C" है- कांग्रेस। एक अप्रैल, 1952 को कांग्रेस Freight Equalisation Policy लेकर आई। इसके नाम पर बिहार और बिहार जैसे राज्यों से उनका औद्योगिक भविष्य छीन लिया गया था। Equalisation के नाम पर बिहार जैसे राज्यों के साथ marginalisation, discrimination और exploitation किया गया था। लोहा हमारे यहां से निकला, कोयला हमारे यहां से निकला, लेकिन फैक्ट्रियां हमसे दूर कर दी गई थीं।

सभापति महोदय, सदन में "दो भारत" की चर्चा हमने सुनी है। बिहार भी इस "दो भारत" की चर्चा का विषय है। I come from "two Indias" where the mineral resources of a leading State, my State Bihar, were taken away after Independence in the name of development. Its comparative advantage was deliberately destroyed and the same State was branded as 'backward' while its migrant labourers were humiliated and persecuted. खनिज हमारा था, मजदूर हमारा था, लेकिन फैक्ट्रियां किसी और राज्य की थीं। हमसे हमारा comparative advantage छीन लिया गया। यह सिर्फ मैं नहीं बोल रहा हूं, इस बात को अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ बोलते हैं। जॉन हॉपकिंस यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर देवेश कपूर बोलते हैं, University of Notre Dame के शोधकर्ता बोलते हैं। भारत के पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी जी ने भी मार्च, 2017 में कहा था कि बिहार को अगर किसी ने सबसे ज्यादा बर्बाद किया है, तो कांग्रेस सरकार की Freight Equalisation Policy ने बर्बाद किया है।

सभापति महोदय, आज का बजट उसी मानसिकता से एक निर्णायक विच्छेद करता है। जब केंद्र सरकार पूंजीगत व्यय को 12 लाख करोड़ रुपये तक लाती है, तो बिहार को भी उसका हिस्सा मिलता है। जब लॉजिस्टिक्स, इंडस्ट्रियल क्लस्टर, हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर और कनेक्टिविटी का विस्तार टियर-2 और टियर-3 बिहार जैसे राज्यों में होता है, तो हमारे बिहार को

भी इससे फायदा होता है। यह केवल विकास का नहीं, बल्कि इतिहास की मरम्मत का भी बजट है।

सभापति महोदय, मध्यम वर्ग इस देश की सबसे शांत, लेकिन सबसे जिम्मेदार ताकत है। मैं कहना चाहता हूं कि जब विपक्ष पूछता है कि मध्यम वर्ग को क्या मिला, तो इस मध्यम वर्ग को हर साल टैक्स में बदलाव नहीं, बल्कि उसे स्थिरता और भरोसा चाहिए।

इसके बाद आता है तीसरा "C", जब राजद की करप्ट और क्रिमिनल सरकार बिहार में वर्ष 1990 में आई थी, तब कांग्रेस ने जो नीतिगत नींव खोदी थी, राजद ने उस पर इमारत खड़ी की। Kidnapping industy, law and order का खत्म होना, negative developement की राजनीति, rigged elections, मजबूरी में बढ़ता पलायन और "बिहारी" एक गाली बना दिया गया था। एनडीए की सरकार ने जब वर्ष 2005 से बिहार की कमान संभाली, तब से बिहार 11 प्रतिशत की विकास दर से बढ़ता रहा है। वर्ष 2024-25 में बिहार राष्ट्रीय औसत से भी तेज गति से विकास करता रहा है।

केन्द्र सरकार ने बिहार को प्राथमिकता दी है। जो वित्तीय सहायता वर्ष 2004 से वर्ष 2014 तक लगभग तीन लाख करोड़ रुपए थी, उसे वर्ष 2014 से वर्ष 2024 तक तीन गुना बढ़ा कर, नौ लाख रुपए करोड़ रुपए कर दी गई। यह बात स्पष्ट प्रमाण है कि सही नीतियां मिलती है तो बिहार पीछे नहीं, बल्कि आगे बढ़ता है।

सभापति महोदय, मैं विषय पर आता हूं। मध्यम वर्ग को हर वर्ष टैक्स में बदलाव नहीं चाहिए, बल्कि उसे स्थिरता और भरोसा चाहिए। इस बजट ने टैक्स की दरें नहीं बदली, बल्कि टैक्स व्यवस्था का स्वभाव बदला है। इससे मुकदमेबाजी कम हुई है, अनावश्यक दंड खत्म हुए हैं और अनुपालन सरल हुआ है। अनिश्चितता टैक्स से ज्यादा महंगी होती है। बिहार जैसे छोटे राज्य के छोटे कस्बे का युवा सर्विस सेक्टर, प्रोफेशनल जॉब्स और डिजिटल अर्थव्यवस्था में है और बजट उन्हें यह भरोसा देता है कि उनकी मेहनत सुरक्षित है। यह भरोसा एनडीए सरकार से आता है।

सभापति महोदय, भारत का सबसे बड़ा रोजगार दाता कोई बहुराष्ट्रीय कंपनी नहीं है, बल्कि इस देश का छोटा और मझोला उद्यमी है। यह बजट एमएसएमई को भाषण में नहीं, बल्कि संरचना में ताकत देता है। ट्रेड्स को अनिवार्य बना कर सरकारी खरीद में समय पर भुगतान सुनिश्चित करना जीएसटी की प्रक्रियाओं को सरल करना, एक्सपोर्ट रिफंड को आसान करना और कानूनी जोखिमों को घटाना यही इस बजट का मकसद है। हमारे बिहार में हैंडलूम्स, फुड प्रोसेसिंग, छोटे उद्योग और सर्विस एमएसएमई इसी भरोसे से आगे बढ़ते हैं।

यह बजट साफ कहता है कि व्यापार करने वाला अपराधी नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण करने वाला होता है। आज जब रोजगार पर बात होती है, तब विपक्ष का ध्यान केवल एक ही चीज पर जाता है कि सरकारी नौकरियां कितनी आईं, लेकिन यह सच्चाई है कि 21वीं सदी में रोजगार सिर्फ सरकारी घोषणाओं से नहीं, बल्कि इको-सिस्टम बनाने से आता है। यह बजट उसी सच्चाई को स्वीकार करता है। यह बजट मैन्युफैक्चरिंग को सेवाओं से जोड़ता है, सेवाओं को टेक्नोलॉजी से जोड़ता है और टेक्नोलॉजी से कौशल विकास को जोड़ता है। अगर सरकार का इरादा केवल नारा देने का होता तो हर साल कैपेक्स नहीं बढ़ता, स्किलिंग को मैन्युफैक्चरिंग से नहीं जोड़ा जाता और एमएसएमई को सप्लाई चेन में नहीं जोड़ा जाता।

सभापति महोदय, मैं अपने नेता चिराग पासवान जी, लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास और बिहार की समस्त जनता की ओर से इस दूरदर्शी और समावेशी बजट का पूर्ण समर्थन करता हूं। यह बजट भारत के नए संकल्पों की नींव है। यह बजट वर्ष 2047 के विकसित भारत की उड़ान का रनवे है। मैं अपनी बात एक शेर के माध्यम से समाप्त करना चाहूंगा।

“जिसे तुम कहे थे बीमारू, वह आज देश की शान बन रहा है।
जो कल तक हाशिए पर आपकी फ्रेट इक्वलाइजेशन पॉलिसी की वजह से
आज वह हिन्दुस्तान की पहचान बन रहा है
तुम ढूंढते रहे कमियां, तुम्हारी नफरत की दुकानों में
मेरा बिहार अब नए भारत का स्वाभिमान बन रहा है।”

सभापति महोदय, धन्यवाद। जय हिंद, जय बिहार, जय लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास। जय राम विलास पासवान। भगवान उनकी आत्मा को शांति दें।

DR.RAJ KUMAR CHABBEWAL (HOSHIARPUR): *Hon'ble Chairperson sir, I would like to thank you for providing me an opportunity to speak on the union budget. This is 13th budget that has been presented and during these 13 years, Amrit Kaal is being described many a times. I understand that there is nothing in the budget except countrymen's difficulties and rising debt. Today, our farmers and youth are committing suicide. Biggest failure of the government is unemployment and no road map is visible to address the problem. So, after going through the budget several times, I understand and sum up the budget with the following couplet.*

"देश हमारा कहां जा रहा, देश हमारा कहां जा रहा
इलाहाबाद प्रयाग हो गया, और बनारस टूटा
धनी राम का खेत बिक गया, थाल बचा ना लोटा
टूटी चप्पल पहन के मनसुख बोरी उठा रहा है
डॉलर छुए आसमान को, रुपया गोते खा रहा है
और हमारा देसी नीरो बंसी बजा रहा है।
ट्रम्प और टैरिफ क्या मजबूरी, ये न हमको समझ आ रहा
देश हमारा कहां जा रहा, देश हमारा कहां जा रहा।"

*If we talk of education, 6% of GDP is being discussed under National Health Mission. A sum of Rs.1.39 lac crore has been allocated for education.

..... English translation of this part of the speech was originally delivered in Punjabi.

..... English translation of this part of the speech was originally delivered in Punjabi.

I would like to appreciate the Punjab government of Sardar Bhagwant Singh Mann as in the National Achievement Survey and National Performance Grading Index, Punjab has emerged as numbers one state in the country. Similarly, in the health sector, the allocation should be 2.5% of GDP whereas only Rs.1 lac crore has been allocated which is between 0.6 to 1.28 percent of GDP and it is peanuts only.

I wish to submit to the Government, through you, that allocation to the National Health Mission is continuously decreasing and this time it is only 252 crores approximately while the Punjab government is paying salary to staff working in under the Mission from its own coffers. In the end, once again, I have to submit that despite many requests, Punjab has got nothing out of it. A Sum of Rs.7757 crore is still due under RDF for more than 4 years and I request the government, through you, to release this amount. I also request that the farmers of Punjab should be brought out of the cycle of wheat and paddy and under diversification package, Rs.7500 to Rs.15000 per acre should be given. Also, industrial package for MSME particularly in Kandi and border areas should be given on the lines of hill area and J&K. Similarly, GST compensation should be given as we incur a loss of Rs.6000 crore every year. Some mechanism should be introduced not only for Punjab but for all the states.

Finally, I would like to draw your attention towards flood relief. You must have seen that after Corona period, Punjab has recently suffered from massive floods and therefore, I request the Hon'ble Prime Minister, through

you, that Rs.12905 crore package is still due which should be released immediately. Thanks.*

श्री सुधीर गुप्ता (मन्दसौर) : माननीय सभापति जी, आपने मुझे बजट के समर्थन में बोलने का अवसर प्रदान किया है, इसके लिए आपको धन्यवाद देता हूं । माननीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 प्रस्तुत किया गया बजट 'विकसित भारत मिशन' यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के संकल्प को पूरा करने में काफी उपयोगी और लाभकारी है । मगर हम देखते हैं कि कांग्रेस की राज्य व्यवस्था के समय वित्त मंत्री मनमोहन सिंह जी जब बजट प्रस्तुत करते थे तो निराशा भरे स्वरों में शायरी होती थी, उनकी शायरी होती थी ।

"तारीखों में कुछ ऐसे भी मंजर देखे हैं हमने
लम्हों ने खता की है और सदियों ने सजा पायी है ।"

एक वित्त मंत्री स्वीकार करते हैं कि किस तरीके के मंजर आजादी के बाद के दशकों में देखने को मिले और सदियों ने उसकी सजा पायी है ।

माननीय सभापति जी, जब बजट का शायरना अंदाज अरूण जेटली जी के माध्यम प्रस्तुत होता है तो कैसा आशावादी स्वरूप होता था ।:

"कश्ती चलाने वालों ने जब हार के दी पतवार हमें
लहर-लहर तूफान मिले और मौज मौज मझधार हमें
फिर भी दिखाया है हमने और फिर ये दिखा देंगे
सबको कि इन हालातों में हमें आता है दरिया पार करना । "

अगर हम यही अंदाज माननीया निर्मला सीतारमण जी के बजटीय शायराना अंदाज में देखें तो उसका कितना आशावादी स्वरूप होता है : 'हमारा वतन शालीमार बाग जैसा, हमारा वतन डल झील में खिलते कमल जैसा, हमारा वतन नौजवानों के गर्म खून जैसा, हमारा वतन दुनिया का सबसे प्यारा वतन है ।' आज हम देखते हैं कि जिस तरीके से साहसी नाविक की तरह निर्मला जी ने इन बातों को कहा है और इस प्यारे वतन के लिए प्यारा बजट दिया है, जो भारत को हर क्षेत्र में

नेतृत्वकर्ता राष्ट्र बनायेगा, ऐसे दृढ़ संकल्पित बजट की प्रशंसा करते हुए मैं कुछ प्रकाश डालूँगा।

महोदय, अगर थोड़ी देर के लिए हम तुलनात्मक अध्ययन करते हैं तो पता चलता है कि दृश्य कैसा बदला है। वर्ष 2013-14 में बजटीय साइज 16 लाख करोड़ रुपये था और आज वर्ष 2026-27 में 53 लाख 47 हजार करोड़ रुपये का विशाल बजट बना है। अगर इसका कैपेक्स देखें, जिस तरीके से आप पूँजीगत व्यय करते थे, वह दो लाख करोड़ रुपये के आसपास था और आज 12 लाख 20 हजार करोड़ रुपये का विशाल कैपेक्स हमें देखने को मिल रहा है। अगर डिफेंस सेक्टर की बात करें तो आप बमुश्किल दो लाख करोड़ रुपये तक पहुँच पाते थे। आज 6 लाख 80 हजार करोड़ रुपये का विशाल स्वरूप हम डिफेंस बजट में देख पा रहे हैं। आपके फोकस एरिया सोशल सेक्टर, मिड-डे-मील और कुछ शिक्षा अभियानों की तरफ होते थे, मगर आज फोकस एरिया विकसित भारत है। हर क्षेत्र में, हर स्थान पर, हर व्यक्ति के लिए, हर वर्ग के लिए आज भारत के इस बजट में सपने पूरे करने के अवसर हैं। इसके प्रमाण में हम जन आवाजों को सुनते हैं, अखबारों की खबरों को सुनते हैं, विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने हेतु हमारे सधे हुए कदम आगे बढ़ रहे हैं।

महोदय, समाचारों में क्या छपता है, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की रिपोर्ट के अनुसार प्रतिमाह औसतन 12 लाख 80 हजार नए निवेशक जुड़े हैं और यह आंकड़ा 12 करोड़ से अधिक हो गया है। अगर 6 कंपनियों का पूँजीकरण चैक डाउन करें तो यह 75,257 करोड़ रुपये से बढ़ा है। इसमें टाटा कंसल्टेंसी से लेकर एसबीआई, भारती एयरटेल जैसी कंपनियां हैं। बायोगैस के क्षेत्र में 5 हजार करोड़ रुपये का निवेश हुआ है। इंडियन बायोगैस एसोसिएशन का अनुमान है कि 100 से ज्यादा कंप्रेस्ड बायोगैस संयंत्र स्थापित हो चुके हैं और 94 संयंत्रों ने 31,400 टन सीबीजी की बिक्री की है। ये अनुमानित आंकड़े हैं।

महोदय, वर्ष 2025 में 50 गीगावॉट नवकरणीय ऊर्जा क्षमता की वृद्धि हुई है। भारत की स्थापित बिजली क्षमता का 50 प्रतिशत गैर जीवाश्म ईंधन स्रोत से आने लगा है। यह लक्ष्य पेरिस समझौते की तय सीमा वर्ष 2030 से 5 वर्ष पहले हासिल कर लिया गया है। पता नहीं विरोधियों

को यह सब नजर आता है या नहीं। गीगावॉट क्या होता है, 100 करोड़ वॉल्ट के बराबर एक गीगावॉट होता है, आज 50 गीगावॉट की क्षमता एक वर्ष में हासिल करना, यह अपने आप में अनूठा है। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब डॉलर के लगभग है। भारत का गोल्ड रिजर्व 8 लाख 80 हजार किलो का है। भेल जैसी संस्था ने सरकार को 109 करोड़ रुपये का अंतिम लाभांश दिया है।... (व्यवधान)

महोदय, मेरा 10-12 मिनट का समय है। मुम्बई में विश्व स्तरीय मरीन विकसित करने की मंजूरी दी गई है। यह हमारी वैश्विक क्षमताओं का विस्तार करेगा। मैं बताना चाहता हूँ कि एलआईसी का लाभांश 17 प्रतिशत से बढ़कर 12,958 करोड़ रुपये हुआ है। जनवरी में यूपीआई में रिकॉर्ड 2,170 करोड़ रुपये के लेनदेन हुए हैं। यह बताता है कि किस तरीके से हम दुनिया में अपने व्यवहार और व्यापार को बढ़ा रहे हैं। ब्रिटेन, न्यूजीलैंड, ओमान, ई.यू. और अमेरिका के ऐतिहासिक व्यापार समझौते भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने वाले हैं। चालू वित्तीय वर्ष में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने दो लाख करोड़ रुपये का लाभ कमाया है। कांग्रेस के समय में बैंक्स घाटे में थे। वे डूबने के करीब थे।

महोदय, रेल मंत्री जी यहां बैठे हैं, मैं उन्हें धन्यवाद दूँगा कि वर्ष 2025 में मारुति कार ने 5,85,000 कारें रेल के माध्यम से बेची हैं। यह दर्शाता है कि हमारा रेल नेटवर्क किस तरीके से लॉजिस्टिक व्यवस्थाओं को आगे बढ़ा रहा है। महोदय, सेंसेक्स 84 हजार पार हो गया है। यह सूचना हम सबके लिए बहुत बेहतरीन है। माघ पूर्णिमा, गुरु रविदास जी की जयंती पर सुधारों का जो संकल्प लिया गया था, किसानों के सशक्तीकरण का सकंल्प लिया गया था, वह पूर्ण किया गया है। केसीसी की सीमा 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये करना, भारत विस्तार नामक बहुभाषी एआई टूल के माध्यम से हमारे किसान भाईयों को आधुनिक खेती और एग्री स्टॉक पोर्टल से सीधे जोड़ा गया है। पीएम किसान के लिए 63 हजार 500 करोड़ रुपये बजट में दिए गए हैं। पीएम आवास के लिए भी बजट में वृद्धि की गई है।

जल जीवन मिशन के लिए 67,000 करोड़ रुपये और पशुपालन क्रेडिट कार्ड लिंक, यह

अपने आप में बताता है कि भारत किस दिशा में आगे बढ़ रहा है। प्राथमिक सहकारी समितियों से मिलने वाली कर रियायतों का विस्तार पशुपालन, खाद्य और कपास की आपूर्ति के लिए बढ़ा है, तो अमृत सरोवरों के माध्यमों से सिंचाई की क्षमताओं का विस्तार हो रहा है।

माननीय सभापति जी, अब कॉलेज केवल डिग्री बांटने वाले कॉलेज नहीं हैं, बल्कि रोजगार का अवसर भी प्रदान कर रहे हैं। आने वाले पांच वर्षों में एक लाख पेशेवर स्वास्थ्य प्रशिक्षित करके स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़े बदलाव की योजना, प्रमुख औद्योगिक गलियारे के पास पांच नए टाउनशिप विश्वविद्यालय प्रारम्भ करना, यह शिक्षा और उद्योग का भी सीधा तालमेल है।

माननीय सभापति जी, अब बच्चों को शोध और स्टार्टअप के लिए बहुत बेनिफिट होने वाला है। शिक्षा का बजट भी 14 प्रतिशत बढ़ा है। बहन-बेटियों के लिए प्रत्येक जिले में एक छात्रावास का निर्माण करना, यह वर्तमान चुनौतियों में एक बड़ा परिवर्तनकारी निर्णय है। खेलों के क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन, खेलो इंडिया मिशन का शुभारम्भ, यह मिशन कई सुविधाओं का विस्तार कर रहा है।

माननीय सभापति जी, भविष्य का चैंपियन बनाने के लिए 10,000 करोड़ रुपये का एसएमई ग्रोथ फंड, आत्मनिर्भर भारत कोष में भी अितरिक्त 2,000 करोड़ रुपये का प्रावधान, यह मध्यम वर्गीय व्यापारियों के लिए, छोटे व्यापारियों के लिए पूंजी प्रदान करने का आसान रास्ता बता रहा है। गेमिंग सेक्टर में एक नई उद्योग श्रेणी में पहचान बनाना विश्व स्तरीय पहचान का एक अवसर है। भारत के लाखों युवा आजीविका चला रहे हैं और भारत को विश्वभर में अलग पहचान दिला रहे हैं। आज 15,000 माध्यमिक विद्यालयों, 500 कॉलेजों के माध्यम से एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स, कंटेन्ट निर्माण, यह आने वाले वर्षों में 20 लाख पेशेवरों की जरूरतों को पूरा करेगा।

माननीय सभापति महोदय, हम देखते हैं कि कौशल प्रदान करने के लिए दिव्यांगजन कौशल योजना अपने आप में वंचित वर्ग के लिए एक अभूतपूर्व उपलब्धि है। माननीय सभापति जी, अगले पांच वर्षों में एक लाख नए सम्बद्ध स्वास्थ्य पेशेवरों को जोड़ना भारत के स्वास्थ्य संस्थानों

के उन्नयन के लिए एक माइल स्टोन है। चिकित्सा एवं पर्यटन जैसी कल्पना भारत के सेवा सेक्टर में और उसे वैश्विक केंद्र के रूप में बढ़ावा देगी। राज्यों में निजी क्षेत्रों में सहयोग से पांच क्षेत्रीय चिकित्सा केंद्र स्थापित करना अभूतपूर्व उपलब्धि रहने वाली है। पर्यटन केंद्र, स्वास्थ्य जांच, पुनर्वास, यह सब नौकरियों को बढ़ाने के अवसर प्रदान करेंगे। पशु चिकित्सकों में पेशेवरों की संख्या 20,000 तक करने से भारत में पशु चिकित्सक, प्राइवेट कॉलेज, पशु चिकित्सालय, जांच प्रयोगशालाएं और प्रजनन सुविधाएं स्थापित करना निश्चित रूप से किसानों के लिए लाभकारी होने वाला है। भारत के वित्त मंत्री जी ने 17 विशेष दवाओं को छूट देकर देश में स्वास्थ्य के प्रति अपनी सजगता का परिचय तो दिया ही है, साथ ही आयुर्वेद में एम्स स्तर के तीन आयुर्वेदिक एम्स स्थापित करना भारत की आयुर्वेदिक औषधि और आयुर्वेद के द्वारा उपचार के लिए माइल स्टोन होने वाला है। मानसिक स्वास्थ्य और ट्रामा केयर पर सरकार की प्रतिबद्धता बताती है कि हम किस तरीके से सबको साथ लेकर चलने की भावना से काम कर रहे हैं।

माननीय सभापति महोदय, मैं अंतर्देशीय जलमार्गों में हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए माननीय वित्त मंत्री जी को धन्यवाद दूंगा कि उन्होंने इस क्षेत्र को भी आगे बढ़ाया है। इस क्षेत्र में 20 नए राष्ट्रीय जलमार्ग चालू करना अपने आप में व्यापार और आवागमन में भारत को काफी आसानी प्रदान करेंगे। देश में हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर विकसित किया जाना भी एक माइल स्टोन है।

माननीय सभापति जी, लोकल कारीगरों, स्टार्टअप्स, विश्वभर में पहचान दिलाने के लिए निर्यात पर लगी 10 लाख की सीमा को पूरी तरह से हटा दिया गया है। इससे मध्यम श्रेणी के व्यवसाय अब ई-कॉमर्स के माध्यम से दुनियाभर के बाजारों तक बिना किसी बाधा के पहुंच जाएंगे। बायो फार्मा विनिर्माण केंद्र बनाना अपने आप में बायो फार्मा शक्ति को आगे बढ़ाने के लिए एक नई दृष्टि है, जो चिकित्सा की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

माननीय सभापति जी, मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण द्वारा दिया गया ब्याज अब आयकर मुक्त होगा, इस पर कोई भी टीडीएस नहीं लिया जाएगा। जिस तरीके से आयकर में 12 लाख की छूट देकर देश की जनता के सामने एक नया विजन रखा, जिस तरीके से करों में

जीएसटी की छूट देकर एक नया विजन रखा, यह भारतीय जनता पार्टी और देश की सरकार नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में उनके दृष्टिकोण को स्पष्ट करती है। महोदय, मैं जानता हूं कि राहुल गांधी जी के माध्यम से विरोधी दल जिस तरीके से भ्रम फैलाते हैं, यह लोकतंत्र में नहीं होता है, उन्हें अपने भ्रम फैलाने की परिस्थितियों का स्वयं अध्ययन करना चाहिए।

यह बजट कृषि अवसंरचना, भंडारण, कोल्ड चेन, वैल्यू एडीशन को मजबूत करके किसानों को केवल उपज बेचने वाला नहीं, बल्कि उसे उद्यमी किसान बनाने की दिशा में एक दृष्टि देता है। यह बजट नौकरी मांगने वाला युवा नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला युवा तैयार कर रहा है। यह बजट महिला शक्ति और सेल्फ हेल्प ग्रुप्स के माध्यम से असली सशक्तिकरण की ओर बढ़ रहा है। महिलाओं को सहानुभूति नहीं, सामर्थ्य चाहिए।

HON. CHAIRPERSON: Please conclude.

श्री सुधीर गुप्ता : माननीय सभापति जी, एमएसएमई और उद्योग रोजगार की असली रीढ़ हैं। यह सरकार छोटे उद्योगों को बड़ा बना रही है। यह बजट अमीरों का नहीं, मेहनत करने वालों का बजट है। यह बजट राजनीति के लिए नहीं, राष्ट्र के लिए बना है। यह बजट एक संतुलित और विकसित भारत के दृष्टिकोण को दर्शाता है। इसमें कार्बन कैप्चर, यूटीलाइजेशन एण्ड स्टोरेज (सीसीयूएस) प्रौद्योगिकी के लिए 20,000 करोड़ रुपये का प्रावधान पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता दिखाता है।

यह ग्राम स्वराज्य जैसी पहल महात्मा गांधी के खादी और हथकरघे के सपने को आधुनिक वैश्विक ब्रांडिंग के साथ जोड़ता है। वर्ष 2026 का बजट ऐसा बजट है, जो समाज के हर वर्ग को संसाधनों, सुविधाओं और अवसरों तक पहुंच सुनिश्चित करा सकता है।

महोदय, मैं इस बजट को एक क्रांतिकारी कदम मानते हुए, खासकर किसान भाइयों के लिए, इसकी भूरि प्रशंसा करता हूं, इसका समर्थन करता हूं। इस बजट को पारित किया जाए। विकसित भारत की यात्रा इसके माध्यम से तेज हो रही है, इसके लिए मैं बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं।

भारत माता की जय। वंदे मातरम्।

डॉ. इन्द्रा हांग सुब्बा (सिक्किम) : सभापति महोदय, आपने मुझे बजट 2026-2027 की इस डिस्कशन में बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपको धन्यवाद देता हूं।

सर्वप्रथम, मैं सिक्किम की जनता की ओर से और सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा पार्टी की ओर से वित्त मंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। यह बजट भारत की डायवर्सिटी को, चाहे नॉर्थ-ईस्ट हो, नॉर्थ इंडिया हो, साउथ इंडिया हो या कोई भी कम्युनिटी हो, सभी को समावेशित करके हर क्षेत्र में एलोकेशन का प्रावधान करता है। हर वर्ग और हर सेक्टर को इसमें समावेशित करने का प्रयास किया गया है। भारत को आत्मनिर्भर बनने के लिए हर सेक्टर का सशक्त बनना आवश्यक है, जिसके लिए इस बजट के माध्यम से प्रयास किया जा रहा है।

सभापति महोदय, सबसे पहले हम गवर्नमेंट ऑफ इंडिया और ऑनरेबल फाइनैंस मिनिस्टर को धन्यवाद देते हैं कि वे नॉर्थ-ईस्ट इंडिया के अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, असम, मणिपुर, मिज़ोरम और त्रिपुरा को इन्क्लूड करके बुद्धिस्ट सर्किट बनाने का प्रपोजल लेकर आए हैं। … (व्यवधान)

12.37 hrs (Shri Jagdambika Pal *in the Chair*)

सभापति महोदय, हम आभार व्यक्त करते हैं। सिक्किम में ऑलरेडी बुद्धिस्ट ट्रैडीशन रहा है।… (व्यवधान)

SUSHRI MAHUA MOITRA (KRISHNANAGAR): The screen is not showing his name. … (*Interruptions*)

DR. INDRA HANG SUBBA (SIKKIM): It is fine, Madam. … (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: I think we will take a note of it.

… (*Interruptions*)

DR. INDRA HANG SUBBA: It is fine. I will continue. … (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: You kindly take your seat.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Kindly take your seat.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Madam, you cannot do this.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: How can you do it?

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Nothing will go on record except his speech.

… (*Interruptions*) …*

HON. CHAIRPERSON: I have taken note of it.

… (*Interruptions*)

माननीय सभापति : यहां से कंट्रोल नहीं होता है, हमने इसके लिए कह दिया है।

… (व्यवधान)

डॉ. इन्द्रा हांग सुब्बा : माननीय सभापति महोदय, मैं आपसे निवेदन करता हूं कि मुझे जो टाइम एलोकेट किया गया है, वह दिया जाए।… (व्यवधान)

माननीय सभापति : आप बोलिए।

… (व्यवधान)

डॉ. इन्द्रा हांग सुब्बा : सर, आईएसएम 2.0 का एलोकेशन दिया गया है।… (व्यवधान)

माननीय सभापति : आप बोलिए। आपकी ही स्पीच रिकॉर्ड में जा रही है।

… (व्यवधान)

डॉ. इन्द्रा हांग सुब्बा : सर, इसको करेक्ट कर दीजिए।… (व्यवधान)

माननीय सभापति : यह करेक्ट हो जाएगा।

---

* Not recorded.

… (व्यवधान)

डॉ. इन्द्रा हांग सुब्बा : सर, मैं कंटीन्यू करूंगा।

प्लीज़, मुझे बोलने का पूरा टाइम दे दीजिएगा, क्योंकि हम लोगों को ऑलरेडी बहुत कम टाइम एलोकेट किया जाता है और अगर इसमें भी डिस्टर्बेंस होगा, तो वह और भी कम हो जाएगा। इसलिए मुझे आप पूरा टाइम एलोकेट कर दीजिएगा।… (व्यवधान)

सर, आईएसएम में इंडस्ट्री-लेड रिसर्च की बात की गयी है। वैसे भी हायर एजुकेशन में रिसर्च के लिए ऑलरेडी बहुत ही कम बजट है, जिससे अच्छा रिसर्च नहीं किया जा सकता है। … (व्यवधान)

इसमें इंडस्ट्री-लेड रिसर्च का प्रावधान लाया गया है। मैं फाइनैंस मिनिस्टर का आभार व्यक्त करता हूं कि इसमें रिसर्च करने का प्रावधान किया गया है। इसमें हमारा एक्सपेरियंस रहा है। जो भी बजट एलोकेशन होता है, ऐसे बड़े-बड़े बजट एलोकेशन होते हैं और ये बड़े-बड़े इंस्टीटयूशन्स को ही दिए जाते हैं, जैसे आईआईटी है, आईआईएससी है। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि इनको पैसा नहीं देना चाहिए। लेकिन, हमारे जो रीजनल इंस्टीट्यूशन्स हैं, सेंट्रल यूनिवर्सिटीज हैं, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश जैसे हिमालयी राज्यों में जो इंस्टीट्यूशन्स बसे हैं, स्टेट यूनिवर्सिटीज हैं, चाहे किसी भी राज्य के क्यों न हो, इनको भी रिसर्च इंस्टीट्यूशन की तरह ही देख कर बजट दे देना चाहिए।

सभापति महोदय, जिस तरह से प्रावधान किया गया है, मेरा कहना है कि हर रीजन में रिसर्च इंस्टीट्यूशन्स के लिए बजट का प्रावधान करना चाहिए। इंडस्ट्री लिंक्ड जो रिसर्च है, वह हर इंस्टीट्यूशन में होने की जरुरत है।

सभापति महोदय, Integrated Programme for Labour-Intensive Textile Sector का जो प्रावधान किया जा रहा है। इसमें मैं बताना चाहूंगा। भारत के जो हैंडलूम वर्कर्स हैं, वे आज भी 60 परसेंट नॉर्थ-ईस्ट रीजन से ही हैं। नॉर्थ-ईस्ट रीजन में ही सबसे ज्यादा हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट में काम किया जाता है। वहां जिस क्वालिटी का हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट प्रोड्यूस होता

है, वह बहुत ही लेबर इंटेंसिव होता है और यह ज्यादा प्रॉफिट का नहीं होता है। जिस तरह से मैकेनाइज्ड टेक्सटाइल का जो प्रॉफिट मोड में किया जाता है, उसी तरह का नॉर्थ-ईस्ट रीजन में कहीं भी नहीं होता है। नॉर्थ-ईस्ट रीजन में जो फाइन क्वालिटी फाइबर बनाया जाता है, हैंडलूम का जो काम किया जाता है, वह 60 परसेंट है। जितने भी हैंड-मेड टेक्सटाइल्स हैं, आज भी विश्व में 95 परसेंट से ज्यादा भारत देश का है। भारत के एक्सपोर्ट में इसका 95 परसेंट स्थान है। इसमें से 60 परसेंट से भी ज्यादा नॉर्थ-ईस्टर्न इंडिया के ही प्रोडक्ट्स रहते हैं। हैंडलूम वर्कर्स के वेल्फेयर के विषय में भी अलग से स्कीम बनानी चाहिए।

HON. CHAIRPERSON: Kindly conclude.

डॉ. इन्द्रा हांग सुब्बा : सभापति महोदय, एक तो स्क्रीन पर अभी तक मेरा नाम नहीं आया। … (व्यवधान) इस बीच मैं डिस्टर्ब भी हुआ और आप कह रहे हैं कि मैं कंक्लूड दूं। वैसे भी हमें बहुत कम टाइम मिलता है।… (व्यवधान)

माननीय सभापति: इस बारे में हमने बोल दिया है। इसमें थोड़ा सा टेक्निकल ग्लीच है। वे रीस्टार्ट कर रहे हैं। आपका नाम आ रहा है, क्योंकि आपकी ही स्पीच रिकॉर्ड में जा रही है।

… (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Kindly conclude. Only your speech -- whatever you are going to deliver -- is going on record.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: There is some technical glitch. They are trying to restart it.

DR. INDRA HANG SUBBA: Okay, Sir. So, should I restart my speech also?

HON. CHAIRPERSON: No, not at all. Your speech is already on record. Kindly conclude.

… (*Interruptions*)

DR. INDRA HANG SUBBA: If that is not the case, then, I request you, hon. Chairperson, Sir, to let me conclude. बीच में एक मिनट उसी में निकल गया। अब आप भी नहीं बोल सकते हैं और मेम्बर्स भी क्वेश्चन नहीं कर सकते हैं।... (व्यवधान)

माननीय सभापति: अब आप कंक्लूड कर लीजिए। आप एक मिनट में अपनी बात पूरी कर लीजिए।

... (व्यवधान)

DR. INDRA HANG SUBBA: This is very important for my State and the Himalayan regions. इस बार के बजट में शायद पहली बार trekking and hiking की बात की गई। सच में जो टूरिज्म है, उसको डाइवर्सिफाई करना बहुत ही इम्पॉर्टेंट है। जो हिमालयी राज्य हैं, जैसे हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड के साथ-साथ सिक्किम एवं अरुणाचल प्रदेश में ऑलरेडी trekking and hiking पुराने ट्रेडिशन है। आज भी हम उस तरह से टूरिज्म करते हैं। बजट में जिस तरह से हिमाचल प्रदेश को पैसा दिया गया, उत्तराखंड को दिया गया, वेस्टर्न एवं ईस्टर्न घाट को दिया गया। यह ठीक है कि सबको मिलना चाहिए। मैं आपके माध्यम से वित्तमंत्री जी को बताना चाहूंगा, मैं समझता हूं कि सिक्किम ही पायनियर स्टेट है, जिसने इतना बढ़िया ट्रेकिंग करवाया है। आज भी वहां बहुत सारे लोग टूरिज्म में काम करते हैं।

सभापति महोदय, जो ecologically sustainable trails बनाने की बात है। ... (व्यवधान)

माननीय सभापति: आप कंक्लूड करें।

DR. INDRA HANG SUBBA: Hon. Chairperson, Sir, I will just conclude. अब मेरे पास थोड़ा सा ही विषय है।

माननीय सभापति: आप अपनी बात कंक्लूड कीजिए।

डॉ. इन्द्रा हांग सुब्बा : सभापति महोदय, जो ecologically sustainable mountain trails बनाने की बात की गई है। इसमें मैं बता देना चाहता हूं, क्योंकि इसमें हमारा एक्सपेरिअंस है।

माउंटेन ट्रेल्स में कंक्रीट नहीं बनाया जा सकता है। वहां ecologically sustainable ही बनाना चाहिए। यह हम भी मानते हैं। जब उसके लिए बजट रखते हैं तो वन टाइम ट्रेल्स बनाने से नहीं होगा। एक बार ट्रेल्स बनाने के बाद उसको मेंटेनेंस के लिए भी बजट का प्रावधान होना चाहिए।

HON. CHAIRPERSON: Your point is well taken. Thank you.

Now, Shri G. Lakshminarayana ji.

… (*Interruptions*)

डॉ. इन्द्रा हांग सुब्बा : सभापति महोदय, इसको लॉन्ग टर्म तक लाया जाए।

HON. CHAIRPERSON: Please conclude.

DR. INDRA HANG SUBBA : Sir, I am making a last point. अभी बर्ड वाचिंग की बात की गई। I am very happy कि आंध्र प्रदेश और तेलंगाना को मिला। It is very good. लेकिन, नॉर्थ-ईस्टर्न स्टेट बर्डिंग का हॉट स्पॉट है। वहां मोर दैन 800 स्पीसीज मिलते हैं। आपको केवल सिक्किम में 600 से ज्यादा बर्ड स्पीसीज मिलेंगे।

HON. CHAIRPERSON: You have already made your point. Thank you.

… (*Interruptions*)

डॉ. इन्द्रा हांग सुब्बा : सभापति महोदय, बजट में जो प्रावधान है, उसमें सिक्किम को शामिल नहीं किया गया। इसके साथ ही मैं इस बजट का समर्थन करता हूं। मैं गवर्नमेंट ऑफ इंडिया को बहुत-बहुत धन्यवाद देते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।

HON. CHAIRPERSON: You have already mentioned your point. Thank you.

Shri G. Lakshminarayana ji.

***SHRI G. LAKSHMINARAYANA (ANANTAPUR):** Thank you Chairperson Sir for giving me this opportunity to speak on general budget for the financial year 2026-27. I congratulate our finance minister Smt. Nirmala Sitaraman for

* English translation of the speech originally delivered in Telugu.

presenting budget for the 9th time. Under the able leadership and vision of our Prime Minister, we have a budget which balances public welfare and expenditure, which is strengthening the foundation for Viksit Bharat. Increase of 5.5% in the budget outlay clearly reflects the government's commitment towards long term and comprehensive development. This budget not only reflects national interest but also reflects regional aspirations of my district. I represent Anantapur district of Andhra Pradesh. Though the weather conditions are not favourable, this region is displaying patience and resolution. Anantapur is known as fruit bowl of Andhra Pradesh and agriculture is not just a source of economy but it's a way of life in this region. In this context I would like to thank on road prime Minister for recognizing efforts of people of Anantapur in water conservation. In order to double the income of farmers government has identified 100 districts with low income as part of Pradhan Mantri Dhan Dhanya Krishi Yojana and I am happy that Anantapur is in that list of low income districts. This program helps in facing challenges of productivity, post harvest losses and diversification of crops. AI based multilingual platform Bharat Vista well provide information about hostile weather conditions and good farming practices to help farmers in increasing productivity.

Sir, our farming should be integrated with markets, in this context I appreciate recently signed trade deal, which is being helmed as 'mother of all deals' with European Union. By providing good market for fruits, vegetables, masalas and sea products, we can increase exports of Indian food products. In the present global scenario of commerce and trade, Anantapur has immense

potential to grow as a horticulture export hub.

To realise this goal we will have to provide infrastructure facilities for food processing and also to operate air strips to transport perishable goods. Economic growth should result in employment opportunities. Rayadurgam and Paamidi are famous for jeans and nightwear, which can make Anantapur a centre for textile manufacturing. Due to industrial decline, there were job losses which resulted in migration.

Andhra cooperative spinning Mills was established in 1951 in Guntakal which provided employment for 1500 persons. This mill was shut down in 1991 and some other MSMEs were also closed. In this context, I request the government to create mega textile parks by using land of Andhra cooperative spinning Mill in Guntakal. This step will not only revive industries in this region but also create employment opportunities. Sir we should also take care of our heritage. Government's initiative to identify 15 archaeological sites as destinations of Heritage is commendable. I request the government to include Gutti Fort as destinations of Heritage. This fort is extended over 986 acres of land and was under protected sites since 1921. Though this site has a huge potential to represent our heritage and attract tourists, it is being subjected to negligence. By providing funds for its development, we can develop this site as a place for tourist attraction and heritage center. Previous government started lift irrigation project in Rayalaseema region without permission and later, that project was shelved. They did not try to take permission from the union government nor they mentioned about this project in either Houses. Previous

government completely neglected Rayalaseema region and did not provide any opportunities of growth, they also neglected lifeline of Andhra Pradesh - Polavaram project and did gross injustice to the people of our state. In this situation our honorable Chief Minister Nara Chandrababu Naidu with the cooperation from our prime Minister Shri Narendra Modi is reviving Polavaram project and is also taking steps to complete Handrineeva Sujala Sravanthi project in Rayalaseema, which has completed 750 kms which took krishna river waters upto Kuppam.

That project was provided with 1600 crores in last financial year to complete it. This project is catering to the needs of drinking water, irrigation and industrial needs. Kadapa, Kurnool, Chittoor and Anantapur districts are presently getting 40 TMCs of water and I request the Union Government to increase that quantity to 60 TMCs. Rayalaseema region is a drought prone region and as there are proposals to set up food processing units in Rayalaseema which are water intensive industries, we need more water. For this, we need additional budgetary allocations. Our chief minister is trying to address challenges that are being faced by our state with the help of union government. We will have to set up good industries to promote production and I appreciate increase of budget for electronics manufacturing from Rs 22,900 crores to Rs 40,000 crores.

Our chief minister is referring to potential of Electronics manufacturing industries in Sri City, Kopparti and Hindupur, promoting these industries will reduce our dependence on imports and will also provide quality employment

opportunities in our country. To see industrial development, we will have to reduce logistics expenditure and for this I request the government to develop multi-modal logistics park in Anantapur. I fully support this budget as I see progress of our country under the leadership of our Prime minister Shri Narendra Modi ji. This government is moving ahead as a reformist and is also ensuring growth. With the help from Union and State governments, I believe that Anantpur will play an important role in our journey towards realising the goal of Viksit Bharat. Thank you so much sir.

माननीय सभापति : श्री चन्द्र शेखर जी।

एडवोकेट चन्द्र शेखर (नगीना) : धन्यवाद सभापति जी, आपने यूनियन बजट पर मुझे अपनी बात रखने का मौका दिया।

मैं सर्वप्रथम बहुजन समाज में जन्मे सभी संतों, गुरुओं और महान पुरुषों को नमन करता हूँ। उनमें भी राष्ट्रपिता ज्योतिबा फुले, छत्रपति साहू जी महाराज, बाबा साहेब अम्बेडकर, मान्यवर साहब श्री कांशीराम, मान्यवर दीना बाना वाल्मिकी और मान्यवर महामना रामजी वर्मा जी को नमन करता हूँ और अपने संसदीय क्षेत्र नगीना की जनता का आभार प्रकट करता हूँ, जिन्होंने मुझे चुनकर यहां भेजा है।

सभापति जी, बजट केवल एक आर्थिक दस्तावेज नहीं होता है, बल्कि यह सरकार की सोच, संवेदनशीलता और सामाजिक प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब होता है। बजट यह तय करता है कि देश का विकास समावेशी होगा या चुनिंदा और सत्ता में बैठे लोग सबको साथ लेकर चलना चाहते हैं या कुछ लोगों को पीछे छोड़ देना चाहते हैं। विपक्ष के नाते हमारा कर्तव्य है कि हम सत्ता पक्ष से सवाल पूछें और कमियों की ओर ध्यान दिलाएं और देश के उन वर्गों की आवाज बनें, जो इस सदन में अक्सर आंकड़ों में गुम हो जाते हैं। लेकिन माननीय सभापति जी असली सवाल यही से शुरू होता है कि क्या यह बजट देश के गरीब, पिछड़े, दलित, आदिवासी, ओबीसी, अल्पसंख्यक और

वंचित वर्गों की वास्तविक जरूरतों को समझता है।

मान्यवर, इस बजट में आर्थिक विकास की बातें अधिक हैं, लेकिन सामाजिक न्याय की आत्मा कमजोर है। आज देश का सबसे बड़ा संकट बेरोजगारी है। हर साल लगभग एक करोड़ युवा रोजगार बाजार में आते हैं, लेकिन स्थायी और सम्मानजनक नौकरियां उस अनुपात में पैदा नहीं हो रही हैं। इस बजट में स्किलिंग की बात कही गई है, लेकिन स्किलिंग के बाद जॉब की गारंटी नहीं है। विशेष रूप से एससी, एसटी और ओबीसी समुदाय के युवाओं के लिए कोई अलग से लक्षित रोजगार योजना दिखाई नहीं देती है। देश की लगभग 45 प्रतिशत आबादी, जो कृषि पर निर्भर है, उसमें एससी, एसटी और ओबीसी समुदाय की भागीदारी सबसे अधिक है। लेकिन कृषि और जीडीपी में किसान की औसत आय का योगदान 15 प्रतिशत से कम है, लेकिन फिर भी एमएसपी की कोई गारंटी सरकार की तरफ से नहीं दी गई है।

सभापति जी, महंगाई का सबसे बड़ा असर गरीब, दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्गों पर पड़ता है। आर्थिक सर्वे के अनुसार शिक्षा और स्वास्थ्य की लागत पिछले पांच वर्षों में 30 से 40 प्रतिशत बढ़ी है। खाद्य वस्तुओं की कीमतें गरीब परिवारों की थालियों को छोटा कर रही हैं, लेकिन इस बजट में इन वर्गों के लिए कोई सीधी राहत दिखाई नहीं देती है।

सभापति जी, एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग मुख्य रूप से सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था पर निर्भर है, लेकिन भारत आज भी स्वास्थ्य पर जीडीपी का केवल दो प्रतिशत खर्च करता है और ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में डॉक्टरों और अस्पतालों की भारी कमी है। इस बजट में सार्वजनिक स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए कोई निर्णायक वित्तीय छलांग नहीं है।

सभापति जी, शिक्षा वह माध्यम है, जिससे सामाजिक असमानता टूटती है, लेकिन इस बजट में शिक्षा पर खर्च जीडीपी का लगभग तीन प्रतिशत के आसपास है। एससी, एसटी और ओबीसी के छात्रों की छात्रवृत्ति में देरी और अनिश्चितता बनी हुई है और शिक्षा गरीब परिवारों की पहुँच से बहुत दूर है। यह स्थिति समान अवसरों की अवधारणा को कमजोर करती है।

सभापति जी, एससी, एसटी और ओबीसी के कल्याण की सबसे बड़ी जिम्मेदारी राज्यों के

पास होती है, लेकिन राज्यों के हिस्से की धनराशि सीमित है। केंद्र द्वारा योजनाओं का अधिक बोझ संघीय ढाँचे को कमजोर कर सामाजिक न्याय को मजबूत नहीं किया जा सकता।

सभापति जी, विपक्ष केवल आलोचना के लिए ही नहीं है, बल्कि हम समाधान भी प्रस्तुत करते हैं। हमारी मांग है कि एससी, एसटी और ओबीसी के लिए लक्षित रोजगार मिशन चलाया जाए, छात्रवृत्तियों का समयबद्ध और कानूनी प्रावधान किया जाए, शिक्षा और स्वास्थ्य पर जीडीपी का न्यूनतम छह प्रतिशत खर्च हो, आरक्षित वर्गों के लिए विशेष उद्यमिता और एमएसएमई पैकेज दिए जाएं और आदिवासी और पिछड़े जिलों के लिए विशेष सामाजिक-आर्थिक विकास योजना चलाई जाए।

सभापति जी, यह बजट आर्थिक विकास की बात तो करता है, लेकिन इसमें सामाजिक संतुलन और न्याय की भावना कमजोर दिखाई देती है। विपक्ष के नाते हम कहना चाहते हैं कि हम विरोधी नहीं हैं, लेकिन हम बहिष्करण और उपेक्षा के विरोधी हैं। जब तक एससी, एसटी, ओबीसी और वंचित वर्ग विकास की मुख्यधारा में बराबरी से शामिल नहीं होंगे, तब तक "विकसित भारत" एक अधूरा सपना ही रहेगा।

सभापति जी, सरकार 100 स्मार्ट सिटीज़ बनाने की बात करती है, लेकिन आज भी भारत में सफाई कर्मचारी या संविदाकर्मी गटर में उतरता है। मैं सरकार से पूछना चाहता हूँ कि हम चांद पर पहुंच गए हैं, लेकिन अपने भाइयों की सुरक्षा और तकनीकी मशीनें उनको अभी तक उपलब्ध क्यों नहीं करवा पाए हैं? प्रमोशन में रिजर्वेशन एससी, एसटी और ओबीसी कर्मचारियों को नहीं मिल रहा है। उनको पुरानी पेंशन मिलनी चाहिए, लेकिन उस पर सरकार ने कोई जवाब नहीं दिया है।

सभापति जी, बिजली के दाम उत्तर प्रदेश में देश की अपेक्षा ... (व्यवधान) सर, मैं जल्दी ही अपनी बात खत्म करूंगा। हमें महामहिम राष्ट्रपति जी के भाषण पर भी बोलने का मौका नहीं मिला था। आज 12 दिनों के बाद मुझे मौका मिला है। मेरी कुछ मांगें हैं। अन्य राज्यों की तुलना में उत्तर प्रदेश में बिजली के दाम ज्यादा हैं, जिससे किसान, बुनकर, छोटे उद्योग और आम उपभोक्ता

प्रभावित होते हैं। जब चुनाव आता है तो सभी जगहों पर गैस सिलेंडर 500 रुपये का हो जाता है और चुनाव के बाद 1000 रुपये का हो जाता है। इस तरह से गरीबों का मजाक उड़ता है।

सभापति जी, एक रुपये लीज पर पूंजीपतियों को जमीन दी जा रही है। क्या ऐसी कोई योजना गरीबों के लिए भी आएगी? एससी, एसटी, ओबीसी और माइनोरिटी के लिए भी क्या ऐसी योजना आएगी, जिससे उनको भी जमीन मिल जाए? इसके साथ ही साथ सरकार तमाम धार्मिक आयोजनों पर बजट देती है, लेकिन एससी, एसटी और ओबीसी के जो महापुरुष हैं जैसे बुद्ध पूर्णिमा का कार्यक्रम होता है, रविदास जयंती पर कार्यक्रम होता है, अम्बेडकर जयंती, ज्योतिबा फुले, पेरियार और बिरसा मुंडा जयंती पर जो कार्यक्रम होता है, उन तमाम कार्यक्रमों के लिए कोई बजट नहीं दिया जाता है।

इसके अलावा एक विषय बीटी एक्ट का है। बौद्धों को बोधगया सौंपा जाना चाहिए। उनका बहुत दिनों से आंदोलन चल रहा है। अभी माता अहिल्या बाई होल्कर जी की मूर्ति तोड़ दी गई है। मध्य प्रदेश में बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर जी की प्रतिमा लगाई जा रही है, लेकिन उस पर सरकार ध्यान नहीं दे रही है।

माननीय सभापति : आप अपनी मांग रखिए।

एडवोकेट चन्द्र शेखर : सर, मैं अपनी मांग रख रहा हूँ। एक और प्रधान मंत्री आवास योजना का दावा है, लेकिन उत्तराखंड के नैनीताल जिले के हल्द्वानी में गरीब परिवारों को बेघर करने के उद्देश्य से मकान तोड़े जा रहे हैं। पंजाब में जो बाढ़ आई थी, उनके लिए कोई विशेष योजना नहीं है और जातिगत जनगणना में ओबीसी का कॉलम नहीं जोड़ा गया है।

सभापति जी, मेरे लोक सभा क्षेत्र नगीना में हस्तनिर्मित पेंटिंग ब्रश कुटीर उद्योग है। यह उद्योग पूरी तरह से हाथ से चलता है। यह दशकों तक करमुक्त रहा और करीब 50 परसेंट स्थानीय आबादी की आजीविका इसी पर निर्भर है। इस पर 18 परसेंट का टैक्स लगा रखा है। इसलिए मेरी मांग है कि उसको पांच परसेंट किया जाए। मेरी दो-तीन मांगें और हैं।

माननीय सभापति : आपने काफी मांगें रख दी हैं।

एडवोकेट चन्द्र शेखर : सर, मेरे नगीना लोक सभा क्षेत्र में रेलवे कनेक्टिविटी का विस्तार किया जाए। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों की हालत बहुत ज्यादा खराब है। वहां पर आईआईटी, आईआईएम और एयरपोर्ट की मांग पिछली बार भी उठाई गई थी।

अंत में मैं एमएसएमई के बारे में बोलना चाहता हूँ। मेरे लोक सभा क्षेत्र में एमएसएमई का एक भी प्रोजेक्ट नहीं लगा है। ऐसा लगता है कि हम विपक्ष के लोग हैं तो हमारे क्षेत्रों के लिए कोई योजना ही नहीं है।

माननीय सभापति : माननीय सदस्य, "सबका साथ, सबका विकास" के साथ काम हो रहा है।

एडवोकेट चन्द्र शेखर : सर, मैं कौशल विकास के बारे में बोलना चाहता हूँ। मेरे लोक सभा क्षेत्र में युवाओं के लिए आधुनिक स्किल डेवलपमेंट सेंटर स्थापित किया जाए। लोकतंत्र की ताकत सवाल पूछने में है और संसद की गरिमा कमजोरों की आवाज उठाने में है।

मैं अंत में, यह कहना चाहता हूँ कि एससी, एसटी और ओबीसी पर अन्याय कब रुकेगा? … (व्यवधान)

माननीय सभापति : श्री कल्याण बनर्जी।

… (व्यवधान)

SHRI KALYAN BANERJEE (SREERAMPUR): Sir, the Union Budget of 2026-2027 is full of sound and fury. It is faceless, directionless, visionless, missionless and actionless. The Budget is anti-poor, anti-youth, anti-women and anti-farmer. The Budget is anti-Scheduled Caste, anti-Scheduled Tribe and OBC. The economy is derailed.

Sir, West Bengal has been deprived of its due fiscal allocation for major centrally-sponsored schemes. Funds allocation of MGNREGA was completely stopped while allocation for food subsidy, National Health Mission and Samagra Shiksha Abhiyan was stopped on irrational grounds. This has

created extreme hardships for the people of Bengal. Bengalis are being deprived each and every moment in West Bengal.

Normal developmental momentum gets impacted, especially for our State, which is periodically hit by heavy rain, flash floods and cyclones. When funds under Pradhan Mantri Awas Yojana was stopped from the Government of India, this State Government took up the challenge and started its own Banglar Bari.

13.00 hrs

We have now covered more than 32 lakh households under this scheme. As on today, total fund due from the Government of India is Rs. 1,97,000 crore. Out of this, major shortfalls are in MGNREGA –– Rs. 43,014 crore, Samagra Shiksha Abhijan — Rs. 19,045 crore, and National Health Mission which — Rs. 4,565 crore. In the Union Budget 2025-26, the Jal Jeevan Mission received a significantly enhanced allocation of Rs. 67,000 crore as per the budget document. In reality, West Bengal has not received a single rupee under the Jal Jeevan Mission during 2025-26 so far.

Our Chief Minister had repeatedly brought this to the notice of the hon. Prime Minister and wrote to him several letters drawing his personal attention to the shortfall in devolution of funds under several Centrally sponsored schemes. However, there was no response and the partial and irrational behaviour of the Government of India continued. Our hon. Chief Minister also wrote to the hon. Prime Minister several letters regarding the flood problem in West Bengal and the urgent need to adopt a comprehensive approach and

funding support. However, we are left alone in this serious battle. So many letters have been written. This is a bunch of letters I am having. But unfortunately, the hon. Prime Minister did not feel to give any answer to a single letter and did not allocate a single rupee.

Sir, the hon. Finance Minister in her speech did not mention Bengal even once. The omission is not a mistake. It is a message of ignoring Bengal. Of course, she only knows that they are again going to lose Bengal with a big number of seats. They will not reach even 30 seats. They know that. Therefore, Bengal has been ignored, Bengalis have been ignored.

Sir, there was a mention of Dankuni Freight Corridor in the Budget. When our hon. Chief Minister, Mamata Banerjee ji, was Railway Minister, she envisioned this corridor years ago. She herself presented the Railway Budget in 2009. Today, it is repeated again as if repetition is an achievement. The promise has been pending for 15 years and is not a new announcement in the Union Budget so far as Dankuni Corridor Complex is concerned.

While the Budget has mentioned three economic corridors, the West Bengal Government has already announced six of them. One of them will connect Dankuni, Bardhaman, Bankura, Durgapur and Purulia. The other will connect Kalyani, Bardhaman, Birbhum, Malda, Siliguri and Cooch Behar. The State Government has already started working on these projects. We started it and they are announcing it now. This is the fun of the things.

Sir, Bengal has become the hub of various industries, including cement, coal and leather. Even Flipkart and Amazon are also doing business in and

around Dankuni within my constituency, Kalyani and other places. The hon. Finance Minister mentioned ‘Kartavya’ to fulfil the aspirations of the people by making them strong partners in India's prosperity. But you intend to fulfil the aspirations of selective people while the common people suffer. Ten crore people of Bengal are being branded as Bangladeshi by the Prime Minister and the hon. Home Minister. Due to the unplanned SIR, 127 deaths have happened. There are 1.36 crore cases of logical discrepancies that have been recorded and 32 lakhs unmapped cases are there in West Bengal. This takes the total number to 1.65 crore. Now, since we have moved the hon. Supreme Court, every day the Supreme Court is interfering with the matter of SIR and giving directions, one after another, so that not a single eligible voter is deleted from the final voter list. This is the stand that has been taken by our hon. Chief Minister. This is the stand that has been taken by our General Secretary, Abhishek Banerjee. This is the stand of crores and crores of Trinamool Congress workers in the State of West Bengal.

The problem with the Budget is not only what it allocates or not. The bigger problem is the governance culture. It represents that the announcements are plentiful but implementation is scarce. For West Bengal, in particular, the budget gaps are political fodder. Virtually, there is no direct benefit to the State and there is a notable exclusion. For example, Bengal's mineral reserves are left out of development plans. This has amplified the Opposition’s charge of the Centre's bias and neglect toward non-BJP States, reinforcing a narrative of an anti-federal budget. No special financial package

or major new projects for West Bengal were announced. Flagship women schemes like ‘Beti Bachao, Beti Padhao’, etc., were largely steady and there was no special package for women's safety or health, aside from continued funding of existing programmes.

Our Chief Minister, Mamata Banerjee ji has condemned the Budget by referring to it as ‘anti-women’, arguing that women received nothing substantially new. It is noted that the Budget lacked new measures for the welfare of Scheduled Castes and Tribes, beyond scholarships, and is called ‘against the Scheduled Castes and Scheduled Tribes’.

Sir, the most striking difference in previous year’s Budget and this year’s Budget is the capital expenditure in defence sector, which funds modernisation, acquisition, and domestic manufacturing. But in terms of budget expenditure, the percentage is reduced to 14.67 this year against 16.86 in 2020-21. The allocation for Department of Space is 0.26 per cent in 2026-27 against 0.48 per cent in 2020-21.

Sir, everybody is concerned regarding the border areas. When this country is facing problems on the borders – whether it is the China border, the Pakistan border, or the Bangladesh border – at that point of time, you are allocating funds by reducing the Budget.

Sir, it is not that the writer writes a book and that is all. The writer gives it for publication. … *(Interruptions)* When the publication comes into the public domain, it is for the reader to pass comments. … *(Interruptions)* What is this? … *(Interruptions)* Kindly allow us to speak. … *(Interruptions)* What is this?

Please allow us to speak. … *(Interruptions)* Sir, once it has come into the public domain, the public will criticise it.

HON. CHAIRPERSON: Please conclude now.

SHRI KALYAN BANERJEE: Sir, please allow me to speak. The time allocated to my party is not yet finished. Kindly allow me to speak.

It is for the reader to pass their comments, not for anybody else to decide. The question is whether that manuscript has come into the public domain or not.

The question is not whether it has been published or not.

HON. CHAIRPERSON: Kindly conclude now.

SHRI KALYAN BANERJEE: The question is whether the contents of that manuscript have been challenged by the hon. Defence Minister or not. That is the question. The question is not whether it was published or not.

HON. CHAIRPERSON: Kindly conclude now. You have already taken 10 minutes.

… *(Interruptions)*

श्री कल्याण बनर्जी : सर, आप मेरी बात सुनिए।

HON. CHAIRPERSON: I would request you to conclude now. I have already given you 10 minutes.

श्री कल्याण बनर्जी : सर, आप मुझे बाहर डार्लिंग बुलाते हैं और यहां टाइम नहीं देते हैं, ऐसा क्यों है? सर, डार्लिंग को बोलने के लिए टाइम तो दे दीजिए।

HON. CHAIRPERSON: I am in the Chair. I cannot favour you like this. I have already given you ten minutes.

श्री कल्याण बनर्जी : सर, देश को चार आदमी कंट्रोल कर रहे हैं। दो आदमी देश की प्रोपर्टी बेच रहे हैं और दो आदमी उसको खरीद लेते हैं। ये चारों आदमी गुजरात से आते हैं।

HON. CHAIRPERSON: Kindly conclude now.

SHRI KALYAN BANERJEE: Sir, this Union Budget has deprived the State of Bengal. The people of Bengal, in the ensuing elections, will give an appropriate answer, and we will find that the BJP is non-existent in the State of Bengal.

HON. CHAIRPERSON: Now, Shri Rahul Gandhi ji.

SHRI K. C. VENUGOPAL (ALAPPUZHA): Sir, the hon. Finance Minister is not here. … *(Interruptions)*

HON. CHAIRPERSON: The hon. Finance Minister is already here.

… *(Interruptions)*

HON. CHAIRPERSON: You are a very senior Member. It is the collective responsibility of the Government. The Minister of State in the Ministry of Finance, Shri Pankaj Chaudhary ji is here; the hon. Minister of Parliamentary Affairs is here; the hon. Minister of Railways is here.

… *(Interruptions)*

SHRI K. C. VENUGOPAL: Sir, this is a Budget Discussion. … *(Interruptions)*

HON. CHAIRPERSON: The hon. Minister will certainly come. The Minister of State in the Ministry of Finance is already present here.

… *(Interruptions)*

संसदीय कार्य मंत्री; तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्री (श्री किरेन रिजिजू) : आप बिना किसी मतलब के पॉइंट बनाते रहते हैं।

SHRI K. C. VENUGOPAL: Whenever the Leader of the Opposition speaks in

the House, particularly during the Budget Discussion, the presence of the hon. Finance Minister is a convention.

HON. CHAIRPERSON: The Minister of State in the Ministry of Finance is already present here.

Now, Shri Rahul Gandhi.

SHRI K. C. VENUGOPAL: Sir, the Finance Minister is not present here. … *(Interruptions)*

HON. CHAIRPERSON: You kindly take your seat.

… *(Interruptions)*

SHRI K. C. VENUGOPAL: You decide whatever you want. … *(Interruptions)*

HON. CHAIRPERSON: No, I am not.

… *(Interruptions)*

SHRI KIREN RIJIJU: No, please do not use this word. *... (Interruptions)* He cannot decide whatever he wants. *... (Interruptions)* Venugopal ji, you are a senior person. How can you make this statement against the Chair? *... (Interruptions)* There is collective responsibility. *... (Interruptions)* We are all Members of the Cabinet. *... (Interruptions)* MoS is sitting there. The hon. Minister will be coming soon. Do not make an issue on this thing. This is just a minor thing. *... (Interruptions)* We do not know when Rahul Gandhi is coming. *... (Interruptions)* First he said that he is coming at 12. *... (Interruptions)* There is a discussion going on parallelly in the Rajya Sabha. Do not make this an issue. The Leader of the Opposition is going to speak. We came to know it later. We were not aware of it. We are here to listen. *... (Interruptions)*

SHRI RAHUL GANDHI (RAEBARELI): Thank you, Chairperson, Sir, for letting me speak today on the Budget. Thank you, Rijiju ji, for your comments. I appreciate them. Sometime back, Rijiju ji asked me, “How do I keep fit?” Do you recall that? And, I mentioned to him that I do Jiu-Jitsu and martial arts. Lots of people in India, particularly youngsters, do martial arts. MMA is becoming very popular. Judo is there. Jiu-Jitsu is there. There are many different types of martial arts.

सर, मार्शल आर्ट की जो फाउंडेशन होती है, वह ग्रिप से शुरू होती है। जब हम शुरूआत करते हैं तो हम अपोनेंट पर ग्रिप लेते हैं, ग्रिप लेने की कोशिश करते हैं। ग्रिप नहीं होती है तो कुछ नहीं होता है।

माननीय सभापति : आज आप बहुत अच्छी बात कह रहे हैं।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : हम इनको सपोर्ट कर रहे हैं।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : आप इनको बोलने दीजिए। मैं चेयर पर हूं। मैंने कहा कि आप अच्छी बात कह रहे हैं। ऐसे ही आपको राष्ट्रपति अभिभाषण पर भी बोलना चाहिए था।

… (व्यवधान)

श्री राहुल गांधी : सर, थोड़ा सा क्रिएटिव फ्रीडम तो दे दीजिए।

सर, शुरूआत ग्रिप से होती है। ग्रिप के एकदम आने के बाद लक्ष्य होता है कि चोक में जाएं। पहली ग्रिप लें, दूसरी ग्रिप लें और एकदम चोक में जाएं। चोक में गए और पकड़ लिया। चोक का फोकस गला होता है। … (व्यवधान) हम बजट की ही बात कर रहे हैं। मैं बजट पर आ रहा हूं।

माननीय सभापति : ये राष्ट्रपति अभिभाषण पर नहीं बोले थे। अब वह बात भी बोल ले रहे हैं। कोई दिक्कत नहीं है।

श्री राहुल गांधी : सर, पूरा फोकस ग्रिप पर होता है और ग्रिप से लड़ाई शुरू होती है। ग्रिप से हम चोक में जाते हैं। जब आदमी के हाथ में चोक आ जाता है, ग्रैपलिंग में जो अपोनेंट होता है, उसकी आंख में दिख जाता है। दिख जाता है, बात समझ में आ जाती है कि अब मैंने इसको पकड़ लिया है। होता क्या है कि वह पहले रेसिस्ट करता है। वह दो-तीन बार रेसिस्ट करता है और फिर उसको भी पता लग जाता है कि मैं गया। उसके बाद वहां पर बात खत्म हो जाती है। वह सरेंडर करके टैप कर देता है। यह मार्शल आर्ट्स का सेंटर पीस है। ग्रिप से चोक और चोक से टैप। यह आप किसी भी एमएमए से पूछ लीजिए, किसी भी जूडो वाले से पूछ लीजिए, काम ग्रिप से शुरू होता है।

सर, ग्रिप राजनीति में होती है। ग्रिप बिजनेस में, पॉलिटिक्स में भी होती है। जुजुत्सु में ग्रिप दिखता है कि हाथ कहां है और चोक कैसे लगा है, लेकिन राजनीति में नहीं दिखती है। कहां, किसने ग्रिप ले रखी है और कहां चोक लग रहा है, वह दिखता नहीं है। वह छुपा रहता है। That is the starting point.

Sir, I was looking at *the Economic Survey*, and I found two points there, solid points, profound points, that I liked. The first point is that we are living in a world of intensifying geopolitical conflict. मतलब, जो पुराना सिस्टम था, यूएस बेस्ड सिस्टम था, डॉलर बेस्ड सिस्टम था, जो यूनिपोलर सुपर पावर था, उस सिस्टम को चैलेंज किया जा रहा है।

The dominance of the United States is being challenged by the Chinese, by the Russians, by other forces. And the second thing, also a profound thing, is that we are living in a world of energy and finance weaponisation. मतलब एनर्जी को और फाइनेंस को हथियार बना दिया गया है। The main thing they are saying here is that we are moving from a world of stability to a world of instability. The Prime Minister stated and the NSA stated, shockingly, some time back, that

the era of war is over. In fact, we are moving into the era of war. You can see, war is there in Ukraine, war was there in Gaza, war is there in the Middle East, threat of war is there in Iran, and we had Operation Sindoor. So, we are moving into a world of instability.

The dollar is being challenged. The central game, as my friends on the other side understand, is that the dollar is being challenged. The US supremacy is being challenged. We are moving from a world of one superpower to some new world that we really cannot predict, maybe two superpowers, maybe multiple powers, and it is an unstable world. That is what you have said in your *Economic Survey*, and I agree with it 100 per cent.

At the centre of this fight is the concept of AI. Everybody says that we are moving into the era of AI. And I would like to warn the Government that AI is going to have many, many consequences. One consequence of AI is going to be that something that we relied on. The Congress Party and the UPA built the entire Indian IT industry, companies like Infosys, companies that are at the forefront of information technology, are going to struggle. They are going to be challenged. The idea of becoming a software engineer, which is a very popular idea in India, is going to be challenged. Lots of our software engineers are going to be replaced by AI. Why I am saying this is because we are moving into a turbulent world, a dangerous world. Now, when you move into a dangerous world, what is the first thing that you have to understand? The first thing you have to understand is what are your strengths as a person and as a nation. So, I would like to say to the House here what I think are the strengths

of our great country. And I would say that the central strength is our people, 1.4 billion people, brilliant, energetic, dynamic, who can challenge anybody in the world. This is our biggest strength. But it is not only the people because in the 21st century, a very interesting thing has happened. People create data. So, we have the biggest data pool on the planet. 1.4 billion people means massive amount of data is being generated in India and data is wealth.

Everybody talks about AI but talking about AI is like talking about the internal combustion engine without talking about petrol. The petrol for AI is data.

So, let me repeat that. The petrol for AI is data, meaning if you have AI and you do not have data, you have nothing. If you have AI and you do not have data, you have nothing. Now, which are the two biggest pools of data on the planet? The Indian pool of data and the Chinese pool of data. They also have 1.4 billion people. We have bigger population than they have. We allow more freedom. We allow our people to do more dynamic things. So, we have in fact more interesting data.

What is the second strength? And what do you need in difficult times? You need food. Who produces our food? Our *kisans* produce our food. Our labourers produce our food. This is what gives us strength. This is what allows that data to be produced. This is what allows that brilliance to be generated. We fought for food security. Food is abundant today. So, that is the second thing.

Then comes the third thing. What do you need to run a modern country?

You need energy. You need fuel. You need petrol. So, these are the three things that need to be protected in turbulent times – our people and our data; our food supply, the ability to produce food; and our energy system. Now, what is interesting to me is that the Budget recognizes these things. The Budget recognizes that we are entering a dangerous time, with intensifying geopolitical conflict. The Budget recognizes that energy and finance are being weaponized all across the world. The dollar is being weaponized. The dollar is weakening in value. Gold and silver prices are going up. Everybody can see this. But there is nothing in the Budget. There is absolutely nothing in the Budget that looks into these two issues. There is nothing in the Budget about the weaponization of energy and finance. There is nothing in the Budget about the intensifying geopolitical conflicts and what we are going to do about them. The Budget reads like any of their earlier Budgets.

A Budget, of course, comes once a year. But in parallel to the Budget, something new has happened – the U.S. deal. We have made a deal with the United States. Now, one thing I would like to make very clear – and this is something that is not well understood – that in a contest between the United States and China, the single most valuable asset is Indian data. Please understand what I am saying. It is very profound. If the Americans want to remain a superpower and if the Americans want to protect their dollar, the key to that lies in Indian data. Why? It is because the Chinese have a data pool of 1.4 billion people. You can take European data, you can take African data, you can take American data, and add it all together. It does not compete with

Chinese data. So, what is the real fight that is taking place? I am saying, what is our strength? If India is going to the table, then what do we put on the table? What do we say? Listen, this is what we bring to the table. What we bring to the table is beautiful – our people: their wisdom, what they do, their likes and dislikes, their imagination, their fears. In the 21st century, this suddenly has value. In the 20th century, it had no value. I remember so many people saying that population is a burden, that population is a disaster. No. Population is the biggest asset you can have. It is a strength. But it is only a strength if you recognize that data is important.

Now, what is surprising to me is what happened in the deal. If the INDIA alliance had been negotiating with President Trump, I will tell you what we would have said.

The first thing that we would say is: President Trump, the most important thing in this equation is the Indian data. You want to protect your dollar. We are your friends. We appreciate you. We want to help you protect your dollar. But please remember that if you want to protect your dollar, the biggest asset that can protect your dollar is lying with the Indian people. This is the first thing.

The second thing that we would say is: President Trump, if you want access to this data, then please understand that you are going to talk to us as an equal. You are not going to talk to us as if we are your servants.

The third thing that we would say is: Mr. Trump, please understand that our energy security is our energy security, and no matter what happens we are going to protect our energy security.

The fourth thing that we would say is: President Trump, we understand that you have an agricultural voter base. We understand that you need to protect your farmers, but we will also protect our farmers.

The main thing that I am saying is that an INDIA-Alliance Government would go there and say that data is our biggest strength. Now, let us talk, meaning we would go there as equals. We would not be made equal to Pakistan, and if President Trump decided that Pakistan Army Chief is going to have breakfast with him, then we would have something to say about that.

Now, what has happened? You have done a trade deal. It is written in small in the back. Now, let me tell you what is written about data, our most valuable asset, the thing that is going to transform India in the 21st century and the thing that is going to make us a superpower in the 21st century.

***DR. THOL THIRUMAAVALAVAN (CHIDAMBARAM):** Hon Chairperson Sir, Vanakkam. I wish to state at the outset that this Budget is against the marginalised sections of the people of this country. This Budget is betraying farmers and labourers. This Budget betrays in a targeted way the States which are not ruled by BJP or the States which cannot be ruled by BJP.

There is no new Scheme that is announced for Tamil Nadu in this Budget. An amount of Rs. 3542 Crore which is allocated for Samagra Shiksha Abhyan has already been denied for Tamil Nadu. An amount of Rs 3100 Crore demanded by Tamil Nadu under Jal Jeevan Mission has not yet been

* English translation of the speech originally delivered in Tamil.

released. No new Schemes have been announced for Tamil Nadu. All the States have requested the 16th Finance Commission for increasing the share of devolution of funds from the tax revenues collected by the Union to 50 per cent. But the 16th Finance Commission has decided to allocate only 41 per cent. This Union Government has tried to follow this recommendation. If you see in this regard, it would be just 4 per cent for Tamil Nadu.

I wish to state that it is as a matter of concern that amount has also been reduced by Rs. 1200 crore in this Budget now. The proposal for having Metro Rail projects in Coimbatore and Madurai was earlier accepted and now rejected. This is again perturbing us. Similarly, Hosur is an important area near Dharmapuri. Industrial development is taking place in Hosur. Setting up of an airport is an important demand of the people of this area. But that demand has also been denied. It raises a doubt that whether the Union Government is working with an intention of not allowing Tamil Nadu to develop. Another doubt is whether Tamil Nadu is a State in India or not.

You have announced 100 day employment guarantee Scheme. You have also announced that the number of man days has been increased from 100 to 125. But you have amended the guidelines of this Scheme by not allowing developed States like Tamil Nadu to implement this 100 day employment guarantee Scheme. Tamil Nadu is a developed State. You have changed the guidelines as if there is no need for implementing this Scheme in Tamil Nadu. Tamil Nadu is number one State in India in the fields of education, health and industrial development. This Government should have encouraged

the State of Tamil Nadu by providing funds and Schemes. But the Union Government intends to betray Tamil Nadu. This actually pains me.

When there were elections held in Bihar, several new Schemes were announced for that State, Thousands of Crores of Rupees were provided to the State of Bihar. But there is election due in Tamil Nadu this year. In that scenario, keeping in view the election that is due for Tamil Nadu, funds could have been allocated for expanding BJP's presence in Tamil Nadu. But you have not done so. They think that there will be no use in allocating funds to Tamil Nadu. BJP will not come to power in Tamil Nadu. BJP will never be able to win in Tamil Nadu. This indirectly shows their intention for not allocating any fund for Tamil Nadu. This is a matter of great concern. This is betrayal.

Adequate funds should have been allocated for MSMEs and Agriculture sectors which generate employment in large scale. But that was not done. The number of unemployed youth has risen in Tamil Nadu. There is increase in number of youth who approach private sectors for employment. It is matter of great concern that there is nothing in this Budget for providing employment. This is complete betrayal of Tamil Nadu by this Union government. This will be against the development of our entire nation.

This Budget should have been prepared with a view to get integrated development of all the States in our country. I on behalf of Viduthalai Siruthaigal Party, oppose this Budget which has completely betrayed Tamil Nadu.

Thank you for this opportunity. Vanakkam.

HON. CHAIRPERSON: The profit of the Budget goes to the common man, not to any party.

श्री बिद्युत बरन महतो (जमशेदपुर) : माननीय सभापति जी, मैं केंद्रीय बजट 2026-27 की चर्चा पर बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं आपका हृदय से आभार प्रकट करता हूं कि आपने मुझे इस महत्वपूर्ण यूनियन बजट पर अपने विचार व्यक्त करने का अवसर प्रदान किया। आज यह सदन ही नहीं, बल्कि देश का हर नागरिक गर्व के साथ यह कहता है कि 'मोदी है तो मुमकिन है'।

महोदय, जिस असंभव कार्य को वर्षों तक केवल नारा समझा गया, उसे माननीय प्रधान मंत्री जी ने अपने संकल्प, साहस और सुशासन के माध्यम से साकार करके दिखाया। इसका सबसे बड़ा सशक्त प्रमाण आज प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27 है। यह केवल आय-व्यय का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि विकसित भारत के निर्माण का एक दूरदर्शी रोडमैप है, जो हमें संकल्प से सिद्धि की ओर ले जाने वाला सशक्त मार्ग प्रशस्त करता है।

माननीय सभापति महोदय, जैसे ही हम विकसित भारत की बात करते हैं, वैसे ही विपक्ष के खेमे में बैचेनी और असहजता स्पष्ट दिखायी देने लगती है, क्योंकि इन्हें न तो विकास की गति रास आती है और न ही राष्ट्र की प्रगति।

माननीय सभापति महोदय, मैं माननीय प्रधान मंत्री जी और माननीय वित्त मंत्री जी का हृदय से अभिनंदन करता हूं कि उन्होंने आम करदाताओं को बड़ी राहत देते हुए आयकर स्लैब को यथावत बनाए रखने का ऐतिहासिक निर्णय लिया। यह कदम मध्यम वर्ग, वेतनभोगी वर्ग तथा युवा पेशेवरों को सशक्त बनाने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है।

महोदय, मैं वर्ष 2026-27 के इस बजट का पुरजोर समर्थन करते हुए कहना चाहता हूं कि यह बजट विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। सरकार द्वारा 53,47,315 करोड़ रुपये के व्यय का प्रस्ताव है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 7.7 प्रतिशत है। यह स्पष्ट करता है कि हमारी प्राथमिकता राष्ट्र निर्माण और जनकल्याण है। यह व्यय केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें गरीबों के आवास, किसानों की आय, युवाओं के

रोजगार और देश के बुनियादी ढाँचे को मजबूत करने की स्पष्ट झलक है।

माननीय सभापति महोदय, सरकार ने वर्ष 2026-27 के लिए 10 प्रतिशत की सांकेतिक जीडीपी वृद्धि दर का जो अनुमान रखा है, वह केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि देश की आर्थिक मजबूती और सही दिशा में चल रही नीतियों का जीवंत प्रमाण है। वास्तविक विकास और नियंत्रित मुद्रास्फीति के संतुलन के साथ यह अनुमान दर्शाता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक चुनौतियों के मजबूत आधार पर आगे बढ़ रही है।

महोदय, यदि इस बजट में देश के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की बात की जाए, तो यह बजट देश को विकसित बनाने, आत्मनिर्भरता को सुदृढ़ करने तथा रोजगार के नए अवसर सृजित करने एवं औद्योगिक पुनर्जागरण का स्पष्ट उद्घोष है। विपक्ष पूछता है कि रोजगार कहां है? मैं स्पष्ट कहना चाहता हूं कि रोजगार भाषणों से नहीं, कारखानों से बनता है, रोजगार घोषणाओं से नहीं, निवेश से बनता है।

माननीय सभापति महोदय, आज आप देखें 40,000 करोड़ रुपये इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण के लिए दिया गया, 10,000 करोड़ रुपये बायोफार्मा के लिए दिया गया, 10,000 करोड़ रुपये कंटेनर निर्माण के लिए दिया गया, वहीं सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 है। क्या ये रोजगार नहीं बनाएंगे? हम जब आत्मनिर्भरता की बात करते हैं, तो विपक्ष उसे जुमला कहता है, जबकि सच्चाई यह है, उनके समय में लाइसेंस राज था, हमारे समय में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस है। इनके समय में घोटाले थे, हमारे समय में ग्लोबल निवेश है। इस बजट के माध्यम से सरकार ने 12.2 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय का प्रावधान किया है, जो विकास की गति को नई दिशा देगा। इतिहास में पहली बार इतने बड़े स्तर पर अवसंरचना निवेश हो रहा है।

माननीय सभापति महोदय, फ्रैट कॉरिडोर, लॉजिस्टिक, हाई स्पीड कनेक्टिविटी यह घोषणा नहीं, यह डिलीवरी है। विपक्ष की समस्या यह है कि अब देश में विकास जमीन पर दिख रहा है। एमएसएमई सेक्टर को तत्कालीन यूपीए सरकार ने उपेक्षित किया। हमारी सरकार ने 10,000 करोड़ एमएसएमई ग्रोथ फंड और सुधार पर काम किया, जिससे छोटे शहरों के उद्योगों

को सीधी सहायता उपलब्ध होगी। हमारी सरकार छोटे उद्योगों को बोझ नहीं, बल्कि भारत की ताकत मानती है।

माननीय सभापति महोदय, जमशेदपुर और आदित्यपुर एमएसएमई का हब है। आदित्यपुर इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी 48 किलोमीटर रेडियस में फैली हुई है, जिसके अंदर दो हजार एमएसएमई इकाइयां थीं। उस समय साठ प्रतिशत उद्योग बंद पड़े थे। वहां केवल चालीस हजार लोग ही काम करते थे। वहां युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सीमित थे और लोग पलायन करने के लिए बाध्य थे। वर्ष 2014 के बाद माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में जब हमारी सरकार बनी, तो एमएसएमई क्षेत्र में आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया, तभी से धीरे-धीरे इस क्षेत्र में विकास की लहर देखने को मिल रही है। आज स्थिति यह है कि आईडा के लगभग सभी उद्योग कार्यरत हैं और इस उद्योग में लगभग साढ़े तीन लाख लोग रोजगार प्राप्त कर रहे हैं। यह परिवर्तन केवल नीतियों का परिणाम है। यह आत्मनिर्भर भारत का वास्तविक चेहरा है।

सभापति महोदय, मुझे बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि आईडा में कुल 55 उद्योग अपने उत्पादों का निर्यात विदेश में कर रहे हैं। इसमें 22 फैक्ट्रीज़ रक्षा क्षेत्र में उत्पादन कर रही हैं। इन 22 में से एक फैक्ट्री पूरा 100 प्रतिशत उत्पाद निर्यात कर रही है। इसका 80 प्रतिशत उत्पाद केवल जर्मनी को सेल किया जाता है। यह बताता है कि जमशेदपुर का एमएसएमई केवल स्थानीय बाजार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह वैश्विक प्रतिस्पर्धा में मजबूती से खड़ा है। अगर राज्य सरकार यहां जमीन और बिजली प्रदान करे तो और भी कई कंपनीज़ इस क्षेत्र में निवेश कर सकती हैं। वर्तमान में कछुआ से भी धीमी गति से इंडिया एलायंस की झारखंड सरकार चल रही है। इसका ध्यान केवल भ्रष्टाचार, अधिकारियों के ट्रांसफर और पोस्टिंग में लगा हुआ है। मैं इसका ज्वलन्त उदाहरण देना चाहता हूं। मेरे यहां माइन्स एरिया भी है। मेरे यहां राखा, चापड़ी, केंदाडीह, सुरदा कॉपर माइन्स खदान नवीकरण के लिए पर्यावरण एनओसी के लिए लगभग तीन साल लगा दिए, जबकि एनडीए सरकार के समय यह कार्य महज तीन महीने में होता था। अनावश्यक देरी के कारण खनन की गतिविधि आज भी ठप पड़ी है।

महोदय, धोबनी, किशनीगड़िया, पाथरगोड़ा, रामचंद्रपुर और ब्यानबील कॉपर ब्लॉक को राज्य सरकार विधिवत नौटिफाई नहीं कर रही है, जिसके कारण इनका ऑक्शन नहीं हो पा रहा है। अगर ऑक्शन होता तो ये कॉपर माइन्स वहां सबसे बड़ा रोजगार का साधन होतीं। ये लोग बोलते हैं कि यह जॉबलेस बजट है।

तीसरा अत्यन्त महत्वूपर्ण तथ्य यह है कि इन कॉपर खदानों से केवल तांबा ही नहीं निकलता, बल्कि यूरेनियम, सोना, चांदी, निकल, कोबाल्ट, सल्फर, जिंक जैसे कई बहुमूल्य और रणनीतिक खनिज भी प्राप्त होते हैं। इनमें से कई खनिज क्रिटिकल मिनरल्स की श्रेणी में आते हैं, जो देश की ऊर्जा, सुरक्षा, रक्षा उत्पादन और इलेक्ट्रानिक उद्योग के लिए अत्यन्त आवश्यक हैं। जब देश आत्मनिर्भर भारत और क्रिटिकल मिनरल सुरक्षा की दिशा में आगे बढ़ रहा है, तब इस प्रकार की प्रशासनिक देरी राष्ट्रीय हित के विपरीत है।

मैं माननीय वित्त मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने धालभुमगढ़ एयरपोर्ट का प्रस्ताव रखा है। वर्ष 2014-15 में इसका शिलान्यास हो चुका है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया और उस समय की एनडीए सरकार के समय यह हुआ था, लेकिन वर्तमान सरकार ने जमीन की एनओसी लगभग आठ सालों में नहीं दी है। इसके कारण यह एयरपोर्ट नहीं बन पाया है। यह एयरपोर्ट बन जाएगा तो आदित्यपुर इंडस्ट्री बेल्ट और खनन एरिया ही नहीं, बल्कि ओडिशा के क्योंझर, मयूरभंज, सुंदरगढ़ और बंगाल के खड़गपुर, मेदिनीपुर, झारग्राम, पुरुलिया, इन सब जगहों के लोग उड़ान भर सकेंगे।

मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं कि आपने मुझे महत्वूपर्ण बात रखने का अवसर दिया। मैं इस बजट का पूरी तरह से समर्थन करते हुए अपनी बात को समाप्त करता हूं।

श्री असादुद्दीन ओवैसी (हैदराबाद) : चेयरमैन साहब, शुक्रिया, मैं इस बजट की मुख़ालिफ़त में खड़ा हुआ हूं क्योंकि यह अहम मुद्दों पर इंसाफ नहीं करता है।

सर, मिसाल के तौर पर आप देखें कि यूडीआईसी के वर्ष 2021-22 में सरकार के डाटा के अनुसार मुस्लिम एनरोलमेंट प्राइमरी का 15 परसेंट, अपर प्राइमरी का 14 परसेंट, सैकेंड्री का 12 फीसद और हायर सैकेंड्री का दस फीसद है। प्राइमरी से हायर सैकेंड्री तक पांच फीसद की गिरावट है। एआईएसएचई का सरकार का वर्ष 2020-21 का डाटा इस प्रकार है, वर्ष 2016-17 में एजुकेशन में मुसलमान 4.87 परसेंट थे, वर्ष 2019-20 में बढ़कर 5.45 परसेंट हुए और वर्ष 2021 तक 4.64 परसेंट हो गए यानी 1 लाख 79 हजार की गिरावट आई है। यह क्यों हुआ? यह इसलिए हुआ क्योंकि मोदी सरकार तास्सुब और तंग नज़री करती है। इसी वजह से मुसलमान अक्लियतों में ड्रापआउट रेट ज्यादा है, लो एनरोलमेंट है और हायर एजुकेशन को मुकम्मल नहीं कर सकते।

सर, तीन स्कॉलरशिप स्कीम्स हैं। पांच साल से कैबिनेट कमेटियों में इकनॉमिक अफेयर्स ने इन स्कीमों को मंजूरी नहीं दे रही है। यह आपकी तास्सुब और नफ़रत नहीं है तो क्या है? बजट तो ऐवान में पास हो रहा है, आप पांच साल से पैसे नहीं दे रहे हैं, क्योंकि कैबिनेट कमेटी ऑफ इकोनामिक अफेयर्स इसे मंजूरी नहीं दे रही है। आप विकसित भारत बनाना चाहते हैं, मैं ताईद करता हूं, लेकिन क्या आप 14 फीसदी आबादी को न पढ़ाकर, उनको एलिअनेट करके विकसित भारत बना पाएंगे? विकसित भारत तभी बनेगा जब मुसलमान समाजी, इक्तिसादी, तालिमी और मुआशी तौर पर ताकतवर होंगे लेकिन अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है और यही सच्चाई है कि सरकार नहीं चाहती कि ऐसा हो।

सर, मैं इस हुकूमत से पूछना चाहता हूं कि यूनिट कॉस्ट स्कॉलरशिप वर्ष 2007-08 से रिवाइज़ नहीं हुई क्योंकि तालीम की कॉस्ट से मैच नहीं हो रहा है। क्या आप तीन स्कॉलरशिप्स को डिमांड ड्रिवन नहीं कर रहे हैं? आपने 11 सालों में दस स्कॉलरशिप्स नहीं बढ़ाईं , वही नंबर लाकर रख दिए, इसलिए मैं डिमांड ड्रिवन का मुतालबा करता हूं।

सर, क्यों प्री-मैट्रिक स्कॉलरशिप को 9वीं और 10वीं से शुरू किया? हाइएस्ट ड्रापआउट रेट मुसलमानों का है। हमारे मसीहा वैस्ट बंगाल में बैठे हैं। वहां मुसलमानों का ड्रापआउट रेट 23 फीसदी है और असम में 30 फीसदी है। असम की सरकार गोली मारने का वीडियो कम बनाएगी

तो शायद मुसलमान तालीम ले लें। मैं मुतालबा करता हूं कि वहां आज़ाद फैलोशिप को दोबारा शुरू किया जाए ताकि अक्लियत और मुस्लिम बच्चे एजुकेशन मुकम्मल कर सकें।

सर, आप पेरेंटल इनकम में इज़ाफ़ा क्यों नहीं कर रहे हैं? एक लाख रुपये, डेढ़ लाख रुपये, आप ही बताइए कि क्या स्कॉलरशिप मिलेगी? मैं आपको मिसाल दे रहा हूं, आप तो काबिल आदमी हैं। वर्ष 2022-23 में माइनोरिटी मिनिस्ट्री का बजट 5000 करोड़ रुपये था और 16 फीसदी खर्च किया। वर्ष 2022-23 और 2023-24 में 3,000 करोड़ बजट था और पांच फीसद खर्च हुआ। वर्ष 2024-25 में 3180 करोड़ रुपये बजट था और 22 फीसदी खर्च हुआ। पीएमजेवीके स्कीम में 1914 करोड़ रुपये बजट था लेकिन इसे आपने कम करके 1565 करोड़ रुपये कर दिया। मैं सरकार से मुतालबा करता हूं, मिनिस्ट्री ऑफ माइनोरिटी का बजट कम से कम 10,000 करोड़ रुपये होना चाहिए। आप स्कीम्स के थ्रू तास्सुबियत को खत्म कीजिए।

सर, फौज में विकलांग सिपाहियों को इनकम टैक्स के बेनिफिट्स मिलते थे जबकि जो फौजी सर्विस में हैं, आपने उन लोगों से इनकम टैक्स बेनिफिट छीन लिया। यह कैसा इंसाफ है? अरे, प्राइम मिनिस्टर अगर एक ट्रेन की झंडी दिखाएंगे तो क्या इससे बढ़कर पैसे खर्च होंगे? आप क्या बचा रहे हैं? 11-12 सालों से वज़ीर-ए-आज़म मोदी जी हैं। हमारी एयरफोर्स का स्क्वाड्रन गिरकर 29 पर आ गया है। आप 12 साल से प्रधान मंत्री हैं, हम एक मिड एयर रिफ्यूलर्स इवैक्स को नहीं बढ़ा पा रहे हैं। पाकिस्तान के पास हमसे ज्यादा इवैक्स है। हमने ऑपरेशन सिंदूर में देखा कि कितनी तकलीफ हुई थी। सबमरीन की शार्टेज है, लेकिन आपको फिक्र नहीं है। हम थर्ड एयरक्राफ्ट कैरियर भूल गए। आखिर कैसे हम चाइना को इंडो-पेसिफिक में रोक पाएंगे? यह देशभक्ति नहीं है। हमारी फौज में कमी है। क्या यह मुल्क इतना कमजोर हो गया कि हम बच्चों को फौज में भर्ती नहीं करा सकते? अग्निपथ स्कीम का रिव्यू होना चाहिए और ऐवान में चाइना बार्डर पर बहस होनी चाहिए।

सर, अब यूएस ट्रेड डील पर आ जाइए। ट्रम्प ने एग्जीक्यूटिव ऑर्डर निकाला, मैं सैक्शन 4 क्वोट कर रहा हूं। अगर हम डायरेक्टली या इनडायरेक्टली रशिया से ऑयल लेंगे तो 25 परसेंट

ड्यूटी लगा देगा। कौन है वो गोरी चमड़ी वाला, वहां बैठकर हमें बोलने वाला? क्या इस मुल्क को आजाद इसलिए करवाया था कि वह वहां बैठकर बोलेगा? मैं जिससे चाहूंगा उससे तेल खरीदूंगा, तुम होते कौन हो? तुम मेरे माई-बाप हो क्या? आप 25 फीसदी ड्यूटी लगाएंगे। वर्ड क्या इस्तेमाल किया, इंडिया, यानी अब नायारा कंपनी बंद हो जाएगी और हमें मॉनिटर करेंगे, भारत को मॉनिटर करेंगे? अफसोस की बात है कि सरकार खामोश है।

क्या वह भारत को मॉनिटर करेगा? आप उस पर ओवरसाइट करेंगे? यह अफसोस की बात है कि सरकार खामोश है।

सर, वर्ष 2019 में उसने कहा कि ईरान से ऑयल मत लो। आपने गलती की। आपने ईरान का ऑयल नहीं लिया। अमेरिका ने कहा कि इराक से लो, कॉम्पैरिबल रेट पर, मार्केट रेट पर, नॉमिनल प्राइस पर नहीं। आज यूएस कह रहा है कि मोनोपॉली रेट पर लो। ऐसा हम क्यों कर रहे हैं? हम क्यों इस गोरी चमड़ी वाले के सामने इतना गिर रहे हैं? आखिर हमारी अहमियत कहां है? मैं और एक बात बताना चाहता हूँ।

यूएस ट्रेड डील और यूरोपियन यूनियन की ट्रिटी से पीएलआई पर पूरा असर पड़ेगा, क्योंकि आपने टैरिफ गिरा दिया । आपने मेडिकल डिवाइसेज पर टैरिफ गिरा दिया, सॉफिस्टिकेटेड मशीनरीज़ पर टैरिफ गिरा दिया। इससे यूएस इंडस्ट्रियल गुड्स आएंगे। इस तरह से, इस मुल्क में डी-इंडस्ट्रियलाइजेशन का खतरा है।

Sir, are we signing a free trade agreement or a forced purchase order? बांग्लादेश से यूएस ने कह दिया कि ज़ीरो टैरिफ पर हम से कॉटन खरीदो। इससे भिवंडी, मालेगांव और बनारस के पावरलूम्स का क्या होगा? हम बांग्लादेश को 70 फीसदी रॉ कॉटन देते हैं।

सर, मैं कहना चाहता हूँ कि एमएचए का बजट 5.7 परसेंट बढ़ गया, डिफेंस का बजट 15.99 परसेंट बढ़ गया। मैं सरकार से मुतालिबा करता हूँ कि वेनेजुएला में जो हुआ, आप एक 'ऑपरेशन इंसाफ' कीजिए। 'ऑपरेशन इंसाफ' के तहत हाफिज़ सईद, मसूद अज़हर और लखवी को घुसकर भारत में लाइए, तभी इंसाफ होगा।

सर, हम कुलभूषण यादव को भूल गए। उस कुलभूषण यादव को जिसको आईसीजे से रुकवाया गया। आखिर हम कुलभूषण यादव को कब लेकर आएंगे? वज़ीरे आज़म इज़रायल जा रहे हैं। मैं उनसे यह मुतालिबा करता हूँ कि वे गाज़ा जाएं। केवल वहां 15 मिनट के लिए जाकर देखें, वहां पर 60 हजार फिलिस्तिनियों को खत्म कर दिया गया। नेतन्याहु पर आईसीसी का अरेस्ट वारंट है। उन पर आईसीसी में केस चल रहा है। इसलिए मैं आपसे मुतालिबा करता हूँ कि वज़ीरे आज़म गाज़ा के बारे देखें। मैं ज़ायनिज्म मुर्दाबाद बोलता हूँ और भारत जिंदाबाद बोलता हूँ।

यह सरकार तेलंगाना से नाइंसाफी कर रही है। उसके लिए कुछ नहीं दे रही है।

बहुत-बहुत शुक्रिया।

[جناب اسدالدین اویسی (حیدرآباد) :چیرمین صاحب شکریہ، میں اس بجٹ کی مخالفت میں کھڑا ہوا ہوں کیونکہ یہ اہم مدعوں پر انصاف نہیں کرتا ہے۔ سر، مثال کہ طور پر آپ دیکھئے کہ یو۔ڈی۔آئی۔سی۔ کے سال 2021-22 میں سرکار کے ڈاٹا کے مطابق مسلم اینرولمینٹ پرائمری کا 15 فیصد، اپر پرائمری کا 14 فیصد سیکینڈری کا 12 فیصد اور ہائر سیکینڈری کا 10 فیصد ہے۔ پرائمری سے ہائر سیکنڈری تک فیصد کی گراوٹ ہے۔ اے۔آئی۔ایس۔ایچ۔ای۔ کا سرکار کا سال 21-2020 کا ڈاٹا اس پرکار ہے، سال 17-2016 میں ایجوکیشن میں مسلمان 4.87 فیصد تھے، سال 20-2019 میں بڑھ کر 5.45 فیصد ہوئے اور 2 021تک 4.64 فیصد تک ہو گئے یعنی 1 لاکھ 79 ہزار کی گراوٹ آئی۔ یہ کیوں ہوا؟ یہ اس لئے ہوا کیونکہ مودی سرکار تعصب اور تنگ نظری کرتی ہے۔ اسی وجہ سے مسلمان اقلیتوں میں ڈراپ آؤٹ ریٹ زیادہ ہے، لو اینرولمینٹ ہے اور ہائر ایجوکیشن کو مکمل نہیں کر سکتے۔

سر، 3 اسکالرشِپ اسکیمس ہیں5 سال سے کیبنیٹ کمیٹیوں میں ایکونومِک افیئرس نے ان اسکیمس کی منطوری نہیں دی رہی ہے۔ یہ آپ کی تعصب اور

نفرت نہیں ہے تو کیا ہے؟ بجٹ تو ایوان میں پاس ہو رہا ہے، آپ 5 سال سے پیسے نہیں دے رہے ہیں، کیونکہ کیبنیٹ کمیٹی آف ایکونِک افیئرس اسے منظوری نہیں دے رہی ہے۔ آپ وِکست بھارت بنانا چاہتے ہیں، میں تائید کرتا ہوں، لیکن کیا آپ 14 فیصدی آبادی کو نہ پڑھا کر، ان کو ایلینیٹ کرکے وِکست بھارت بنا پائیں گے؟ وِکست بھارت تبھی بنے گا جب مسلمان سماجی، اقتصادی، تعلیمی اور معاشی طور پر طاقتور ہوں گے لیکن افسوس کے ساتھ کہنا پڑھ رہا ہے اور یہی سچائی ہے کہ سرکار نہیں چاہتی کہ ایسا ہو۔

سر، میں اس حکومت سے پوچھنا چاہتا ہوں کہ یونٹ کاسٹ اسکالرشپ سال 2007-08 سے ریوائز نہیں ہوئی کیونکہ تعلیم کی کوسٹ سے میچ نہیں ہو رہا ہے۔ کیا آپ 3 اسکالرشِپ کو ڈیمانڈ ڈریون نہیں کر رہے ہیں؟ آپ نے 11 سالوں سے دس اسکالرشپس نہیں بڑھائی، وہی نمبر لاکر رکھ دئے اس لئے میں ڈیمانڈ ڈریون کا مطالبہ کرتا ہوں ۔

سر، کیوں پری-میٹرک اسکالرشپ کو 9ویں اور 10ویں سے شروع کیا؟ ہائیسٹ ڈراپ آؤٹ ریٹ مسلمانوں کا ہے۔ ہمارے مسیحا ویسٹ بنگال میں بیٹھے ہیں۔ وہاں مسلانوں کا ڈراپ آؤٹ ریٹ 23 فیصدی ہے اور آسام میں 30 فیصدی ہے۔ آسام کی سرکار گولی مارنے کا ویڈیوں کم بنائے گی تو شاید مسلمان تعلیم حاصل کر لیں۔ میں مطالبہ کرتا ہوں کہ وہاں آزاد فیلوشپ کو دوبارہ شروع کیا جائے تاکہ اقلیت اور مسلم بچے تعلیم مکمل کر سکیں۔

سر، آپ پیرنٹل انکم میں اضافہ کیوں نہیں کر رہے ہیں؟ 1 لاکھ روپئے، 1.50 لاکھ روپئے، آپ ہی بتائیے کہ کیا اسکالرشپ ملے گی؟ میں آپ کو مثال دے رہا ہوں، آپ تو قابل آدمی ہیں۔ سال 2022-23 میں مائنوریٹی منسٹر ی کا

بجٹ 5000 کروڑ روپئے تھا اور 16 فیصدی خرچ کیا۔ سال 2022-23 اور 2023-24 میں 3000 کروڑ بجٹ تھا اور 5 فیصد خرچ ہوا۔ سال 2024-25 میں 3180 کروڑ روپئے بجٹ تھا اور 22 فیصدی خرچ ہوا۔ پی۔ایم۔جے۔وی۔کے۔ اسکیم میں 1914 کروڑ روپئے بجٹ تھا لیکن اسے آپ نے کم کرکے 1565 کروڑ روپئے کر دیا۔ میں سرکار سے مطالبہ کرتا ہوں، منسٹری آف مائنوریٹی کا بجٹ کم سے کم 10000 کروڑ روپئے ہونا چاہئیے۔ آپ اسکیمس کے ذریعہ تعصبیت کو ختم کیجئے۔

سر، انکم ٹیکس کے بینیفٹ فوج میں وِکلانگ سپاہیوں کو ملتا تھا جبکہ آپ نے جو فوجی سروس میں ہیں آپ نے ان لوگوں سے انکم ٹیکس بینیفٹ چھین لیا۔ یہ کیسا انصاف ہے؟ پرائم منسٹر اگر ایک ٹرین کی جھنڈی دکھائیں گے تو کیا اس سے بڑھ کر پیسے خرچ ہوں گے؟ آپ کیا بچا رہے ہیں؟ 11-12 سالوں سے وزیرِ اعظم مودی جی ہیں۔ ہماری ائر فورس کا اسکوائڈرن گر کر 29 پر آ گیا ہے۔ آپ 12 سال سے پردھان منتری ہیں، ہم ایک مِڈ ائر ریفولرس ایویکس کو نہیں بڑھا پا رہے ہیں۔ پاکستان کے پاس ہم سے زیادہ ایویکس ہیں۔ ہم نے آپریشن سندور میں دیکھا کہ کتنی تکلیف ہوئی تھی۔ سب مرین کی شارٹیج ہے، لیکن آپ کو فکر نہیں ہے۔ ہم تھرڈ ائر کرافٹ کیرئر بھول گئے۔ آخر کیسے ہم چین کو انڈو۔پیسِفک میں روک پائیں گے؟ یہ دیش بھکتی نہیں ہے۔ ہماری فوج میں کمی ہے۔ کیا یہ ملک اتنا کمزور ہو گیا کہ ہم بچوں کو فوج میں بھرتی نہیں کرا سکتے؟ اگنی پتھ اسکیم کا ریویو ہونا چاہئے اور ایوان میں چین کے بارڈر پر بحث ہونی چاہئیے۔

سر، اب یو۔ایس۔ ٹریڈ ڈیل پر آجائیے۔ ٹرمپ نے ایکزیکیوٹیو آرڈر نکالا،

میں سیکشن 4 کوٹ کر رہا ہوں۔ اگر ہم ڈائریکٹلی یا ان ڈائریکٹلی روس سے آئل لیں گے تو 25 فیصد ڈیوٹی لگا دےگا۔ کون ہے وہ گوری چمڑی والا، وہاں بیٹھ کر ہمیں بولنے والا؟ کیا اس ملک کو آزاد اس لئے کروایا تھا کہ وہ وہاں بیٹھ کر بولے گا؟ میں جس سے چاہوں گا اس سے تیل خریدوں گا، تم ہوتے کون ہو؟ تم میرے مائی باپ ہو کیا؟ آپ 25 فیصدی ڈیوٹی لگائیں گے۔ ورڈ کیا استعمال کیا، انڈیا، یعنی اب نایارا کمپنی بند ہو جائےگی اور ہمیں مونیٹر کریں گے، بھارت کو مونیٹر کریں گے؟ افسوس کی بات ہے کہ سرکار خاموش ہے۔

کیا یہ بھارت کو مونیٹر کریں گے۔ آپ اس پر اوور سائٹ کریں گے؟ یہ افسوس کی بات ہے کہ سرکار خاموش ہے۔ سر، سال 2019 میں اس نے کہا تھا کہ ایران سے آئل مت لو۔ آپ نے غلطی کی۔ آپ نے ایران کا آئل نہیں لیا۔ امریکہ نے کہا کہ عراق سے لو، کامپٹی بل ریٹ پر، مارکیٹ ریٹ پر، نامینل پرائس پر نہیں ۔ آج یو۔ایس۔ کہہ رہا ہے کہ مونوپولی ریٹ پر لو۔ ایسا ہم کیوں کر رہے ہیں؟ ہم کیوں اس گوری چمڑی والے کے سامنے اتنا گر رہے ہیں؟ آخر ہماری اہمیت کیا ہے؟ میں اور ایک بات بتانا چاہتا ہوں۔

یو۔ایس۔ٹریڈ ڈیل اور یوروپین یونین کی ٹریٹی سے پی۔ایل۔آئی پر پورا اثر پڑے گا، کیونکہ آپ نے ٹیریف گرا دیا۔ آپ نے میڈیکل ڈیوائسز پر ٹیریف گرا دیا، سوفسٹی کیٹڈ مشینریز پر ٹیریف گرادیا۔ اس سے یو۔ایس۔ انڈسٹریل گوڈس آئیں گے۔ اس طرح سے اس ملک میں ڈی۔انڈسٹریلا زیشن کا خطرہ ہے۔ Sir, are we signing a free trade agreement or a forced purchase order? بنگلا دیش سے یو۔ایس۔ نے کہہ دیا کہ زیرو ٹیریف پر ہم سے کاٹن خریدو۔ اس سے بھونڈی، مالے گاؤں اور بنارس کے پاورلومس کا کیا ہوگا؟ ہم بنگلا دیش کو 70 فیصدی را کاٹن دیتے ہیں۔

سر، میں کہنا چاہتا ہوں کہ ایم۔ایچ۔اے۔ کا بجٹ 5.7 فیصد بڑھ گیا، ڈیفینس کا بجٹ 15.99 فیصد بڑھ گیا۔ میں سرکار سے مطالبہ کرتا ہوں کہ وینیزویلا میں جو ہوا، آپ ایک آپریشن انصاف کیجئے۔ آپریشن انصاف کے تحت، حافظ سعید، مسود اظہر اور لکھوی کو گھُس کر بھارت لائیے، تبھی انصاف ہوگا۔

سر، ہم کلبھوشن یادو کو بھول گئے۔ اس کُلبھوشن یادو کو جس کو آئی۔سی۔جے۔ سے رکوایا گیا۔ آخر ہم کلبھوشن یادو کو کب لیکر آئیں گے؟ وزیرِ اعظم اسرائیل جا رہے ہیں۔ میں ان سے یہ مطالبہ کرتا ہوں کہ وہ غزہ جائیں ۔ صرف وہاں 15 منٹ کے لئے جا کر دیکھیں، وہاں پر 60 ہزار فلسطینیوں کو ختم کر دیا گیا۔ نیتنیاہو پر آئی۔سی۔سی۔ کا اریسٹ وارنٹ ہے، ان پر آئی۔سی۔سی۔ میں کیس چل رہا ہے۔ اس لئے میں آپ سے مطالبہ کرتاہوں کہ وزیرِ اعظم غزہ کے بارے میں دیکھیں میں جائنزم مردہ بعد بولتا ہوں اور بھارت زندہ بعد بولتا ہوں۔یہ سرکار تیلنگانہ سے نا انصافی کر رہی ہے۔ اس کے لئے کچھ نہیں دے رہی ہے۔ بہت بہت شکریہ]

***SHRI SELVARAJ V. (NAGAPATTINAM):** Hon Chairperson Sir, Vanakkam.

The Economic Survey of India acknowledges that the Indian economy has reached a critical turning point and that global politics, geography, restructuring, investments, supply chains and growth prospects will have long-term implications. But this Budget lacks any plan or direction to address these central challenges. There is no economic stimulus to prepare India for global economic shocks.

The Budget, which was presented with the slogan of Yuva Shakti, ended

* English translation of the speech originally delivered in Tamil.

with a proposal of the Standing Committee on Higher Education, Employment and Labour, with targets set for 2047. There is no secured and decent job opportunity for the youth of our country. They are not only distant promises, but promises that do not deliver providing employment as the urban unemployment has risen to 19%. Hon Finance Minister has cleverly tried to cover up the deep economic crisis with just figures.

This is a budget with grandiose announcements like a fiscal deficit target of 4.3% and an attempt to reduce the debt-to-GDP ratio to 55.6%. It fails to address the immediate problems of the people like hunger, poverty, unemployment. Although the total expenditure is said to be 53.5 lakh crores, it is an anti-people budget with systematic cuts in social funding. There is no serious attempt to collect taxes from high-profit companies. Instead, the non-tax revenue is said to increase by 12.49% in 2026-27, the profit share of most large government companies is collected by a 16.9% increase, and non-interest income is said to increase the tax burden on the public. The 49.5% increase in foreign aid between the 2025-26 and 2026-27 budget estimates raises concerns about whether fiscal sustainability is dependent on external, rather than domestic pressures.

The increase in debt, service and interest costs has severely affected growth and welfare allocations. Yet another budget that completely ignores the fact that real growth means public welfare. This budget is a clear gift to billionaires. The minimum alternative tax has been reduced from 15% to 14%. Safe work arrangements have been generously provided to companies. But

the public is facing a net tax burden of Rs 28.7 lakh crore. For the first time, personal income tax collection has exceeded Rs 14.66 lakh crore and corporate tax collection has exceeded Rs 12.3 lakh crore. Incentives like duty exemption for private manufacturers, five-year tax holiday for foreigners supplying capital goods in bonded zones, the illusion of socialising economic risks and privatising profits, and the allocation for Vishwakarma scheme, which is a minimum employment opportunity despite its contradictions, has been reduced from Rs 3,993 crore to Rs 3,891 crore.

Incentives for companies have been expanded. Import duty exemption for Nuclear Energy projects till 2035, and tax holiday for data centre investors till 2047 show the Government's support for companies. Railway allocations are being channelized towards high-speed routes for high-end passengers. Ordinary passengers are facing congestion. Benefits have not been restored for Senior citizens.

This is a budget that deepens the policy of government with revenue generation through privatisation. Health allocation is only 1.96% of the total expenditure. Although the budget is said to support MSMEs, in reality the allocation has shrunk to activities at low production levels. Allowing Special Economic Zone (SEZ) units to sell goods in the Domestic Tariff Area (DTA) at concessional duty rate will have a severe impact on domestic tax revenues. There is no real increase in agricultural programs after adjusting for inflation. Fertilizer subsidy has been reduced by 8.4%. Food subsidy has not been increased as required.

There has been no increase in allocation for basic services Schemes. There is a cut in allocations meant for Scheduled Castes, Scheduled Tribes, North-Eastern States, and sectors like education, health and social welfare. Gender-budgeting has been reduced to Rs 51,144 crore. In the guise of bank reforms, it has been proposed to reform state-owned banks through merger and privatization. Farmers continue to be cheated.

This is a budget that reaffirms the BJP's decade-long empty promise of doubling farmers' income. There are no plans to improve the rural economy. 50 Crore workers will be on strike from tomorrow to press their legitimate demands. Their demands have been completely ignored. With no permanent job opportunities, Crores of youth are being forced into insecure gig work.Although this is mentioned in the Economic Survey, there is no provision for the welfare of gig workers. There is no funding or scheme for unorganized workers, who constitute more than 90 percent of the Indian workforce.

The Communist Party of India strongly opposes this anti-people corporate-backed budget that will further deepen the already severe inequality. I wish to make some demands. PM Kisan Samman Fund should be increased. Mahatma Gandhi Rural Employment Guarantee Scheme should be re-implemented. There should be intervention by Union Government on fishermen issues to find a smooth solution. Train services should be increased to provide better rail connectivity in Nagappattinam constituency.

All the funds that are due to Tamil Nadu should be provided soon. In addition to these demands, I would like to make a sincere request to the Hon.

Prime Minister, Hon Finance Minister, Hon Minister for Health, Hon Minister for Petroleum and others to look into this issue of helping a one-and-a- half year old girl named H.D. Dhananya, belonging to Panangudi village in my Nagapattinam parliamentary constituency. She is severely affected by a disease called Spinal Muscular Atrophy Type 2 and currently undergoing medical treatment. Doctors say that this girl needs to get medicine from United States of America. They say that it will cost about Rs. 9 Crore. Therefore, I kindly request our Hon Ministers and leaders to consider and help to save the life of that girl child.

Thank you. Vanakkam.

श्री मोहम्मद हनीफ़ा (लद्दाख) : महोदय, आपने मुझे केन्द्रीय बजट 2026-27 पर बोलने का मौका दिया है, उसके लिए आपका शुक्रिया।

महोदय, इस बजट ने पूरे लद्दाख में गहरी तशवीश पैदा कर दी है, क्योंकि केन्द्र शासित प्रदेश लद्दाख के लिए बजट एलोकेशन में कमी की गई है। यह कमी ऐसे वक्त पर हुई है, जब लद्दाख को अपनी मुनफ़रिद तरक़्क़ियाती और स्ट्रैटिजिक ज़रूरियात पूरी करने के लिए ज्यादा माली मदद की जरूरत है।

महोदय, लद्दाख के केन्द्र शासित प्रदेश बनने के बाद पहला सालाना बजट एलोकेशन तकरीबन 3,500 करोड़ रुपये के आसपास रखा गया था। दूसरे साल में तरक़्क़ियाती खला और प्रशासनिक चुनौतियों को देखते हुए, इसे बढ़ाकर तकरीबन 6,000 करोड़ रुपये के आसपास कर दिया गया है। इस इज़ाफ़े ने उम्मीदें पैदा की हैं और मुख़्तलिफ़ सेक्टर्स में तरक़्क़ियाती कामों को रफ़्तार दी है, लेकिन लद्दाख के मौजूदा बजट एलोकेशन में कमी आई है, जो न सिर्फ अप्रत्याशित है, बल्कि इंतिहाई मायूस-कुन भी है।

यह कमी इस हक़ीक़त के बावजूद की गई है कि केन्द्र शासित प्रशासन और खासकर

ऑटोनॉमस हिल डेवलेपमेंट काउंसिल ने फंड्स के इस्तेमाल को बेहतर बनाने के लिए संजीदा कोशिशें की हैं। कैपेक्स बजट में यूटिलाइजेशन तकरीबन 90 फीसदी तक रहा है और कई सेक्टर्स में एक्सपेंडिचर्स हालिया वर्षों में तकरीबन 100 फीसदी तक पहुंचा है। इस वक्त जब निज़ाम मज़बूत हो चुके हैं।

16.00 hrs

इम्प्लीमेंटेशन बेहतर हुई है, एलोकेशन में कमी जारी मंसूबों पर असर डालेगी और फ्यूचर प्लानिंग को महदूद कर देगी।

महोदय, लद्दाख में बेरोजगारी पिछले कई सालों से गंभीर मसला बनी हुई है। पिछली बार एमएचए ने लद्दाख के रिप्रेजेंटेटिव्स के साथ बात-चीत में वहां के रिजर्वेशन्स का मसला बहुत अच्छी तरीके से हल किया था और डोमिसाइल का मसला भी हल हुआ था। लेकिन, अब तक रिक्रूटमेंट का सिलसिला जिस तरीके से शुरू होना चाहिए था, उस तरीके से शुरू नहीं हो पा रहा है। बहुत-सी पोस्ट्स वैकेंट पड़ी हैं। इनके हिसाब से बजट एलोकेशन करने की जरूरत है। मेरी आपके जरिए दरख्वास्त है कि सभी गैज़ेटेड और नॉन-गैज़ेटेड पोस्ट्स के लिए जल्द से जल्द बहाली शुरू करके इसे टाइम-बाउंड मैनर में पूरा किया जाए।

महोदय, एक संगीन मसला और है। पहले जिन नए जिलों का ऐलान किया गया था, उनका बजट में कोई जिक्र नहीं किया गया है। मैं हुकूमत से दरख्वास्त करता हूं कि जिले बनाने के साथ मुनासिब बजटरी सपोर्ट भी फ़राहम किया जाए। एग्रीकल्चर और हॉर्टीकल्चर लद्दाख की रूरल इकॉनमी की बैकबोन है। लद्दाख के कई इलाकों में हॉर्टीकल्चर की बेपनाह पॉटेंशियल मौजूद है। खासतौर पर इनके एप्रीकॉट, एप्पल और सीबकथॉन को मुल्की और गैर-मुल्की बाजार में अलग पहचान हासिल हो चुकी है। इन्हें गल्फ कंट्रीज़ में एक्सपोर्ट भी किया जा रहा है। लेकिन, क्लाइमेट चेंज के बाइस बढ़ते टेंपरेचर ने लद्दाख के बड़े हिस्सों में सूखे जैसे हालात पैदा कर दिए हैं। शदीद पानी की कमी और सिंचाई इंफ्रास्ट्रक्चर में कमी की वजह से हॉर्टीकल्चर बढ़ नहीं पा रही है। यहां तक कि मौजूदा बाग़ात भी ख़ुश्क हो रहे हैं।

माननीय सभापति महोदय, हॉर्टीकल्चर लद्दाख के लिए एक गेम चेंजर साबित हो सकती है। यह किसानों के लिए आमदनी को नुमाया तौर पर बढ़ा सकती है और खास तौर पर नौजवानों के लिए रोजगार पैदा कर सकती है। एक मजबूत हॉर्टीकल्चर जवानों और खवातीनों के लिए सस्टेनेबल आमदनी पैदा कर सकते हैं। इस मकसद के लिए लद्दाख को फौरी तौर पर ड्रॉट इफेक्टेड एरियाज़ में बड़े सिंचाई प्रोजेक्ट्स के लिए फाइनेंशियल सपोर्ट की जरूरत है, जिनमें बड़े पैमाने पर कैनाल्स और सोलर लिफ्ट इरीगेशन प्रोजेक्ट्स शामिल हैं।

महोदय, अब मैं आपका ध्यान एजुकेशन सेक्टर की तरफ लाना चाहूंगा। यूटी बनने से पहले लद्दाख के सरकारी स्कूल JKBOSE के साथ एफिलेटेड थे। यूटी बनने के बाद क्लास 10वीं और 12वीं को सीबीएसई के साथ एफिलेट कर दिया गया। लेकिन प्राइमरी और मिडिल स्कूल के स्टेटस अब तक वाज़ह नहीं है। इससे एडमिनिस्ट्रेटिव कन्फ्यूजन पैदा हो रही है। एकेडमिक प्लानिंग मतासीर होती है, मजीद, जो स्कूल सीबीएसई एफिलेशन में लाए गए हैं, वे बुनियादी सीबीएसई इंफ्रास्ट्रक्चर नॉर्म्स भी पूरा नहीं करते हैं। इन स्कूलों को मुकम्मल ओवरहॉल की जरूरत है। सेन्टर से स्पेशल फाइनेंशियल सपोर्ट के बगैर लद्दाख के लिए सीबीएसई स्टैंटर्ड को मुनासिब तरीके से इंप्लीमेंट करना बहुत मुश्किल होगा।

महोदय, लद्दाख यूनिवर्सिटी, ख़ुसूसन इसके कारगिल कैंपस को बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर एवं डेवलपमेंट की जरूरत है। एक नई यूनिवर्सिटी बने होने के नाते जो बड़े और दूर-दराज के इलाके की खिदमत करती है, इसे एकेडमिक ब्लॉक हॉस्टल, रिसर्च फैसिलिटीज़ और फैकल्टी हाउसिंग की जरूरत है। हेल्थ सेक्टर में भी संजीदा खला मौजूद है। लेह में एक मेडिकल कॉलेज अप्रूव किया गया था, जिससे लोगों में उम्मीद पैदा हुई है। लेकिन, अब तक इंफ्रास्ट्रक्चर की तरक्की के हवाले से कोई नुमाया पेश रफ्त नहीं हुए हैं। ... (व्यवधान)

माननीय सभापति : कृपया अपनी बात को समाप्त करें।

श्री मोहम्मद हनीफ़ा : सर, प्लीज बोलने दीजिए। कुछ इंपॉर्टेंट इश्यूज़ हैं। कारगिल में इंजीनियरिंग कॉलेज का ऐलान हुआ है। जमीन की निशांदगी हो चुकी है और अब तक फंड मंजूर

नहीं हुआ है। मैंने इन मसलों को कई बार एमएचए और फाइनेंस मिनिस्ट्री में उठाया था, लेकिन बदकिस्तमती से इस बजट में भी इन इदारों के लिए फंड मंजूर नहीं किया गया। मुनासिब हेल्थ केयर और टेक्निकल एजुकेशन इंफ्रास्ट्रक्चर के बगैर लद्दाख बैलेंस्ड डेवलपमेंट हासिल नहीं कर सकता है। लद्दाख के दूर-दराज सरहदी इलाकों में हेल्थ सेक्टर शदीद दबाव में है। लोगों को बुनियादी मेडिकल केयर के लिए सख्त मौसम के लंबे फासले तय करने पड़ते हैं।

ऑनरेबल प्राइम मिनिस्टर का बॉर्डर के इलाकों को फर्स्ट विलेज के तौर पर देखने का विजन तभी हकीकत में बन सकता है, जब हेल्थ, इंफ्रास्ट्रक्चर, ह्यूमन रिसोर्स और कनेक्टिविटी को मजबूत बनाने के लिए काफी फंड प्रदान किए जाएं। टूरिज्म सेक्टर का भी पूरा पोटेंशियल अभी तक मुकम्मल इस्तेमाल नहीं हुआ है। खासतौर पर कागरिल में एडवेंचर टूरिज्म और विंटर टूरिज्म की बड़ी पोटेंशियल मौजूद है।

माननीय सभापति : कृपया अपनी बात को समाप्त करें।

श्री मोहम्मद हनीफ़ा : जोजिला टनल के अगले एक-दो साल में खुलने का तवक्को है, जिससे विंटर टूरिज्म तेजी से बढ़ेगा। इसके लिए अभी से तैयारी शुरू करनी होगी। स्नो स्कींग, आइस हॉकी, आइस स्केटिंग और दीगर विंटर स्पोर्ट्स, जिनमें से कई ओलंपिक डिसिप्लिंस हैं, लद्दाख में बेहतरीन इमकानात रखते हैं। ... (व्यवधान) मगर मुनासिब ट्रैक, ट्रेनिंग फैसिलिटीज और इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी को देखते हुए अगर मुनासिब फंडिग प्रदान की जाए तो लद्दाख एक विंटर स्पोर्टिंग डेस्टिनेशन बन सकता है, जो मुकामी नौजवानों के लिए इकोनॉमिक और इंप्लॉयमेंट अपॉर्च्युनिटी पैदा करेगा।

माननीय सभापति : आपकी बात आ गई है। आप अपनी बात को समाप्त कीजिए।

श्री मोहम्मद हनीफ़ा : सभापति महोदय, इसलिए फंड्स, फोकस्ड बजटरी एलोकेशन और लॉन्ग टर्म प्लानिंग की जरूरत है। शुक्रिया।

[جناب محمد حنیفہ (لدّاخ) چیرمین صاحب،آپ نے مجھے مرکزی بجٹ پر بولنے کا موقع دیا، ہے اس کے لئے آپ کا بہت شکریہ۔

چیرمین صاحب، اس بجٹ نے پورے لدّاخ میں گہری تشویش پیدا کردی ہے، کیونکہ کیندر شاسِت پردیش لدّاخ میں بجٹ ایلوکیشن میں کمی کی گئی ہے۔ یہ کمی ایسے وقت پر ہوئی ہے جب لدّاخ کو اپنی منفرد ترقیاتی اور اسٹریٹِجِک ضروریات کو پورا کرنے کے لئے زیادہ مالی مدد کی ضرورت ہے۔

چیرمین صاحب، لدّاخ کے کیندر شاسِت پردیش بننے کے بعد پہلا سالانہ بجٹ ایلوکیشن تقریباً 3500 کروڑ روپئے کے آس پاس رکھا گیا تھا۔ دوسرے سال میں ترقیاتی خلاء اور پرشاسنِک چنوتیوں کو دیکھتے ہوئے، اسے بڑھا کر تقریباً 6000 کروڑ روپئے کے آس پاس کر دیا گیا ہے۔ اس اضافہ نے امید پیدا کی ہے، اور مختلف سیکٹرس میں ترقیاتی کاموں کو رفتار دی ہے، لیکن لدّاخ کے موجودہ بجٹ ایلوکیشن میں کمی کی گئی ہے، جو نہ صرف اپرتیاشت ہے بلکہ انتہائی مایوس کن بھی ہے۔یہ کمی اس حقیقت کے باوجود کی گئی ہے کہ کیندر شاست پرشاسن اور خاص کر آٹونومس ہِل ڈیولپمینٹ کاؤنسل کے فنڈس کے استعمال کو بہتر بنانے کے لئے سنجیدہ کوششیں کی ہیں، کیپیکس بجٹ میں یوٹیلائزیزیشن تقریباً 90 فیصد تک رہا ہے، اور کئی سیکٹرس میں ایکسپینڈیچر حالیہ سالوں میں تقریباً 100 فیصدی تک پہنچا ہے۔ اس وقت جب نظام مضبوط ہو چکے ہیں۔ امپلی مینٹیشن بہتر ہوئی

ہے، ایلوکیشن میں کمی جاری منصوبوں پر اثر ڈالے گی اور فیوچر پلاننگ کو محدود کر دے گی۔

چیرمین صاحب، لداخ میں بے روزگاری پچھلے کئی سالوں سے بے حد گمبھیر مسئلہ بنی ہوئی ہے۔ پچھلی بار ایم۔ایچ۔اے۔ نے لداخ کے ریپریزینٹیٹیو کے ساتھ بات۔چیت میں وہاں کے ریزرویشنس کا مسئلہ بہت اچھی طریقے سے حل کیا تھا اور ڈومیسائل کا مسئلہ بھی حل ہوا تھا۔ لیکن، اب تک ریکروٹمنٹ کا

سلسلہ جس طریقے سے شروع ہونا چاہئیے تھا، اس طریقے سے شروع نہیں ہو پا رہا ہے۔ بہت سی پوسٹ خالی پڑی ہیں۔ ان کے حساب سے بجٹ ایلوکیشن کرنے کی ضرورت ہے۔ میری آپ کے ذریعہ درخواست ہے کہ سبھی گیزٹیڈ اور نون گیزیٹیڈ پوسٹس کے لئے جلد سے جلد بحالی شروع کرکے اس ٹائم باؤنڈ مینر میں پورا کیا جائے۔

چیرمین صاحب، ایک سنگین مسئلہ اور ہے۔ پہلے جن نئے ضلعوں کا اعلان کیا گیا تھا، بجٹ میں ان کا کوئی ذکر

نہیں کیا گیا ہے۔ میں حکومت سے درخواست کرتا ہوں کہ ضلع بنانے کے ساتھ مناسب بجٹری سپورٹ بھی فراہم کی جائیں۔ ایگریکلچر اور ہارٹیکلچر لداخ کی رورل ایکونومی کی بیک بون ہے۔ لداخ کے کئی علاقوں میں ہارٹیکلچر کی بے پناہ پوٹینشیل موجود ہے۔ خاص طور پر ان کے ایپریکوٹ، ایپل اور سی۔بکتھورن کو ملکی اور غیر ملکی بازار میں الگ پہچان حاصل ہو چکی ہے۔ انہیں گلف ممالک میں ایکسپورٹ بھی کیا جا رہا ہے۔ لیکن، کلائمیٹ چینج کے باعث بڑھتے ٹیمپریچر نے لداخ کے بڑے حصوں میں سوکھے جیسے حالات پیدا کر دئے ہیں۔ شدید پانی کی کمی اور سینچائی انفراسٹرکچر میں کمی کی وجہ سے ہارٹیکلچر بڑھ نہیں پا رہا ہے۔ یہاں تک کی موجودہ باغات بھی خشک ہو رہے ہیں۔

محترم چیرمین صاحب، ہارٹیکلچر لداخ کے لئے ایک گیم چینجر ثابت ہو سکتا ہے۔ یہ کسانوں کے لئے آمدنی کو نمایاں طور پر بڑھا سکتی ہے اور خاص طور پر نوجوانوں کے لئے روزگار پیدا کر سکتی ہے ۔ ایک مضبوط ہارٹیکلچر جوانوں اور خواتینوں کے لئے سسٹین ایبل آمدنی پیدا کر سکتے ہیں۔ اس مقصد کے لئے لداخ کو فوری طور پر ڈروٹ ایفکٹڈ ایریاز میں بڑے

سینچائی پروجیکٹ کے لئے فائننشیل سپورٹ کی ضرورت ہوتی ہے، جن میں بڑے پیمانے پر کینالس اور سولر لفٹ ایریگیشن پروجیکٹس شامل ہیں۔

چیرمین صاحب، اب میں آپ کا دھیان ایجوکیشن سیکٹر کی طرف لانا چاہوں گا۔ یو۔ٹی۔ بننے سے پہلے لداخ کے سرکاری اسکول جے۔کے۔ بوس کے ساتھ ایفیلیٹڈ تھے۔ یو۔ٹی۔ بننے کے بعد کلاس دسویں اور بارہویں کو سی۔بی۔ایس۔ای۔ کے ساتھ ایفی لیٹ کر دیا۔ لیکن پرائمری اور مِڈل اسکول کے اسٹیٹس اب تک واضح نہیں ہیں۔ اس سے ایڈمنسٹریٹیو کنفیوزن پیدا ہو رہی ہے۔ اکیڈمِک پلاننگ متاثر ہوتی ہے، مزید

جو اسکول سی۔بی۔ایس۔ای۔ ایفی لیشن میں لائے گئے ہیں، وہ بنیادی سی۔بی۔ایس۔ای۔ انفراسٹرکچر نارمس بھی پورا نہیں کرتے ہیں۔ ان اسکولوں کو مکمل اورحال کی ضرورت۔ سینٹر سے اسپیشل فائننشیل سپورٹ کے بغیر لداخ کے لئے سی۔بی۔ایس۔ای۔ اسٹینڈرڈ کو مناسب طریقے سے امپلی مینٹ کرنا بہت مشکل ہوگا۔

چیرمین صاحب، لداخ یونیورسٹی، خصوصاً اس کے کارگل کیمپس کو بڑے پیمانے پر انفراسٹرکچر اور ڈیولپمینٹ کی ضرورت ہے۔ ایک نئی یونیورسٹی بنے ہونے کے ناطے جو بڑے اور دور دراز کے علاقے کی خدمت کرتی ہے، اسے اکیڈمِک بلاک ہاسٹل، ریسرچ فیسلیٹیز ہاؤسنگ کی ضرورت ہے۔ ہیلتھ سیکٹر میں بھی سنجیدہ خلاء موجود ہے۔ لیہ میں ایک میڈکل کالج اپرو کیا گیا تھا، جس سے لوگوں میں امید پیدا ہوئی ہے۔ لیکن اب تک انفراسٹرکچر کی ترقی کے حوالے سے کوئی نمایاں پیش رفت نہیں ہوئی ہے۔ (مداخلت) سر، پلیز بولنے دیجئے، کچھ امپورٹینٹ ایشیوز ہیں، کارگل میں انجینئرنگ کالج کا اعلان ہوا ہے۔ زمین کی نشاندگی ہو چکی ہے۔ اور اب تک فنڈ منظور نہیں ہوا

ہے۔ میں نے اس مسئلے کو کئی بار ایم۔ایچ۔اے۔ اور فائننس منسٹری میں اُٹھایا تھا، لیکن بد قسمتی سے اس بجٹ میں بھی ان اداروں کے لئے فنڈ منظور نہیں کیا گیا۔ مناسب ہیلتھ کئیر اور ٹیکنیکل ایجوکیش انفراسٹرکچر کے بغیر لداخ Balanced Develoment حاصل نہیں کر سکتا ہے۔ لداخ اور دور دراز سرحدی علاقوں میں ہیلتھ سیکٹر شدید دباؤ میں ہیں، لوگوں کو بنیادی میڈیکل کیئر کے لئے سخت موسم کے لمبے فاصلے طے کرنے پڑتے ہیں۔

آنریبل پرائم منسٹر کا بارڈر کے علاقوں کو فرسٹ ولیج کے طور پر دیکھنے کا وِزن تبھی حقیقت میں بن سکتا ہے،

جب ہیلتھ، انفراسٹرکچر، ہیومن ریسورس اور کنیٹیویٹی کو مضبوط بنانے کے لئے کافی فنڈ مہیا کئے جائیں۔ ٹورزم سیکٹر
کا بھی پورا پوٹینشیل ابھی تک مکمل استعمال نہیں ہوا ہے۔ خاص طور پر
کارگل میں ایڈوینچر ٹورزم اور وِنٹر ٹورزم کی بڑی پوٹینشل موجود ہے۔

جوجیلا ٹنل کے اگلے ایک دو سال میں کھلنے کی توقع ہے، جس سے وِنٹر ٹورزم تیزی سے بڑھے گا۔ اس کے لئے ابھی سے تیاری شروع کرنی ہوگی۔, ice hockey, ice skating, snow skiing اور دیگر وِنٹر اسپورٹس، جن میں سے کئی اولمپک ڈیسپلنس ہیں، لداخ میں بہترین امکانات رکھتے ہیں، مگر مناسب ٹریک، ٹریننگ سہولیات اور انفراسٹرکچر کی کمی کو دیکھتے ہوئے اگر مناسب فنڈنگ مہیا کی جائے تو لداخ ایک وِنٹر اسپورٹنگ ڈیسٹی نیشن بن سکتا ہے۔جو مقامی نوجوانوں کے لئے ایکونومک اور ایمپلائمنٹ مواقع پیدا کرے گا۔

چیرمین صاحب، اس لئے فنڈس، فوکسڈ بجٹری ایلوکیشن اور لونگ ٹرم پلاننگ کی ضرورت ہے۔ شکریہ]

श्री विशालदादा प्रकाशबापू पाटील (सांगली) : सभापति महोदय, इस अवसर के लिए धन्यवाद।

महोदय, फोर्थ-लार्जेस्ट-इकोनॉमी, फास्टेस्ट-ग्रोइंग-इकोनॉमी और विकसित भारत की तो बहुत बात हो चुकी है, बहुत लोग इन विषयों पर बोल चुके हैं। I want to talk about 140 crore people of our country.

सर, यह बजट 53 लाख करोड़ रुपए के खर्चे का बना है। इसमें से अगर ब्याज का भुगतान और सैलरीज़ का भुगतान निकाल दें, तो प्रति व्यक्ति सिर्फ 14,000 रुपए का आवंटन इस बजट में किया गया है। पर-कैपिटा जीडीपी में हम आज 146वें नंबर पर आए हैं, because there is no concentration of per capita expenditure.

सर, माननीय मंत्री महोदया घोषणाएं तो बहुत करती हैं, उन्होंने अच्छी-अच्छी घोषणाएं की हैं। I congratulate the hon. Minister for doing that. They have also spoken that वर्ष 2022 तक सबको घर देंगे, लेकिन, ये यह नहीं कर पाए। इन्होंने किसानों की आय दोगुनी करने की बात भी की थी। इन्होंने ऐसी बहुत सारी घोषणाएं की थीं, मगर कुछ कर नहीं पाए। अब ट्रेड डील पर बहुत लोग बोल चुके हैं। यह ट्रेड डील है या टेढ़ी डील है, इस पर मैं ज्यादा समय नहीं दूंगा, लेकिन, बजट में उसके लिए कुछ प्रोविजन तो करना चाहिए था। हमारे किसान कॉटन यानी कपास उगाते हैं। मक्का और सोयाबीन पर जो इफेक्ट आने वाला है, इसलिए, उनको बचाने के लिए बजट में कुछ तो लाना जरूरी था। 'रुपी-अगेंस्ट-डॉलर' के बारे में बहुत लोग बोल चुके हैं, इसलिए, मैं उस पर नहीं बोलूंगा। मैं आपको बस यह बताऊंगा कि साउथ अफ्रीका का रैंड 12 और 15 परसेंट बढ़ा है। नाइजीरिया का 11 परसेंट और इजिप्ट का सात परसेंट बढ़ा है। So, while other countries have experienced growth, we have seen a decline.

Sir, we are talking about self-reliance – Atmanirbhar Bharat. But the trade deficit with China has now gone down to 99.02 billion US dollars. ये 'लाल आंख' की बात करते हैं, लेकिन, इन्होंने चाइना के लिए 'लाल कार्पेट' बिछा रखा है। आप देखिए

कि चाइना का माल अफगानिस्तान और नेपाल जाकर किशमिश, जो हमारे किसानों के लिए आय का इम्पॉर्टेंट स्रोत है, वह अब इम्पोर्ट हो रहा है, जिसकी वजह से किसानों का नुकसान हो रहा है।

सर, मैं और एक बात बताना चाहूंगा। न्यू इंप्लॉयमेंट जनरेशन स्कीम, जो मिनिस्ट्री ऑफ लेबर द्वारा लाई गई है। इन्होंने 20,000 करोड़ रुपए का बजट एस्टिमेट किया है और रिवाइज्ड एस्टिमेट सिर्फ 843 करोड़ रुपए का है। ऐसे ही इन्टर्नशिप स्कीम, जिसकी ये लोग बहुत चर्चा करते हैं। 10,831 करोड़ रुपए का इन्होंने बजट एस्टिमेट किया था और चुपचाप से उसको 526 करोड़ रुपए कर दिया। इस बजट में बजट एस्टिमेट को घटकार 4,788 करोड़ रुपए, यानी आधा कर दिया। सरकार यह कहती है कि युवा घर से पांच किलोमीटर से ज्यादा दूर नहीं जाना चाहते हैं, इसलिए, फेल्योर हुआ है। That is not the reason for failure. बस जुमला मारो, सारी गलतियां दूसरों पर डालो, यह सरकार ऐसा नहीं कर सकती है। इसमें कुछ तो और करना जरूरी है।

Sir, then, they have spoken National Scheme for ITI Upgrdation Scheme. तीन हजार करोड़ रुपए का एलान किया। Actually, the Revised Estimate has come down to Rs. 356 crore. इसके बाद किसान तीन लाख और पांच लाख रुपए का जो कर्जा लेता है, उस पर इंट्रेस्ट सब्सिडी की बात इन्होंने की, सब्वेंशन की बात की। लेकिन, उसके आगे कुछ भी नहीं हुआ। अत: ये अनाउंस करते जा रहे हैं, हम तालियां बजा रहे हैं। एक्चुअल बजट और रिवाइज्ड एस्टिमेट तथा एक्चुअल खर्चे में बहुत बड़ा फर्क है। सर, मैं अपने निर्वाचन क्षेत्र के बारे में कुछ बताना चाहता हूं। हल्दी, किशमिश और गन्ना उत्पादकों के लिए इस बजट में कुछ नहीं किया गया। क्या सरकार उन्हें जरूरी नहीं मानती है? वेयरहाउसेज़ बनाने, कोल्ड स्टोरेजेज़ बनाने के लिए बजट में एडिशनल प्रोविजन करना था और हमारे स्टेट के लिए एडिशनल प्रोविजन करना था। वह भी ये नहीं कर पाए।

सर, जल जीवन मिशन में ये बस 60,000 करोड़ रुपए, 80,000 करोड़ रुपए या 90,000 करोड़ रुपए का बजट बना देते हैं, लेकिन, खर्चा तो कुछ नहीं होता है और न ही ये स्टेट में कंट्रोल

ला सकते हैं। अगर नहीं हो रहा है, तो आप जल जीवन मिशन को टेकओवर कीजिए, लोगों को पीने के लिए पानी चाहिए है। मैं ज्यादा नहीं बोलूंगा और 25-30 सेकेंड्स में अपनी बात खत्म करूंगा। मुझे ज्यादा देर नहीं लगेगी। हमारे यहां इरीगेशन के लिए महसाल योजना है, टेम्भु योजना है, उसके लिए से एआईबीबी से पैसा मांग रहे हैं। मिनिस्ट्री के यहां से कोई मूवमेंट नहीं हो रही है। बहुत बारिश हो रही है, जिसकी वजह से सड़कें खराब हो रही हैं। नई सड़कों की मांग हो रही है, लेकिन, उसके लिए कुछ नहीं किया जा रहा है।

सर, सांगली में रेलवे के लिए बहुत मांग है। स्टेशन इम्प्रूव करने की मांग है, नई ट्रेन्स शुरू करने की मांग है, बड़ी-बड़ी ट्रेन्स के ठहराव की मांग है, लेकिन, बजट में कुछ नहीं किया गया है। मैं ज्यादा देर नहीं बोलूंगा, बस एक शायरी सुनाकर अपना भाषण खत्म करूंगा :-

"सिर्फ झूठे वायदों से देश की तकदीर नहीं बदलती
जीडीपी के आंकड़ों से किसान के हाथों की लकीर नहीं बदलती
आप पांच ट्रिलियन और विकसित भारत का जश्न मनाते रहो सदन में
मगर आपकी नीतियों और बजट से मेरे भारत की तस्वीर नहीं बदलती।"

धन्यवाद।

माननीय सभापति : विशाल जी, आप बार-बार बांग्लादेश के कॉटन की बात कर रहे हैं। आपके यहां महाराष्ट्र का कॉटन है। अगर बांग्लादेश के कॉटन पर उन्होंने ज़ीरो किया है, तो उनको अमेरिका से ही कॉटन खरीदना होगा। यहां की सरकार ने कॉटन पर कोई समझौता नहीं किया है।

… (व्यवधान)

DR. JAYANTA KUMAR ROY (JALPAIGURI): Hon. Chairperson, I thank you for giving me this opportunity to speak in this august House. … (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Nothing will go on record except Shri Jayanta Kumar Roy's speech.

… (*Interruptions*)...*

DR. JAYANTA KUMAR ROY: I rise today to strongly support this forward-looking Union Budget which reflects the Government's unwavering commitment to development with discipline, inclusive growth and cooperative federalism. The Budget for 2026-27 proposes a total expenditure of Rs.53.47 lakh crore with effective capital expenditure rising to Rs.17.14 lakh crore, a clear signal that this Government believes in building long-term national assets rather than indulging in short-term populism. At the same time, fiscal deficit has been contained at 4.3 per cent of GDP, reaffirming India's macro-economic credibility and investors' confidence.

This Budget is particularly significant for West Bengal. The total transfer to States and Union Territories stands at Rs.25.43 lakh crore, showing a substantial increase over previous years. This decisively exposes the false narrative of the TMC Government that Bengal is being deprived by the Centre. Funds are flowing, delivery is failing. Despite generous Central support, the people of West Bengal continue to suffer because of corruption, political obstruction, and administrative paralysis under the TMC regime. The Central schemes for housing, drinking water, roads, health and employment have been either stalled, distorted or weaponized for political gain. The Budget offers transformative opportunities for North Bengal in particular. Major thrust on infrastructure and connectivity including strategic rail and transport corridors will benefit the region immensely. Projects such as the Siliguri-Varanasi High

* Not recorded.

Speed Rail Corridor will integrate North Bengal with national economic and cultural hubs, strengthen tourism and trade and unlock Siliguri's potential as the gateway to Northeast, Nepal, Bhutan and Bangladesh.

The enhanced allocation for roads, transport, urban development, AMRUT, PM Awas Yojana, Jal Jeevan Mission, Swachh Bharat Mission, agriculture, irrigation, fisheries and rural livelihoods can fundamentally change the lives of people in districts like Darjeeling, Jalpaiguri, Alipurduar and Kooch Behar, if the State Government allows honest implementation.

I would also like to highlight the Corporate Mitra Scheme introduced in this Budget which is a forward-thinking reform aimed at reducing the compliance burden on MSMEs. By creating a cadre of trained professionals in Tier-2 and Tier-3 cities, this scheme will help small entrepreneurs with regulatory compliance, GST filings and formalization at affordable cost.

For North Bengal, with its MSME clusters in tea, agro-processing, tourism, handicrafts and small manufacturing, the Corporate Mitra Scheme can generate local skilled employment, strengthen entrepreneurship and bring thousands of small enterprises into the formal economy, provided the State machinery cooperates and does not politicize implementation.

This Budget clearly demonstrates that the Union Government is committed to inclusive regional balance to growth. Unfortunately, the TMC Government remains focused on appeasement politics, cut money culture and blame-shifting instead of governance. Let me state this unequivocally that the TMC Government has failed the people of West Bengal. This Budget lays a

strong foundation for a *viksit* North Bengal within a *Viksit Bharat*. I wholeheartedly support this Budget and express full confidence that under the visionary leadership of our hon. Prime Minister, India will continue on the path of growth, stability, and national resurgence. Thank you.

श्री राजकुमार रोत (बांसवाड़ा) : सभापति महोदय, आपने आज बजट पर बोलने का अवसर प्रदान किया इसके लिए धन्यवाद। 78 पेज के इस बजट भाषण में देश के जरूरतमंद आदिवासी, दलित, पिछड़े, किसान, मजदूर एवं शिक्षित बेरोजगारों हितों का कोई विशेष ध्यान नहीं दिया गया है। डबल इंजन के इस बजट में जरूरतमंद लोगों की उपेक्षा की गयी है।

माननीय सभापति महोदय, मैं विशेषकर इस बजट में शिक्षा को लेकर, विशेषकर आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में शिक्षण संस्थाओं की भौतिक सुविधाओं को लेकर उम्मीद थी, क्योंकि हमेशा राज्य सरकार कहती है कि केन्द्र का विषय है। समग्र शिक्षा के तहत वहां से बजट आता है। यहां केन्द्र कहता है कि राज्य का विषय है। आज राजस्थान राज्य का भी बजट आया। दोनों बजटों को हमने देखा, लेकिन राजस्थान के अंदर शिक्षण व्यवस्था को लेकर जो हालात हैं, वर्तमान में राजस्थान में 2,80,000 स्कूलों के कमरे बच्चों के बैठने लायक नहीं हैं। दो लाख से अधिक कक्षा-कक्ष जर्जर हैं और इस वर्तमान सरकार ने 1500 प्राथमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों को तीन-चार किलोमीटर दूर स्थित सीनियर स्कूलों में मर्ज करने का काम करके बच्चों को शिक्षा से वंचित करने का काम किया है। 100 से अधिक स्कूलें बंद कर दी गयी हैं। वर्तमान में टेंट, पेड़ के नीचे और किराये के मकान में सरकारी विद्यालय चल रहे हैं। हमें उम्मीद थी कि इस बजट में शिक्षा को लेकर विशेषकर राजस्थान के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के लिए विशेष पैकेज आएगा, लेकिन ऐसा कुछ हुआ नहीं है। आज देखा राजस्थान के बजट में भी ऊंट के मुंह में जीरा वाली बात करके इतिश्री करने का काम किया है।

माननीय सभापति महोदय, वर्तमान में हम कहते हैं कि इस देश को आत्मनिर्भर भारत बनाना है। आत्मनिर्भर भारत तभी बन पाएगा, जब इस देश का आदिवासी, पिछड़ा, दलित

समुदाय आत्मनिर्भर होगा, तभी आत्मनिर्भर देश की जो कल्पना कर रहे हैं, वह पूरी हो पाएगी और वह आदिवासी, दलित, पिछड़ा समुदाय आत्मनिर्भर तभी बन पाएगा, जब उनको हम उनको मूलभूत सुविधा विशेषकर शिक्षा को लेकर उपलब्ध करा पाएंगे।

माननीय सभापति महोदय, आज 150वीं बिरसा मुंडा जयंती मनाई जा रही है। इसको राष्ट्रीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। हमें इस बात का गर्व है, लेकिन बिरसा मुंडा कौन थे? बिरसा मुंडा तत्कालीन समय में जमींदार और अंग्रेजों के लिए एक विद्रोही एवं देशद्रोही थे और आज वह हमारे लिए एक क्रांतिकारी हैं, एक भगवान हैं, एक आदर्श हैं। वे जल, जंगल, जमीन की लड़ाई लड़ते थे, वही आज का हिडमा आज के परिपेक्ष्य में आपकी नजर में नक्सलवादी है, लेकिन हो सकता है कि भविष्य में आने वाली पीढ़ी के लिए वह बिरसा के रूप में जाना जाए। आज बस्तर का जो पूरा आदिवासी इलाका है।

माननीय सभापति : आप भगवान बिरसा मुंडा की हिडमा के साथ कैसे तुलना कर रहे हैं?

श्री राजकुमार रोत : सभापति महोदय, मैं उस बात को जानना चाह रहा हूं कि आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र का युवा हथियार क्यों पकड़ रहा है? हमें उनको कलम, कागज पकड़ाने की जरूरत थी, लेकिन वह हथियार पकड़ रहा है। मैं आपको बताना चाहूंगा और सरकार भी कह रही है कि हम भी चाहते हैं और मैं इस सदन के अंदर से उस क्षेत्र के आदिवासी युवाओं से अपील करना चाहता हूं कि आपको जल, जंगल, जमीन की लड़ाई कलम और कागज से लड़ने की जरूरत है, हथियार उठाने की जरूरत नहीं है। यह अलग समय है। मैं बताना चाहूंगा कि नक्सलाइट उन्मूलन के नाम से कांग्रेस सरकार ने वर्ष 2005 से 2011 तक सलवा जुडूम अभियान चलाया। उस समय एक खूनी संघर्ष हुआ, सरकार के द्वारा एक खूनी खेल खेला गया। उस 500 आदिवासी नक्सली के नाम पर मारे गए, 800 से अधिक हमारे जवान शहीद हए, 1500 से अधिक आम आदिवासी मारे गए और हजारों आदिवासी बहन, बेटियों के साथ बलात्कार हुआ। आज वर्तमान समय में भी वहीं चीजें हुई, 500 के आसपास आदिवासी समुदाय नक्सलाइट के नाम से मारे गए। सभापति महोदय, यह बात इसलिए बता रहा हूं कि आज हम जिसका नक्सलाइट कह रहे हैं वह इस देश

का आदिवासी है और यह भी जानना पड़ेगा कि इस देश का मूल मालिक है। माननीय सभापति महोदय, इस सदन के अंदर आदिवासियों के हक, अधिकार की बात आती है... (व्यवधान)

माननीय सभापति : आप इस सदन के जिम्मेदार सदस्य हैं। क्या आप उनको महिमामंडित करने का काम करेंगे? आप एक प्रतिनिधि हैं।

श्री राजकुमार रोत : माननीय सभापति महोदय, इस देश का आदिवासी अगर जल, जंगल, जमीन की बात कर रहा है, मैं मानता हूं वह हथियार उठा रहा है, मैं यह भी चाहता हूं वह खत्म होना चाहिए, लेकिन चायना से लाकर उनको हथियार देने वाले लोग कौन हैं? यह भी सफाई होनी चाहिए। मार्च, 2026 में नक्सलाइट खत्म होना चाहिए, लेकिन वे बड़े लोग कौन हैं जो हथियार सप्लाई कर रहे हैं?

माननीय सभापति : कृपया समाप्त कीजिए।

श्री राजकुमार रोत: माननीय सभापति महोदय, मेरे क्षेत्र में अंग्रेजी शासनकाल में कई अत्याचार हुए। इस देश के आदिवासी समुदायों में सबसे बड़ा समुदाय भील समुदाय है और भील समुदाय के साथ अनेक अत्याचार हुए। सबसे बड़ा अत्याचार आज़ादी के बाद इस भील समुदाय को चार राज्यों राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और केन्द्रशासित प्रदेशों में बांट दिया गया। दूसरा, सबसे बड़ा अत्याचार हुआ, ऐतिहासिक अन्याय वर्ष 1966 में हुआ उस एरिया से माही नदी गुजरती है।

माननीय सभापति : कृपया अब समाप्त करें।

श्री राजकुमार रोत : माननीय सभापति महोदय, मेरा समय तीन मिनट हुआ है, एक मिनट लास्ट है। एक मिनट में अपनी बात समाप्त करूंगा।

माननीय सभापति : छह मिनट हो गए हैं।

श्री राजकुमार रोत : सभापति महोदय, एक मिनट में अपनी बात रखना चाहूंगा।

मैं चाहता हूं कि माही और कगड़ी जो बांध बने हुए हैं, उन बांधों पर बृहद सिंचाई परियोजना करके बांसवाड़ा, डुंगरपुर आदिवासी बहुल क्षेत्र की जनता को लाभ पहुंचाया जाए। हमारी यह मांग

है और हम अच्छी एजुकेशन, अच्छी हेल्थ चाहते हैं । आज सबसे पिछड़े हुए इलाके में बच्चे कुपोषित हैं। वे कुपोषित क्यों हैं? हम विकसित भारत की बात कह रहे हैं।... (व्यवधान)

माननीय सभापति : धन्यवाद। आपकी बात आ गई है।

श्री दामोदर अग्रवाल जी।

श्री राजकुमार रोत : अगर इस देश के आदिवासियों के साथ न्याय नहीं होगा तो विकसित भारत की कल्पना पूरी नहीं हो सकती है। मेरी अंतिम मांग यह है कि वर्तमान में रोजगार गारंटी को लेकर एक बड़ा इश्यु चल रहा है, आप 125 दिन करने की बात कर रहे हैं, लेकिन पिछले दो साल में 100 दिन का काम कितने लोगों को दिया गया है? आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के लिए मेरा अनुरोध है कि केन्द्र सरकार उनको जो 4500 रुपये दे रही है, उससे घर नहीं चल सकता है। हमें कम से कम 10 हजार रुपये उनको देना चाहिए । वर्तमान समय में स्कूलों के अंदर पोषाहार बनाने वाली जो महिलाएं हैं, उनको हजार रुपये दिए जा रहे हैं। उनका हजार रुपये में कैसे घर चलेगा?

16.22 hrs (Shrimati Sandhya Ray *in the Chair*)

उनके लिए मेरा सरकार से अनुरोध है कि सरकारी विद्यालयों में पोषाहार बनाने वाले जो मजदूर हैं या महिलाएं हैं, उनको कम से कम 5 से 7 हजार रुपये तनख्वाह दी जाए। साथ ही लखपति दीदी के नाम से इस देश की महिलाओं के साथ एक छलावा किया जा रहा है।... (व्यवधान)

माननीय सभापति : आप अपनी बात कंपलीट कीजिए।

श्री राजकुमार रोत : मेरी अंतिम मांग है, अब मैं कुछ नहीं बोलूंगा, क्योंकि हो सकता है कि मेरे भाषण से किसी को दिक्कत हो जाए। मेरी मांग मूल रूप से यही है कि आदिवासी बहुल क्षेत्र के अंदर शिक्षा व्यवस्था, स्वास्थ्य के विषय पर सरकार विशेष ध्यान दे । माही और कगड़ी बड़ा प्रोजेक्ट है, इस प्रोजेक्ट से बृहद सिंचाई परियोजना बनाई जाए । जल, जंगल, जमीन में जो आदिवासी हजारों सालों से रह रहे हैं, उनके पास कागज नहीं हैं, उनके पास कागजी अधिकार नहीं है। मैडम, एक बात समझनी पड़ेगी। इस बात को समझना पड़ेगा कि कागज कब जाएगा? जब वहां एजुकेशन होगी तो कागज जाएगा? हमने उनको एजुकेशन ही नहीं दी है ।... (व्यवधान) अब

एजुकेशन ही नहीं दी है तो वह कागज कैसे जाएगा? … (व्यवधान)

माननीय सभापति : श्री दामोदर अग्रवाल जी।

श्री दामोदर अग्रवाल (भीलवाड़ा) : सभापति महोदया, मुझे वर्ष 2026-2027 के बजट के समर्थन में बोलने का अवसर देने के लिए आपका बहुत-बहुत आभार। इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं है कि 12 वर्ष पहले जब यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने एनडीए की सरकार का काम संभाला तो उस समय सोने की चिड़िया कहलाने वाले भारत की आर्थिक व्यवस्था बैसाखियों के सहारे चल रही थी। लेकिन हमारी एनडीए की केंद्र सरकार ने लोक लुभावन के स्थान पर जनहित को प्राथमिकता देते हुए अंत्योदय को प्राथमिकता दी है। गत 12 वर्षों में हमारी केंद्र सरकार ने आत्मनिर्भर भारत को अपना लक्ष्य मानते हुए घरेलू विनिर्माण क्षमता एवं ऊर्जा सुरक्षा का निर्माण किया है। माननीय प्रधान मंत्री जी की इस दूरगामी सोच का ही परिणाम है कि हमने एक तरफ आज देश के लिए महत्वपूर्ण उत्पादों के लिए आयात निर्भरता को कम किया है, वही दूसरी ओर रोजगार सृजन, कृषि उत्पादकता में बढ़ोतरी, लोगों की क्रय शक्ति और लोगों के लिए सर्वव्यापी सेवाओं की सहायता हेतु सरकार ने हर प्रकार का प्रयास करते हुए सीधा लाभ पंक्ति में अंतिम स्थान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयत्न किया है। 7 प्रतिशत की उच्च विकास दर हासिल करना अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है।

राष्ट्र निर्माण की इस भावना को आगे बढ़ाते हुए केन्द्रीय वित्त मंत्री आदरणीया श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने एक बार फिर देश के समग्र विकास को केंद्र में रखकर जो बजट प्रस्तुत किया है उसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, घुमंतू, किसानों, श्रमिकों, महिलाओं, युवाओं, आधारभूत संरचना और आर्थिक सुधारों को प्राथमिकता दी गई है।

महोदया, इस बार के बजट में अनिर्णय के बजाय कार्रवाई, भाषणों के बजाय सुधार और लोक लुभावन वादों के बजाय जनता को प्राथमिकता दी गई है। इस बजट में वर्ष 1996 व 2004 से 2014 की पुरानी सरकारों की तरह अपने कर्तव्यों से इतिश्री करने की बजाय विकास, क्षमता निर्माण एवं समावेशी अवसर दिए गए हैं, जिससे संतुलित और सतत विकास को सुनिश्चित किया

गया है। लगभग 10 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि से रोजगार और आय में वृद्धि होगी। इस बजट में जीएसटी एवं श्रम संहिताओं सहित 350 सुधार किए जा रहे हैं।

जिससे व्यापार में सुगमता बढ़ेगी। सरकार द्वारा इंडिया सेमीकन्डक्टर मिशन 2.0 प्रारंभ किया जा रहा है, जिससे चिप आयात पर निर्भरता मे कमी होगी और रणनीतिक आत्मनिर्भरता बढ़ेगी। दुर्लभ मृदा स्थायी चुम्बकों हेतु अनुसंधान, खनन और निर्माण योजना से ईवी, रक्षा और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों को मजबूती प्राप्त होगी। घरेलू उत्पादन बढ़ाने हेतु तीन रासायनिक पार्क के निर्माण से रसायन आयात में कमी और औद्योगिक आधार मजबूत होगा। इस बार के बजट में विशेष तौर से 200 पुराने औद्योगिक क्लस्टरों के पुनरुद्धार की योजना प्रशंसनीय है। इस बजट में तीन प्रतिशत तक राजकोषीय घाटे से सतत ऋण और आर्थिक स्थिरता बढ़ेगी। मानसिक रोग और वृद्ध देखभाल का विस्तार किया जाएगा, जिससे सामाजिक कल्याण में सुधार होगा। सात हाई स्पीड रेल कॉरिडोर की सहायता से यातायात और सुगम होगा। कैंसर की दवाओं के साथ-साथ अन्य बीमारियों की 17 दवाओं पर शुल्क कम करने से सस्ती दवाएं सुलभ होंगी।

माननीय सभापति महोदया, रेशम, ऊन और जूट जैसे प्राकृतिक फाइबर एवं मानव निर्मित फाइबर में आत्मनिर्भरता हेतु राष्ट्रीय फाइबर योजना महत्वपूर्ण है। मशीनरी-प्रौद्योगिक उन्नयन हेतु पूंजीगत सहायता और चुनौती मोड़ में मेगा टेक्सटाइल पार्क से तकनीकी टेक्सटाइल पर फोकस होगा। ट्रेडर्स के साथ एमएसएमई को सात लाख करोड़ रुपये की धनराशि उपलब्ध कराई गई है। वित्तीय तरलता से व्यवसाय सुगम होगा। टियर-2 और टियर-3 कस्बों के विकास पर फोकस से पांच लाख तक की आबादी वाले कस्बों के इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास होगा। वर्ष 2004-2014, यानी मनमोहन सिंह जी के 10 वर्ष में इंफ्रास्ट्रक्चर पर जितना फंड नियोजित किया गया, उन 10 वर्षों के फंड के बराबर इस एक साल के बजट में 12 लाख 20 हज़ार करोड़ रुपये खर्च करने का प्रस्ताव देश के मौलिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। DBT के अंतर्गत 56 मंत्रालयों की 327 योजनाओं के माध्यम से लगभग 93 करोड़ लाभार्थियों को 46 लाख करोड़ रुपये का सीधा लाभ पहुँचने से भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा है। 20 नए राष्ट्रीय जलमार्ग, सात उच्च गति रेल

कॉरिडोर्स, 15 पुरातत्व एवं सांस्कृतिक पर्यटन स्थलों को विकसित करने का प्रस्ताव अभिनंदनीय है। 11 वर्षों में 25 करोड़ लोगों का गरीबी रेखा से ऊपर उठना बहुत बड़ी उपलब्धि है। भारतीय योग को माननीय प्रधान मंत्री जी के उल्लेखनीय प्रयासों से मिली वैश्विक पहचान के बाद अब आयुर्वेद की वैश्विक स्वीकार्यता हुई है। उच्च शिक्षा में छात्राओं को आने वाली चुनौतियों के लिए प्रत्येक जिले में एक महिला छात्रावास की स्थापना अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है। मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए 500 जलाशयों और नारियल उत्पादकों के संवर्धन का प्रस्ताव महत्वपूर्ण है।

सभापति महोदया जी, राजीविका बहनों पर आज़ादी के बाद माननीय प्रधान मंत्री जी ने ध्यान देकर तीन करोड़ लखपति दीदी का लक्ष्य हासिल करने के उद्देश्य से काम किया है। अब उनके घरेलू उत्पाद के लिए खुदरा आउटलेट की स्थापना से उन्हें बाजार उपलब्ध होगा। गरीब और कमजोर तबके को दुर्घटना या अन्य आपातकालीन स्थिति में सहायता के लिए 50 प्रतिशत जिला अस्पतालों में आपातकालीन और ट्रॉमा सेंटर की स्थापना बहुत महत्वपूर्ण है। पूर्वोत्तर राज्यों में 4000 ई-बसों का संचालन और इसी के साथ में पिछले समय में आयकर दाताओं को 12 लाख रुपये तक की कर मुक्त आय एवं नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी जैसे प्रयासों ने आम उपभोक्ताओं को भारी राहत दी है। अब भारत के युवा केवल सरकारी नौकरी की लाइन में खड़े नहीं होते, बल्कि स्वयं का स्टार्ट अप प्रारम्भ कर रोजगार प्रदाता बन रहे हैं।

मैं अंतिम बात कहना चाहूंगा कि माननीय प्रधान मंत्री जी के दूरदर्शी नेतृत्व के कारण आज भारत और भारतीय की प्रतिष्ठा विश्व जगत में बढ़ी है। अर्थव्यवस्था का बारहवें पायदान से चौथे पायदन पर आ जाना सुखद अनुभव है। प्रति व्यक्ति आय में इजाफा और क्रय शक्ति में बढ़ोतरी के साथ आम व्यक्ति का जीवन उत्कृष्ट हुआ है। सात प्रतिशत उच्च विकास दर और न्यूनतम महंगाई दर सरकार की बेहतर वित्तीय प्रबंधन का उदाहरण है। ईयू से ट्रेड डील विश्व पटल पर अत्यंत महत्वपूर्ण हो कर भारत को तीसरी आर्थिक शक्ति बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पड़ाव है।

मैं माननीय प्रधान मंत्री जी के कुशल मार्गदर्शन में वित्त मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत बेहतरीन बजट का हृदय से समर्थन करता हूं। धन्यवाद।

भारत माता की जय।

वंदे मातरम्।

***SHRI GURMEET SINGH MEET HAYER (SANGRUR):** Thanks, Madam Chairperson. This is the 3rd budget since I have come to this House and Punjab hasn't even found a mention in the 3 consecutive budgets. Area of Punjab is almost 1.5% of the country and the population is also about 2.3%. Despite these facts, Punjab provides 40% of wheat and 26% of paddy to the country. This is not the only contribution.

Punjab has contributed in several important sectors. Thus, in a joint family, the elder son doesn't get any recognition despite his major contribution in strengthening the family. So our farmers didn't get any relief be it fulfilling the promise of MSP or diversification of crops. So we, the people of Punjab are being directly tortured and we are suffering due to the central policies.

Punjab has either got agriculture or some industry and also the youth of the state is in the army. Jai Jawan Jai Kisan is mentioned on the rear side of tractor trollies. In the families having two sons, one is sent to the army while the other is engaged in agriculture, but due to your policies, particularly the new Agniveer scheme, the recruitment of Punjabis in the army in the last 2 years has come down by 70% i.e. 1.2% from 7.7%. It was a direct loss to us on one side and on other hand, we suffer due to recent agreements with the United States.

It is for the first time that instead of protecting the farming, they are

* English translation of the speech originally delivered in Punjabi.

interfering in it. It is mentioned in a note of 9th February on the website of White House of US that they will be investing in food and agriculture sector of India. You will see that it will not stop on apple and soyabean, the road opened by you will reach or wheat and paddy also.

Please see that the Indian farmers get only 6% subsidy and the American farmers get Rs.27 lacs and how our farmers getting only Rs.6000 will be able to complete with Americans. This is not at all understandable as to why this agreement was required because on one side we are dying economically and on the other hand, our honour is also at stake.

Sometimes in Punjab, a farmer takes land through auction even anticipating loss but does so for the sake of honour. Our money is vanishing and on other hand in an executive order dated 6th February they have stated ongoing monitoring on us. Are we thieves? Will we sell or buy oil from Russia? So I fail to understand that why this deal has been signed. This agreement will put us in a losing position.

If we talk of Punjab, nothing has been done for our agriculture or industry. During the period of militancy, the then Governor BD Pandey in his book In Service of Free India had mentioned that even during that period industry of Punjab was doing better than the entire country. Our industry didn't die at that time but it perished when our neighbouring states were made tax havens.

Today, Punjab has suffered due to the policies of the Centre. So I request that despite Punjab not being on agenda of the Centre, at least during

election year when other states are getting packages, our state of Punjab should also be given some package to revive and improve our industry.

Thanks.

श्री बृजमोहन अग्रवाल (रायपुर) : माननीय सभापति महोदया, मैं माननीय वित्त मंत्री जी को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। उन्होंने जो बजट प्रस्तुत किया है, यह बजट देश को तरक्की देने वाला बजट है। यह बजट विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने वाला बजट है। यह बजट संकल्प को ठोस आधार देने वाला बजट है। यह बजट योजनाओं से आगे बढ़कर परिणामों को देने वाला बजट है । यह बजट किसानों के सम्मान का बजट है, युवाओं के अवसर का बजट है । यह बजट महिलाओं के सशक्तीकरण का बजट है, यह बजट गरीबों की सुरक्षा का बजट है।

माननीय सभापति महोदया, मैं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को सुन रहा था, वह मार्शल आर्ट के बारे में बोल रहे थे। मार्शल आर्ट तो विदेशी आर्ट है, मोदी जी धोबी पछाड़ जानते हैं। कभी आपने कुश्ती देखी है? कुश्ती में क्या होता है? उसी धोबी पछाड़ के कारण तीन चुनाव जीते और आपको विपक्ष में बैठना पड़ा है। कभी आपने देखा है कालाजंग? कुश्ती का एक दावं है। राहुल जी, मार्शल आर्ट से काम चलने वाला नहीं है, आपको कुश्ती सीखनी पड़ेगी, आपको कबड्डी सीखनी पड़ेगी। आपको भारत के खेल सीखने पड़ेंगे, जब तक आप भारत के खेल नहीं सीखेंगे, तब तक आपको विपक्ष में बैठना पड़ेगा।

मोदी जी भारतीय हैं, भारत की चिंता करते हैं और भारत को जानते हैं। वह पूरे भारत में घूमे हैं। वे गांव, गरीब, किसान, जवान, मजदूर और महिलाएं, सभी के लिए चिंता करने वाले हैं। यह इस बजट में दिखाई दे रहा है।

वह सेलिंग डाटा की बात कर रहे थे। यूपीए की सरकार में 2जी स्कैम क्या था? सेलिंग डाटा किसने किया था? इसके बारे में उनको बताना चाहिए, स्पैक्ट्रम पसर्नल एटीएम बन गए थे। स्पैक्ट्रम बेचकर वह पैसा कमा रहे थे। आज भी भ्रष्टाचार की जांच चल रही है। आप सेलिंग डाटा के बारे में बताएं? क्यों नहीं बताना चाहते हैं? आप उसके बारे में चर्चा क्यों नहीं करते ?

माननीय सभापति महोदया, मैं राहुल गांधी जी को सुन रहा था, उन्होंने कोई अच्छी बात नहीं की। उनको यह बजट समझ में नहीं आया। यह बजट खर्च का बजट नहीं है, निवेश का बजट है। कांग्रेस ने खाली खर्च किया है, मुझे मालूम है, कहां बोलना है। यह देश के भविष्य का बजट है। हम उज्ज्वल वर्तमान की ओर देखते हैं तो अतीत की परछाइयां स्वत: ही सामने आ जाती है कि इन्होंने क्या-क्या काले कारनामे किए थे। 60 साल तक देश कैसे डुबोया था।

माननीय सभापति महोदया, देश में संभावनाएं थीं, किन्तु इनके पास में दिशा नहीं थी। संसाधन थे, लेकिन इनके पास संकल्प नहीं था, जनसंख्या थी, किन्तु इनके पास योजना नहीं थी। भारत के पास अवसरों का महासागर था, किन्तु भारत विकास की बूंद-बूंद के लिए तरसता था।

कांग्रेस शासन एक लेखक की तरह था, जिसके पास कागज थे, किन्तु उसकी कलम में स्याही नहीं थी, वह क्या लिखते? आज भी वही परंपरा है, वही परंपरा राहुल जी में भी दिखायी देती है। वह राजनीति के एक ऐसे कवि हैं, जो भावनाओं की कविता तो लिखते हैं, किन्तु यथार्थ की गद्य भाषा उनको नहीं आती है। वह देश को मंजिल दिखाने चले हैं, किन्तु स्वयं को रास्ता मालूम नहीं है। सदन में क्या बोलना है, क्या नहीं बोलना है, उनको यह भी समझ में नहीं आता है।

अध्यक्ष जी टोकते हैं, वह नियम-कायदे नहीं जानते हैं। अपनी महिला सांसदों को प्रधानमंत्री की कुर्सी तक भेज देते हैं, क्या नियम जानते हैं? क्या यही नियम-कानून जानते हैं, यही अनुशासन जानते हैं? यही लोकतंत्र जानते हैं? जब उनकी गलतियों को रोकने का काम लोक सभा अध्यक्ष करते हैं तो उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लेकर आते हैं। मैं इसकी निंदा करता हूं। आप लोक सभा की कार्यवाही को ठीक तरह से चलाना नहीं चाहते हैं। ... (व्यवधान) मैं बजट पर ही बोल रहा हूं।

शब्द बहुत हैं, लेकिन सुझाव नहीं हैं। नेता प्रतिपक्ष को सरकार को सुझाव देना चाहिए कि सरकार को क्या-क्या करना चाहिए। उनके पास आरोप बहुत हैं, पर आत्मचिंतन नहीं है। उनके पास नारे बहुत हैं, नीतियां नहीं हैं। वह कैसे-कैसे प्रश्न उठाते हैं। इन्हें अपने खानदान की

विफलताओं के बारे में बताना चाहिए। आपके खानदान के कितने लोग 60 सालों तक प्रधान मंत्री रहे? उस समय देश इतना आगे क्यों नहीं बढ़ा ? मोदी जी के 11 सालों के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है । आप गरीबी की बातें करते हैं, लेकिन अपने शासन में गरीबी मिटा नहीं पाए । आप बेरोजगारी पर भाषण देते हैं, पर अपने दौर में उद्योग खड़े नहीं कर पाए। आप भ्रष्टाचार पर बोलते हैं, पर आपकी सरकार घोटोलेबाजों की प्रयोगशाला बनी रही।

महोदया, 60 वर्षों तक ये सत्ता में रहे, लेकिन इनके बजट में देश पिछड़ता रहा । यह दुर्भाग्य नहीं, विफल नेतृत्व का परिणाम है । आज जब मोदी जी के नेतृत्व में बजट आ रहा है, निर्मला सीतारमण जी बजट प्रस्तुत कर रही हैं, तो आज देश का युवा खुश है, देश की महिला खुश है, देश के किसान खुश हैं, देश की एमएसएमई इंडस्ट्रीज़ खुश हैं । कांग्रेस में वंश की छाया रही, विचारों की कमी रही । साहस अनुपस्थित रहा । इन्होंने जनता की सेवा नहीं, केवल सत्ता को अपनी धरोहर मान लिया। नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों में देश ने गति पाई है। देश ने गौरव पाया है, वैश्विक पहचान बनाई है। आज भारत इस बजट के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत बन रहा है। नया बजट आत्मविश्वास का परिणाम है। यह बजट कहता है कि अब भारत रुकेगा नहीं, झुकेगा नहीं, थमेगा नहीं।

महोदया, राहुल जी की राजनीति अतीत की डायरी हो गई है। उसके पन्ने पीले हो गए हैं। भविष्य की पुस्तक यदि कोई लिख रहा है, भारत के भविष्य की पुस्तक यदि कोई लिख रहा है, तो वे हमारे प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी हैं। वह इस बजट के माध्यम से लिख रहे हैं, जिसके पृष्ठ पर इस देश का विकास लिखा हुआ है। मैं पूरे विश्वास के साथ कहता हूं कि भारत की नींव अगर विफलताओं पर रखी गई थी, तो उनकी सफलता की नींव यदि कोई रख रहा है, तो वह देश के प्रधान मंत्री हैं। …(व्यवधान)

महोदया, अभी तो मैंने बोलना शुरू किया है । ये बात कर रहे थे भारत विस्तार एआई मिशन। एआई मिशन के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के किसानों को भी फायदा मिलेगा। छत्तीसगढ़ी भाषा में भी किसानों को खेती करने का तरीका बताया जाएगा। किसानों को पहले 1310 रुपये धान का

सपोर्ट प्राइस मिलता था। आज 2369 रुपये मिल रहा है और छत्तीसगढ़ में 2100 रुपये दे रहे हैं। मोदी जी की गारंटी को पूरा किया जा रहा है। पूरे देश में कांग्रेस की सरकार क्या इतना पैसा दे रही थी? कांग्रेस सरकार के समय सड़क 12 किलोमीटर प्रतिदिन बनती थी, आज 33 किलोमीटर प्रतिदिन बन रही है। राहुल जी के परिवार के राज में भारत की विश्व के 5 देशों में गिनती होती थी, आज भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था मोदी जी के नेतृत्व में बना है।

महोदया, 40 हजार करोड़ रुपये से आज बैटरियां, सेमीकंडक्टर्स बन रहे हैं। उनके लिए रेयर अर्थ मिनरल्स की जरूरत है। छत्तीसगढ़ में लिथियम मिला है, उसका विकास होगा और कॉरिडोर बनेगा। रेयर अर्थ के लिए 40 हजार करोड़ रुपये रखे गए हैं। भुवनेश्वर से विशाखापट्नम तक स्पीड कॉरिडोर में हमारे छत्तीसगढ़ को भी जोड़ा जाएगा । छत्तीसगढ़ विकसित होगा । राजकोषीय घाटा इनके समय 8.9 प्रतिशत होता था, जो आज 4.4 प्रतिशत हो गया है । इनके समय में रेलवे ट्रैक 6.4 किलोमीटर प्रतिवर्ष बनते थे, आज वे 100 किलोमीटर प्रतिवर्ष बन रहे हैं। अब 15 हजार स्कूल्स और 7 हजार कॉलेजेज़ बनेंगे और वे केवल खेलने के लिए नहीं बनेंगे। वहां पर खेल का सामान बनाने की प्रयोगशाला बनेगी। उनको विकास मिलेगा। महिलाओं के लिए हर जिले में गर्ल्स हॉस्टल्स बनेंगे और उन हॉस्टल्स के माध्यम से महिलाओं का तेजी से विकास होगा।

महोदया, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूँ कि आज हमारे देश का बजट 53 लाख 47 हजार करोड़ रुपये का हो गया है। हमारा पूँजीगत व्यय अब 12 लाख 22 हजार करोड़ रुपये का हो गया है। हमारा प्रभावी पूँजीगत व्यय 17 लाख 15 हजार करोड़ रुपये का हो गया है। हमारे रक्षा बजट को देखिए। अगर पाकिस्तान और चीन को सबक सिखाना है, ये लोग तो घोंसलों में घुस जाते थे, … (व्यवधान) अब मोदी जी की सरकार ने बजट में इतनी व्यवस्था की है कि हमारे सैनिकों को पूरे साजो-सामान मिलेंगे और अगर पाकिस्तान में घुसकर मारने की आवश्यकता होगी तो वह भी हम करेंगे। जल-जीवन मिशन के तहत, घर-घर पानी पहुँचाने के लिए 67,670 करोड़ रुपये की व्यवस्था है। शिक्षा के लिए 42,100 करोड़ रुपये की व्यवस्था है।

महोदया, आज के अवसर पर मैं आपके माध्यम से पूरे देश को बताना चाहता हूँ कि विदेश में जो हमारे छात्र पढ़ने जाते हैं, उन पर 5 प्रतिशत ब्याज लगता था, लेकिन अब वह 2 प्रतिशत लगेगा। जो छात्र चिकित्सा शिक्षा के लिए विदेश में जाएंगे, उनको जो 5 परसेंट ब्याज लगता था, वह भी अब 2 परसेंट लगेगा। हमारे देश के छात्र अब विदेशों में उच्च शिक्षा प्राप्त कर पाएंगे और इसके माध्यम से हमारी युवा पीढ़ी तेजी से विकसित होगी।... (व्यवधान)

माननीय सभापति : श्रीमती हरसिमरत कौर बादल जी।

श्री बृजमोहन अग्रवाल : महोदया, गृह ऋण, जिनके पास दो घर हैं, उनको गृह ऋण के ब्याज में भी आयकर से छूट दी गई है। कानूनों का सरलीकरण किया गया है।... (व्यवधान) 10 हजार करोड़ रुपये बीफार्मा की सख्ती के लिए रखा गया है। आर्थिक सम्पूर्णता के लिए कंटेनर चाइना से आते थे, अब 10 हजार करोड़ रुपये हमारे माल को विदेश में निर्यात करने के लिए कंटेनर के लिए रखा गया है। सेमीकंडक्टर के लिए 40 हजार करोड़ रुपया रखा गया है।... (व्यवधान) कांग्रेस के जमाने में हमारे बैंक्स करप्ट हो गए थे, अब हमारे बैंक प्रॉफिट में आ गए हैं।... (व्यवधान)

SHRIMATI HARSIMRAT KAUR BADAL (BATHINDA): Madam, for the first time in the history of this country, the Union Budget was presented on a Sunday and that too on the auspicious occasion of Guru Ravidas Jayanti.

*Guru Ravidas says, “Garib Nawaz is my lord who bestows Crown on your head.” He was such a Guru who became voice of the poor and oppressed and contributed most for their uplifting and that is why he is revered. When the budget is presented on his birthday falling on a Sunday, it was but natural that the poor and backward people of Punjab had high hopes regarding the ideology of Guru Ravidas. They hoped that the Prime Minister will surely give something big to the poor and oppressed people of Punjab in the budget at

..... English translation of this part of speech was originally delivered in Punjabi.

Jalandhar while paying respect to Guru Ravidas or will announce in Punjab.*

The hon. Minister says that the Government's *Sankalp* is to focus on the poor, underprivileged and disadvantaged, and to deliver this *Sankalp*, she is inspired by three *Kartavyas* – Accelerate and sustain economic growth; fulfil the aspirations of the people; and ensure '*Sabka Saath Sabka Vikas'* – so that every community and every region have access to resources and opportunities for meaningful participation.

Madam, I would like to only ask what was in this budget that will speed up the growth of Punjab and fulfill the aspirations of people of Punjab. I am in this House for the last 18 years and I can say that after 2015, Punjab has not been given even petty assistance in any of the budgets. Not even a single developmental work has been done. Nothing can be more shameful.

You speak of something like '*Sabka Saath*' and you neglect it. आपके रिफार्म्स एक्सप्रेस तक पहुंचते ही नहीं हैं। उधर कोई स्टॉप ही नहीं हैं। You treat Punjab as if Punjab is not even a part of this country. Every year, we give over Rs. 2000 crore in taxes to the Central Pool. Yet, when it comes to getting something, I am sorry to say, there is nothing for us. That is why the Inequality Report of 2026 says that inequality in India is amongst the highest in the world showing very little improvement and this says everything about '*Sabka Saath'*.

*Punjab has the maximum population of Scheduled castes in the country which is about 32%. What to talk about Punjab government of AAP, they are on a lootIng spree and the farmers and poor labourers are not getting their

..... English translation of this part of speech was originally delivered in Punjabi.

rights. No development is taking place there. Average National growth rate is 6.8 to 7% but in Punjab it has come down to less than 6%.

The debt-to-GSDP ratio stands at 47 per cent. (By the next year, the government of Punjab will burden the people with debt of more than 4 lac crore.*

Madam, agriculture is the backbone. *My state Punjab has got 1.5% area of the country.* third-largest contribution to the granary of food security of this nation. We have depleted our water resources to ensure national food security.

Our farmers protested against the three black farm laws. They were promised. *Our farmers were assured that MSP will be made mandatory with a legal guarantee as per Swaminathan model but they have got nothing in the last 5 years. They are still waiting. Agriculture University of Punjab has stated that the maximum farmers' suicides are committed in Punjab. In the last 5 years, 1000 farmers have committed suicide and every farmer is under debt. It is a matter of regret that in Punjab, Kisan Nidhi beneficiaries are under loss.*

The beneficiaries have been reduced by 50 per cent. You have reduced the subsidy on urea and fertilizers, thereby increasing the burden and impacting the agrarian State of Punjab.

मैडम, कभी इलेक्ट्रिसिटी बिल, कभी सीड बिल और अभी लेटेस्ट यूएस ट्रेड डील, इन सभी चीजों से देश भर के किसानों का नुकसान है। सबसे ज्यादा पंजाब के किसानों का है, जो सिर्फ किसानी पर निर्भर हैं।

Madam, Punjab witnessed the worst floods of the last decade in 2025. The sad part is this. (Rs.12500 crore of Disaster Relief Fund was kept with the Punjab government but they have misutilised it and say that they have no funds. Prime Minister and several ministers went to Punjab for flood tourism and Rs.1600 crore relief was announced but Punjab received nothing.… (*Interruptions*)

Madam, please give me five more minutes.

As far as our industry is concerned, it is mentioned in a report today that 60% of public sector enterprises of Punjab are incurring losses. They have suffered a loss of Rs.18000 crores. At times, the Centre gives concession to Himachal Pradesh and our industry moves there. Our rice shellers could have been saved but you are not sending racks there as a result of which warehouses are full with last year's crop. Shellers and farmers are suffering. Small traders are tortured through GST and are being blackmailed. I wish to submit that during war times, Punjab suffers maximum loss.

जब ऑपरेशन सिंदूर हुआ, तो हमारा अटारी बॉर्डर बंद कर दिया गया। अटारी बॉर्डर बंद होने से पंजाब का ट्रेड तो बंद हो गया, लेकिन गुजरात से, महाराष्ट्र से सी रूट के माध्यम से ट्रेड चलता रहता है। क्रिकेट मैच शुरू हो जाता है, लेकिन करतारपुर साहब का कॉरिडोर नहीं खोला जाता है। यह हर बार पंजाब के साथ ही क्यों होता है? जिसकी वजह से पंजाब का किसान, पंजाब का ट्रेडर, पंजाब की इंडस्ट्रीज़ सफर कर रही हैं। मैं आपसे यही विनती करती हूं कि आज हमारा यूथ बेरोजगारी से परेशान है। ड्रग्स से पंजाब का नुकसान हो रहा है। आपको जानकर हैरानी होगी

..... English translation of this part of the speech was originally delivered in Punjabi.

कि क्रॉस बॉर्डर नार्को टेररिज्म के कारण पंजाब में ड्रग ओवरडोज के कारण देश में सबसे ज्यादा मौतें हुई हैं। ...(व्यवधान) Please give me two minutes. It is a very important issue, Madam.

मैडम, बीएसएफ की रिपोर्ट बताती है कि हर रोज 24 ड्रोन्स पकड़े जाते हैं और कितने ऐसे हैं जो नहीं पकड़े जाते। पिछले साल के 11 महीनों में 270 ड्रोन्स पकड़े गए हैं, जिनमें से 317 किलो हेरोइन,19 किलो आइस ड्रग, 14 किलो ओपीएम, 200 वेपन्स, 3,600 राउंड एमुनेशन, 10 किलो आरडीएक्स, 12 हैंड ग्रेनेड पकड़े गए हैं। यह सब पाकिस्तान रोज भेज रहा है। इससे पंजाब का लॉ एंड ऑर्डर तहस-नहस हो गया, लेकिन सेंटर के असिस्टेंस फोर नार्को कंट्रोल फंड्स में से दुवन्नी भी पंजाब को नहीं दी है।

माननीय सभापति : धन्यवाद माननीय सदस्य। माननीय सदस्य श्री आगा रुहुल्लाह मेहदी जी।

श्रीमती हरसिमरत कौर बादल : मैडम, केवल दो मिनट और दे दीजिए।

माननीय सभापति : मैडम, नो, नो, नो। प्लीज आप कंप्लीट कीजिए।

श्रीमती हरसिमरत कौर बादल : मैडम, ठीक है, आप डिमांड रख लेने दीजिए। हमारी एजुकेशन हो या हेल्थ हो, आज पंजाब में हर रोज गले के कैंसर से आठ औरतें मरती हैं। मैं आपको यह कहती हूं कि आपने हमें न लेदर इंडस्ट्री के लिए कुछ दिया है, न ही स्पोर्ट्स गुड्स के लिए कुछ दिया, न टेक्सटाइल्स के लिए, न कोई हाई-स्पीड ट्रेन, कोई कॉरिडोर नहीं, टूरिज्म सर्किट में कुछ नहीं है, कम से कम हमारा जो कर्जा है, वह माफ कर दीजिए।

फार्मर्स को फ्लड रिलीफ का कम्पेनसेशन दे दीजिए। हमें कोई इंडस्ट्रियल पैकेज दे दीजिए, जिससे हमारी इंडस्ट्री बच जाए। ड्रग्स रीहैबिलिटेशन के लिए कोई सपोर्ट दे दीजिए। किसानों को जो एमएसपी देने की गारंटी थी, वह दे दीजिए।

पंजाब को बचा लीजिए। यह वह बॉर्डर है, जो देश को बचाता है, देश का पेट भरता है, पाकिस्तान के साथ लड़ाई लड़ता है। इस देश की लड़ाई में सबसे पहले पंजाब आता है। इस बजट में पंजाब के ऊपर ध्यान दीजिए।

शुक्रिया।

श्री आगा सैय्यद रूहुल्लाह मेहदी (श्रीनगर) : मैडम चेयरपर्सन, शुक्रिया।

मैडम, मैं इस बजट में जम्मू-कश्मीर के हवाले से दो-तीन इम्पॉर्टेन्ट प्वायंट्स के बारे में बात करना चाहूंगा। चूंकि टाइम बहुत कम है, तो मैं ज्यादा टाइम नहीं लूंगा।

एक बात तो यह है कि जम्मू-कश्मीर के हवाले से कैपिटल एक्सपेंडिचर के बारे में इस गवर्नमेंट की कितनी सीरियसनेस है कि 50,000 करोड़ रुपये के करीब जो जम्मू-कश्मीर की एलोकेशन है, उसमें से सिर्फ 0.25 पर्सेंट, एक पर्सेंट भी नहीं, कैपिटल एक्सपेंडिचर के लिए करीब 100 करोड़ रुपये ईयरमार्क्ड किये गये हैं। कैपिटल एक्सपेंडिचर के लिए इस कंफाइन्ड अमाउंट से जम्मू-कश्मीर कितना आगे बढ़ सकता है, यह आप खुद से अंदाजा लगा सकते हैं। जम्मू-कश्मीर के हवाले से इस गवर्नमेंट की कितनी सीरियसनेस है, इस बात का अंदाजा आप खुद लगा सकते हैं।

इनकी सीरियसनेस कहां पर है, यह इस बात से पता चलता है कि इस बजट में पुलिस के लिए करीब 10,000 करोड़ रुपये ईयरमार्क्ड किए गए हैं, एलोकेशन की गयी है, मगर जम्मू-कश्मीर में कैपिटल एक्सपेंडिचर के लिए, जिससे 'रीढ़ की हड्डी' खड़ी हो सकती है, जिससे एम्प्लॉयमेंट बन सकती है, जिससे जम्मू-कश्मीर तरक्की कर सकता है, वहां पर सिर्फ 100 करोड़ रुपये दिए गए हैं। जहां पुलिस के लिए 10,000 करोड़ रुपये एलोकेट किए गए हैं, वहां वे अहम सेक्टर्स, जैसे टूरिज्म को वे भूल चुके हैं, एस.एम.ईज़. को वे भूल चुके हैं, टेक्नोलॉजी को वे भूल चुके हैं।

After the undemocratic abrogation of Article 370, Kashmir has become the least employed State, which used to be amongst the best employed States in the country. आज वह पहले या दूसरे नम्बर पर है। जहां से जम्मू-कश्मीर अपनी एम्प्लॉयमेंट जेनरेट कर सकता था, चाहे वह प्राइवेट सेक्टर में हो, चाहे टूरिज्म के हवाले से हो, चाहे हॉर्टीकल्चर के हवाले से हो, टेक्नोलॉजी के हवाले से हो, एस.एम.ईज़. के हवाले से हो, उसके लिए इस बजट में बिल्कुल भी कोई इनिशिएटिव नहीं है, कुछ भी ईयरमार्क्ड नहीं किया गया है, कोई इंसेंटिव नहीं दिया गया है।

जम्मू-कश्मीर के हवाले से एक बात बहुत अजीब है कि जब ताकत दिखानी हो तो कश्मीरी लोगों को दिखाते हैं, जम्मू-कश्मीर के लोगों को दिखाते हैं, मगर वहां जो हॉर्टीकल्चर है, जो जम्मू-कश्मीर की 'रीढ़ की हड्डी' है, जहां से सेब आते हैं, ड्राई फ्रूट्स वगैरह आते हैं, जिससे हमारा रोजगार चलता है, हमारी इंडस्ट्री चलती है, हमारा स्टेट चलता है, उसको ज़ख्म पहुंचाने के लिए जितनी भी कोशिश की जा सकती थी, वह की जा रही है, ताकि कश्मीर में ज्यादा से ज्यादा अनएम्प्लॉयमेंट हो, इंडस्ट्रीज़ कमजोर हो, हॉर्टीकल्चर कमजोर हो। एक मिसाल आपके सामने है। कश्मीरियों को रोब दिखाएंगे, मुसलमानों को रोब दिखाएंगे, मगर अमेरिका के सामने झुक जाएंगे।

अमेरिका से, ईरान से या दूसरे मुमालिक से प्रोडक्ट्स पर इम्पोर्ट ड्यूटी खत्म कर दी गयी है। अमेरिका से बिल-खुसूसी रिसेन्ट डील के बाद, जहां ये अमेरिका के सामने झुक गए हैं, उसमें अमेरिका के इम्पोर्ट पर इम्पोर्ट ड्यूटीज़ खत्म कर दी गयी है। जम्मू-कश्मीर के सेब, प्रोडक्ट्स इसके कारण 'सफ्फर' करेंगे। जम्मू-कश्मीर की इंडस्ट्री को कमजोर करने की मुझे यह एक सोची-समझी साजिश लगती है। वहां एम्प्लॉयमेंट का हाल आप देख ही रहे हैं। आर्टिकल 370 के अनकंस्टीट्यूशनल एब्रोग्रेशन के बाद यह लीस्ट-एम्प्लॉयड स्टेट है।

जल जीवन मिशन के लिए 1500 करोड़ रुपये की लाएब्लिटीज़ अभी भी हैं। इस बजट में उसके हवाले से कोई जिक्र नहीं है, किसी फंड को ईयरमार्क्ड नहीं किया गया है। मुसलमानों की हालत आपको पता ही है।

इस मुल्क में मेरिट-कम-मीन्स स्कॉलरशिप्स जो थीं, वह पिछले पांच सालों से बतदरीज कम होती जा रही है। वर्ष 2023 में इसके लिए 44 करोड़ रुपये थे और इस बजट में सिर्फ और सिर्फ 6 लाख रुपये हैं। जो मौलाना आज़ाद नेशनल फेलोशिप प्रोग्राम था, वह वर्ष 2023 में 96 करोड़ रुपये हुआ करता था और अब इस बजट में वह सिर्फ और सिर्फ 36 करोड़ रुपये रह गया है।

मैडम, मैं बस दो मिनट में अपनी बात खत्म कर रहा हूं। पोस्ट-मैट्रिक स्कॉलरशिप्स, जो माइनॉरिटीज़ के लिए हुआ करती थीं, वह वर्ष 2023 में 1,065 करोड़ रुपये थी। इस बजट में वह

40 पर्सेंट से भी कम 581 करोड़ रुपये है। प्री-मैट्रिक स्कॉलरशिप्स तो अब बिल्कुल खत्म ही कर दी गयी है, जो पहले 450 करोड़ रुपये के करीब हुआ करती थीं। वह अब सिर्फ और सिर्फ 200 करोड़ रह चुकी हैं।

फंडिंग फॉर माइनॉरिटी एजुकेशन इंस्टीट्यूशंस, जिसमें मदरसा वगैरह भी आते थे, वह 10 करोड़ रुपये से बिल्कुल ज़ीरो पर आ चुका है। यह बात फॉर्मल पॉलिसी और फॉर्मल बजट की है। लेकिन, जो इंफॉर्मल पॉलिसी है, जो यहां पर बयां नहीं की गयी, वह एक्शन में बयां की जाती है। जब कोई कश्मीरी मुसलमान अपने रोजगार के लिए, कमाने के लिए उत्तराखंड चला जाता है, हिमाचल प्रदेश में चला जाता है, तो उसकी पिटाई की जाती है।... (व्यवधान)

17.00 hrs

श्रीमती मंजू शर्मा (जयपुर) : सभापति महोदया, भारत को विकसित करने वाले इस बजट के लिए मैं आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और माननीया वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी का बहुत-बहुत आभार एवं धन्यवाद करती हूँ।

महोदया, यह बजट देश के गरीब, युवा, किसान, महिला एवं समस्त देशवासियों को समर्पित है और उनके सपनों को साकार करने वाला है। यह बजट वर्ष 2047 तक विकसित भारत का जो सपना देखा गया है, उसकी नींव रखने वाला बजट है। आज विश्व में आर्थिक मंदी का दौर है। पश्चिमी देशों की अर्थव्यवस्था मंदी से प्रभावित है। लेकिन हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व एवं वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी की सूझ-बूझ से भारत की अर्थव्यवस्था विश्व में सबसे तेजी से बढ़ रही है। वर्ष 2013 में विश्व की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी, वहीं आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। हम बहुत जल्दी ही पांच ट्रिलियन इकोनॉमी के लक्ष्य को हासिल कर विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे।

महोदया, यह बजट उत्पादकता को बढावा देने वाला है। आर्थिक विकास को गति देने के लिए बायोफार्मा शक्ति, रेयर अर्थ कॉरिडोर, तीन समर्पित रसायन पार्क, इंडिया सेमी कंडक्टर मिशन 2.0 का एलान किया गया है। इसके अलावा कंटेनर निर्माण योजना, टैक्सटाइल पार्कों की

स्थापना वर्ष 2047 के हमारे विकसित भारत की ओर तेजी से दौड़ रही है । राष्ट्रीय फाइबर योजना, इलेक्ट्रॉनिक्स कम्पोनेंट का विनिर्माण इस बजट में शामिल है।

महोदया, सबका साथ - सबका विकास कर्तव्यों को पूरा करने के लिए जलाश्यों और अमृत सरोवरों का निर्माण, चंदन, अखरोट व काजू जैसी उच्च मूल्य वाली कृषि को प्रोत्साहन और महिलाओं के लिए जो सबसे ज्यादा काम है, वे महिलाएं जो अपने घरों में स्वरोजगार कर ली हैं, उनके लिए इस बजट में 'शी-मार्ट' का प्रावधान किया गया है। महिलाओं को सशक्त करने का एक अनूठा पहल की गई है। इसके लिए मैं बहुत आभार व्यक्त करती हूं। दिव्यांगजन कौशल योजना, पूर्वोदय योजना, बहुभाषीय एआई टूल इत्यादि से भारत को समृद्ध बनाने की ओर श्रेष्ठ कदम है।

महोदया, शी-मार्ट योजना के अन्तर्गत महिलाओं को अपने कारोबार स्थापित करने में बडी मदद मिलेगी। साथ ही साथ स्कूल और कॉलेज के छात्रों के क्रिएटिव को बढ़ावा देने के लिए 15 हजार माध्यामिक स्कूल और 500 कॉलेजों में कन्टेंट क्रिएटिव लैब बनाई जाएंगी । आईआईटी और IIASC में 10,000 नई टेक फेलोशिप शुरू की जायेगी। इसमें एआई और डीप-टेक में शोध पर विशेष ध्यान दिया जायेगा । 5 नई टाउनशिप्स विकसित होंगी । यहां पढाई के साथ-साथ कम्पनियों में काम का अवसर देकर युवाओं को कॉरपोरेट मित्र बनाया जायेगा । ये सब बड़ा ही सराहनीय कदम हैं। यह युवाओं के भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए कारगर सिद्ध होगा।

महोदया, अंत में मैं अपने गृह राज्य राजस्थान के बारें में बोलना चाहती हूँ। मैं माननीय वित्त मंत्री जी का हृदय से आभार प्रकट करना चाहती हूँ। उन्होंने मेरे गृह राज्य राजस्थान का बजट बनाते समय ध्यान रखा और अपनी कृपा बरसाई। राजस्थान में 41 जिले हैं। प्रत्येक जिले में एक-एक गर्ल्स होस्टल का निर्माण किया जाएगा । जलाशयों और अमृत सरोवरों का विकास होगा । स्टार्टअप और महिला समूहों को बाजार से जोड़ने का रोडमैप बनेगा । राजस्थान का टेक्सटाइल सेक्टर अब वैल्यू एडिसन की राह पकड़ेगा । केन्द्रीय करों की हिस्सेदारी में अब राजस्थान को 5958 करोड़ रूपये ज्यादा मिलेगा । सिटी इकोनॉमी रीजन के तहत हर रीजन के लिए 5000 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। इससे जयपुर जैसे 2-3 टियर जैसे शहरों के

आर्थिक विकास, निवेश और रोजगार को बढावा मिलेगा। मैं इन सभी योजनाओं के प्रावधान के लिए अपने यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का हृदय से धन्यवाद करती हूँ।

महोदया, हमारे विपक्ष के नेतागण कहते हैं कि फलां-फलां राज्य को बजट में कुछ नहीं दिया है। मैं उनसे कहना चाहती हूँ कि आप ये कैसे भूल जाते हैं कि बजट में जितनी भी घोषणाएं होती हैं, वह सभी राज्यों के लिए होती हैं। केन्द्र की तो अपनी कोई टैरिट्री नहीं है, अगर राज्य खुशहाल होगें तो देश खुशहाल होगा। राज्य उन्नति करेगें तो देश उन्नति करेगा।

सभापति महोदया, इन शब्दों के साथ समय सीमा को ध्यान में रखते हुये मैं इस बजट का पुरजोर समर्थन करती हूं। आपने मुझे बोलने का मौका दिया, आपका बहुत-बहुत आभार एवं धन्यवाद।

SHRI K. C. VENUGOPAL (ALAPPUZHA): Thank you, Madam Chairperson, for giving me the opportunity to participate in the discussion on the General Budget. … (*Interruptions*)

डॉ. निशिकान्त दुबे (गोड्डा) : सभापति जी, मेरा पॉइंट ऑफ ऑर्डर है। पॉइंट ऑफ ऑर्डर नंबर – 357 है। इन्होंने मेरे बारे में यह कहा कि मेरा माइक चलता रहा और मैंने पूर्व प्रधान मंत्री को कहा। मैडम, एक नहीं हज़ार बार कहूंगा। यदि ये सरेंडर की बात करेंगे, आपको पता है कि 15 अगस्त, 1947 को भारत की डेट क्यों फिक्स हुई? … (व्यवधान) मैडम, इसीलिए फिक्स हुई, क्योंकि उस दिन सुभाष चन्द्र बोस की सेना ने सरेंडर किया था। … (व्यवधान) इन्होंने चरबटिया में अमेरिका को अपना एयरबेस दे दिया, उस दिन नेहरु ने सरेंडर किया। … (व्यवधान) आपने नंदादेवी में न्यूक्लियर डिवाइस खड़ा कर दिया, उस दिन सरेंडर किया। … (व्यवधान)

SHRI K. C. VENUGOPAL: Madam Chairperson, this is the real issue. The Rules of Procedure are being completely misused by some privileged Members from the Government side. This is what happens every time. Madam, you have called me to speak on the Budget. When I rise to speak,

hon. Member raised a point of order which has no connection with my speech. … (*Interruptions*) Kindly listen. You have already heard the speech of the Leader of the Opposition today and the manner in which he presented the condition of the Indian economy, and the dangers that lie in the India-US trade deal. … (*Interruptions*) Yes, it may be *jhooth* for you. But for the country, what the Leader of Opposition said is the real truth.

Madam, at the outset, let me state without any hesitation that this Budget is not a blueprint for a just, inclusive, and confident India. It is a carefully packaged presentation meant to hide distress, reward the privileged, and ignore the pain of the common people. The Finance Minister speaks proudly about high growth and development, but behind these claims lies a harsh reality. Just as our ... * in the India-US trade deal, our rupee also surrendered to the US dollar. The Indian rupee is now at a lifetime low, crossing 91 against the US dollar. … (*Interruptions*)

माननीय सभापति : माननीय सदस्य, यदि कोई शब्द ऐसा है, तो उसको कार्यवाही से निकाल दिया जाएगा। निकाल दिया जाएगा, कोई दिक्कत नहीं है।

… (व्यवधान)

SHRI K. C. VENUGOPAL: My point is this. Just as India surrendered in the trade deal, our rupee has also surrendered to the US dollar. Today, the value of the Indian rupee is 91 against the dollar. There was once a Chief Minister of Gujarat who compared the value of the rupee with the value of the Government of India at that time. I am asking the same question today. What

* Expunged as ordered by the Chair.

is the situation now? When the rupee is at 91 against the dollar, what does that say about the value of the present Government of India, as per the then Chief Minister of Gujarat?

Madam, let us look at some real numbers. India's *per capita* income remains among the lowest in the world. Inequality has reached extreme levels. The top 10 per cent control nearly 58 per cent of our total GDP. Ten per cent control 58 per cent of the total GDP. The bottom half of the population – the common poor people of this country, the marginalised – survive on just 15 per cent.

Nearly 34 per cent of Indians live on less than Rs. 100 a day. This is the Modi era. … (*Interruptions*)

Hon. Madam, this Budget claims to be youth-centric. Madam Finance Minister stated that it is a Yuva-Shakti driven Budget, but the youth of India know the truth. Youth unemployment has reached around 15 per cent with urban youth unemployment at over 18 per cent. Regular salaried employment has declined from 22.8 per cent to 21.7 per cent. Nearly 40 per cent of the salaried workers have no written contracts and more than half have no paid leave or social security.

For women, the situation is even worse. Only 10.5 per cent of rural women work in the service sector, and one in four urban young women who want to work cannot find a job at all. This is the Yuva-Shakti Budget that Madam Finance Minister is saying.

In reply to my question in this House day before yesterday, the Ministry

admitted that only an amount of Rs. 64.91 crore was utilized out of Rs. 526 crore in 2025-2026 for the Prime Minister's Internship Scheme. Over 82,000 offers were made, but only 28,000 youth accepted them. As of January, 2026, only 3,417 interns had completed their internship. The budget cut for the scheme is from Rs. 10,831 crore to Rs. 526 crore. This shows that even the Government has lost faith in this scheme. If the Government is cutting the amount from Rs. 10,000 crore to Rs. 500 crore, what does it mean? Was the scheme successful?

Hon. Madam, there is a clear ideological difference between UPA and NDA. We are all agreeing with it. We are citizen-centric Government. We believe in rights of the citizens like right to work, right to employment, right to food, right to education, and right to information. These are the rights given by UPA to the people of this country.

What is happening now? The Government is dismantling all these rights. MGNREGA is scrapped, RTI is diluted, food security is cut, and forest rights are violated. Now, the rights are being completely violated.

Madam, I come from a State which has got 100 per cent literacy. Everybody knows about it. Whenever our hon. Prime Minister comes to Kerala, I am also glad to say that, he used to wear *Mundu/Dhoti*. But after hearing this Budget, I am reminded of one famous Malayalam poet named Vallathol Narayana Menon.

"Hearing the name of India, our hearts should swell with pride, if one hears the name kerala, blood should throb in our veins." But how the central government views Kerala, is made clear by this budget. There is no pride about India nor are there any emotions for Kerala. You have approached us with utter disdain, as if we are not even part of India. Kerala is filled with pain by this neglect you have shown to us.

Madam, as regards AIIMS, I came here in 2014 when it was the first year of the NDA Government. I was an opposition Member. At that point of time also the Health Minister was Nadda ji. In reply to a question of mine at that time, he assured the House that AIIMS would be given to Kerala. This promise was given in 2014. Hon. Shashi Tharoor ji has already mentioned this point. Already 12 years have passed and 12 AIIMS have already been sanctioned, but Kerala has not received it. Twelve years ago also you committed it. After 12 years you sanctioned 12 AIIMS, but Kerala did not get it.

As regards high speed rail corridor, you sanctioned seven in this Budget. Everybody knows E. Sreedharan. He is the architect of Konkan Railway, and admired by everybody.

Even though he contested on BJP ticket and lost the election, we also recognized his quality and capability. He came and met the Railway Minister. Sreedharan ji told the Railway Minister that we can go ahead with the high speed railway project. He started an office there in Ponnani. But there is no mention about high speed railway for Kerala here.

..... English translation of this part of the speech was originally delivered in Malayalam.

Madam, We have got a tortoise research centre for Kerala. We are thankful to you for remembering the tortoises; while you have conveniently forgotten the crores of people in Kerala. This discrimination must end.

We have to stop this discrimination against Kerala. Kerala demands it, Kerala deserves it. Therefore, I think while replying to this Budget, Kerala is expecting some positive measures and positive reply from the hon. Finance Minister.

Shri K. Suresh comes from a place where the paddy fields of Kerala is rich. It is in Kuttanad. Recently, the Finance Secretary has sent a letter to the Kerala Chief Secretary directing that the additional incentive bonus of Rs. 6.1 per kg given to paddy cultivators should be stopped. What is the reason given by them? The reason given is that surplus paddy production could become a burden for the exchequer. Citing this reason that surplus paddy production could become a burden on the exchequer, the Union Government directed the Kerala Government to stop the incentives to the farmers. What a cruelty to the farmers! Are they are doing a crime? Is the cultivation of paddy a crime? You are saying that this Budget is farmer-friendly.

Madam, no economy can grow sustainably in an atmosphere of fear and hatred. No nation can prosper when communities are divided. Today, hate is becoming a normalized situation in our country. State-sponsored terror in the name of what is proudly called bulldozer raj has become a new political tool. What is even disturbing is that the Christian community has been attacked very

---

..... English translation of this part of the speech was originally delivered in Malayalam.

severely. 80 churches and 80 institutions were attacked during the last Christmas season in this country. Without communal harmony how can we grow economically?

Madam, we are all shocked by hearing the statement of a Chief Minister. I am quoting his statement, "We are not hiding anything. We directly say that we are against Miyas. Now encourage everyone to give trouble to Miya." This is the statement of ...* . … (*Interruptions*) What a …** … (*Interruptions*) … What a **… (*Interruptions*) … And even BJP Assam Unit shared an edited video showing ...*. … (*Interruptions*) Madam, let me complete. … (*Interruptions*)

माननीय सभापति : इसमें जो भी असंसदीय हो उसे कार्यवाही से निकाल दीजिएगा।

. … (*Interruptions*)

SHRI K. C. VENUGOPAL: Let me complete please. . … (*Interruptions*) Article 25 is very clear. Our Constitution guarantees freedom of conscience and right to profess, practice and propagate religion. Christian institutions, Christians churches, fathers, nuns, all of them are being attacked by the Government. On the other side, they are also going with the cake when the Christmas season is coming, including Prime Minister. This should be stopped. Theses types of atrocities against minorities, Christians, Muslims, Sikhs should be stopped. Harmony is needed.

Mahatma Gandhi ji has told, "Whenever you are in doubt or when the

---

* Expunged as ordered by the Chair.

** Not recorded.

self becomes too much, recall the face of the poorest and the weakest man or woman, whom you may have seen and ask yourself if the step you contemplate is going to be of any use to the poor man or woman." This is the idea of Ram Rajya by Mahatma Gandhi. But going through this Budget, it seems that the Government was only recalling the face of the few wealthiest, so-called friends and corporates.

Thank you very much.

*__SHRI BHASKAR MURLIDHAR BHAGARE (DINDORI):__ Hon. Chairperson, on behalf of the Nationalist Congress Party (Sharad Chandra Pawar), I rise here to present my thoughts on the Union Budget 2026-2027. The discussion on the budget in this house of Parliament is not just a formality, but a symbol of the aspirations of the 140 crore people of this country. But, when I look at the budget, I see less development and more confusion of numbers.

Hon. Chairperson, this budget is like the way attractive packaging is done to sell products. This budget has been given to the people with impractical, basic, unnecessary announcements. My Maharashtra is the growth engine of the country's economy. It is Maharashtra that contributes more than 35 per cent to the country's total direct taxes. It is time for elections in Maharashtra, but the government of our thoughts has not been elected. At least, the Finance Minister and his colleagues should have respected the people. The development of Maharashtra is not visible in this budget. In the past, when respected Sharad Chandra Pawarji was in charge of the agriculture

* English translation of the speech originally delivered in Marathi.

ministry of this country, he gave priority to research, he gave new ideas and a new perspective, due to which agricultural income increased. But in this budget, a provision of Rs 1.30 crore has been made for the agriculture sector, but there has been a big cut in the provision of education. Due to the vagaries of nature, there has been a big loss in the agriculture sector.

Hon. Chairperson, in my Lok Sabha constituency, there was a continuous rain from May to October last year, followed by a wet drought, which damaged grapes, onions, rice farming, tomatoes, soybeans. Farmers went into debt. Today, there is no remunerative price for onions. Onions are sold for mere Rs 800 to 1000 per quintal and the cost of production is solely borne by the farmer. Therefore, priority should be given to new research. If there is no money for research, to develop new things in the climate crisis, how will farmers survive? How will we get a new vision in the agriculture sector? Farmers are demanding that their crops should get a minimum support price and a loan waiver. The answer to this question from the government is not visible in this budget.

Hon. Chairperson, in this budget, a scheme of Rs. 3 lakh crore was announced for women, but the reality is that the government is avoiding to increase the remuneration of Anganwadi workers, who are the backbone of health services in rural areas. In my Maharashtra, Melghat, Nandurbar, Dindori and Kalwan, there is a severe problem like child malnutrition.

Hon. Chairperson, the Education Minister recently told the House that 93000 schools will be closed in 10 years. As I am a teacher, I know the

seriousness of this, so my request is that schools should be run in rural and tribal areas. The 6 per cent share that is for education should be spent. Along with that, the railway issue is serious in my constituency. The trains that used to have halts during the Corona period are not stopping now, so we should think about providing stoppages for important mail-express trains.

Thank you.

DR. RANI SRIKUMAR (TENKASI): Thank you, hon. Chairperson, Madam, for giving me this opportunity to speak on the Union Budget. The Budget must be judged not only by fiscal discipline but also by moral direction. Therefore, I wish to place before this House three concerns, namely, the treatment of Tamil Nadu, the state of public health financing, and the urgent need for stronger investment in nutrition. Tamil Nadu has consistently contributed to India's growth story.

Tamil Nadu has consistently performed well in industrial output, educational indicators and social welfare delivery. The Union Budget has promised women's hostel in every district. At this juncture, I can proudly say that it is Tamil Nadu that has led the way in this regard.

*Hon. Chief Minister of Tamil Nadu has ensured protection for working women by setting up of Hostels called as *Thozhi* Hostels. I wish to say with pride that the Union Government has proposed to set up women's hostels emulating the Scheme implemented in Tamil Nadu.*

Yet, when we examine this Budget, there are no significant new

..... English translation of this part of the speech was originally delivered in Tamil.

initiatives directed towards the State barring rare earth corridors and high speed rail projects. Even these initiatives are suspected. It is difficult to be optimistic about this announcement of high-speed rail corridors. Tamil Nadu's demand for metro projects in Madurai and Coimbatore has been rejected. Railway allocations for Tamil Nadu remain disproportionately low.

Hon. Chief Minister of Tamil Nadu issued a statement two days ago. Tamil Nadu received only Rs.7,748 crore in Budget. Even ongoing projects face delay. Funds for land acquisition for railway projects remain pending. Approval for acquisition of about 2500 hectares has been given. However, sanction of funds is only for 931 hectares. We are still waiting for the funds.

Under the Jal Jeevan Mission, more than Rs.3,000 crore due to Tamil Nadu remain pending. I must raise a matter of deep concern. The Government has announced three new All India Institutes for Ayurveda while AIIMS, Madurai remains incomplete. Students were admitted and were studying there.

Several AIIMS hospitals have been declared for opening with AIIMS Madurai. All other AIIMS projects have been completed and students have been admitted and students were studying there. But as regards AIIMS, Madurai, the construction work is yet incomplete and students could not practically stay there and pursue their studies. I therefore urge to expedite the construction work and make Madurai AIIMS completely functional very soon. Students were admitted and were studying there.

Tamil Nadu does not ask for special treatment. We ask for equitable

..... English translation of this part of the speech was originally delivered in Tamil.

treatment. We ask that commitment be honoured, funds be released, and projects be completed without delay.

Now, I turn to public health. The total allocation for health in this Budget is slightly over Rs.1.05 lakh crore. This represents about 1.9 per cent of total Government expenditure and roughly 0.26 per cent of GDP. The National Health Policy of 2017 set a target of increasing public health expenditure to 2.5 per cent of GDP by 2025. We have not moved towards that target. If anything, we are far from it. Public health does not begin in hospitals. It begins with prevention and investment in nutrition, maternal care, and early childhood development. Allocation for Saksham, Anganwadi and POSHAN 2.0 have seen only marginal increase. Given the scale of nutritional challenge in India, this increase is modest and insufficient. Data from the National Family Health Survey shows that 35.5 per cent of children under five are stunted, 19.3 per cent wasted, and 32.1 underweight. These are indicators that affect educational outcomes and future earning potential. Every rupee invested in early childhood development is long-term productivity.

Our hon. Chief Minister of Tamil Nadu has started this morning breakfast Scheme for primary school students. This Scheme is first of its kind in the entire world. This Scheme has benefitted a lot. I am concluding Madam.

माननीय सभापति : श्रीमती शोभनाबेन महेन्द्रसिंह बारैया जी।

..... English translation of this part of the speech was originally delivered in Tamil.

श्रीमती शोभनाबेन महेन्द्रसिंह बारैया (साबरकांठा) : माननीय सभापति महोदया, मैं सर्वप्रथम आपका हृदय से आभार व्यक्त करती हूं कि आपने मुझे इस ऐतिहासिक बजट चर्चा में अपने विचार रखने का अवसर प्रदान किया है। मैं एक महिला हूं और आज मुझे गर्व हो रहा है कि हमारी वित्त मंत्री जी, जो एक महिला हैं, उन्होंने केंद्रीय बजट प्रस्तुत किया है। उन्होंने लगातार नौवीं बार केंद्रीय बजट प्रस्तुत किया है।

माननीय सभापति महोदया, मैं हमारे यशस्वी प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का भी आभार व्यक्त करती हूं और अभिनंदन करती हूं, जिनके दूरदर्शी नेतृत्व में 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' आज नए भारत का संकल्प बन चुका है। यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि विकसित भारत 2047 की ठोस आधारशिला है।

माननीय सभापति महोदया, आज यह सदन दो विचारधाराओं को देख रहा है। एक ओर विपक्ष है, जिनकी राजनीति भ्रम, परिवारवाद और आरोपों तक सीमित है। मैं पहली बार की सांसद हूं। मैंने देखा कि लीडर ऑफ अपोजिशन बोल रहे थे कि भारत को जकड़ा गया है, भारत को दबाकर रखा गया है। मैं आपके माध्यम से उनसे पूछना चाहती हूं कि आपने जम्मू और कश्मीर में धारा 370 लगाकर उनको जकड़ा था। हमारे यशस्वी गृह मंत्री जी ने धारा 370 हटाकर उनको आजाद किया है और वहां हमारी आन, बान और शान जैसा तिरंगा लहरा रहा है।

माननीय सभापति महोदया, मैं एक बात आपके सामने रखना चाहती हूं। एनडीए-भाजपा सरकार, परिणाम, राष्ट्रनिर्माण और गरीब-कल्याण पर विश्वास रखती है। आज भारत लगभग 7.5 प्रतिशत की विकास दर के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। इस बजट में पूंजीगत व्यय बढ़ाकर लगभग 48 लाख करोड़ रुपये किया गया है, जिससे सड़क, रेल, मेट्रो, लॉजिस्टिक और औद्योगिक अवसंरचना को अभूतपूर्व गति मिलेगी। विपक्ष कहता है कि बजट में कुछ नहीं है। मैं पूछना चाहती हूं कि क्या वर्ष 2014 से पहले 4.5 करोड़ पक्के घर बने थे? मैं पूछती हूं कि क्या 15 करोड़ घरों में नल से जल पहुंचा था? क्या 55 करोड़ नागरिकों को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिला था? सब इसका जवाब जानते हैं कि नहीं मिला था, लेकिन पहले

योजनाएं कागजों में रहती थीं और दलाल जमीन पर थे। आज योजनाएं भी हैं और परिणाम भी हैं। ये आंकड़े नहीं, एनडीए शासन की संवेदनशीलता का प्रमाण है। 'जल जीवन मिशन' के लिए 70,000 करोड़ रुपये और आयुष्मान भारत के लिए 90,000 करोड़ रुपये का प्रावधान है, ताकि स्वास्थ्य और स्वच्छ जल हर नागरिक का अधिकार बने। किसानों के लिए 'प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि' के अंतर्गत अब तक लगभग 3.7 लाख करोड़ रुपये सीधे किसानों के खातों में पहुंचे हैं और इस बजट में इसके लिए 75,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। पहले किसान खबरों में आत्महत्या के लिए जाना जाता था, लेकिन आज किसान सीधे खातों में सम्मान पा रहा है।

माननीय सभापति महोदया, मैं इसी संदर्भ में कहना चाहूंगी कि विपक्ष के वायदे हवा में उड़ जाते थे और मोदी जी के फैसले जमीन पर उतर आते हैं। मैं अगर महिला सशक्तिकरण की बात करूं, तो यह महिला सशक्तिकरण के लिए भी ऐतिहासिक बजट है। प्रत्येक जिले में महिला छात्रावास खोलने, वर्किंग वुमेन हॉस्टल के विस्तार, मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने और बेटियों की शिक्षा के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। 'लखपति दीदी' अभियान और 'मुद्रा योजना' के तहत लगभग 2.5 लाख करोड़ रुपये का ऋण देकर 5 करोड़ महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। आज महिलाएं केवल गृहस्थी नहीं संभाल रहीं, बल्कि स्टार्टअप चला रही हैं और फाइटर जेट तक उड़ा रही हैं।

माननीय सभापति महोदया, नारी को जब साधन मिला, तो राष्ट्र को समाधान मिला। हमारे यशस्वी प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी के नेतृत्व में आज हर महिला सम्मान पा रही है। आप देख रही हैं कि हमारे राष्ट्र की राष्ट्रपति एक महान पद पर विराजमान हैं। हमारी वित्त मंत्री जी एक महिला हैं, जो कि देश का बजट प्रस्तुत कर रही हैं। हमारी दो महिलाएं, जिन्होंने पाकिस्तान के घर में घुसकर उनके अड्डों को मिट्टी में मिलाने का काम किया। ये भारत की महिलाएं हैं, आज के नए भारत की महिलाएं हैं। आप महिलाओं का अपमान करना बंद कर दीजिए।

आप महिलाओं को क्या सिखाते हैं? यहां आप हार गए तो आप सामना नहीं कर पाते,

अपनी हार नहीं स्वीकार कर पाते, तो हमला करते हैं। आप अपनी हार स्वीकार कीजिए, क्योंकि आपको हर बार हार का सामना करना पड़ेगा। मैं भी एक महिला हूं। जब आपके नेता प्रतिपक्ष यह बोलते हैं कि हिंदू हर वक्त हिंसा करता है, तब हम महिलाओं का, सभी सांसदों का खून खौल जाता है, लेकिन हमारे नेताओं ने हमें सिखाया है कि ये उनके संस्कार हैं जो यह बोल रहे हैं, हमारे संस्कार ये हैं कि हम काम करें, हम अपनी जमीन पर जाएं और अपने क्षेत्र में काम करके दिखाएं।

महोदया, युवाओं के स्किल इंडिया, स्टार्ट-अप इंडिया और एआई आधारित परीक्षण पर पचास हजार करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान है, जिससे भारत नौकरी ढूंढ़ने वाला नहीं, बल्कि नौकरी पैदा करने वाला देश बना है। एमएसएमई सैक्टर को चार लाख करोड़ रुपये से अधिक का क्रेडिट सपोर्ट दिया गया है। एससी, एसटी और ओबीसी समाज के लिए छात्रवृत्ति, कौशल और स्वास्थ्य योजनाओं पर लगभग तीस हजार करोड़ रुपये का प्रावधान कर वास्तविक सामाजिक सशक्तीकरण सुनिश्चित किया है।

महोदया, रेलवे क्षेत्र में वंदे भारत, अमृत भारत और बुलेट ट्रेन जैसी परियोजनाओं ने देश की रफ्तार बदल दी है। वर्ष 2014 की तुलना में रेलवे बजट लगभग 9 गुना बढ़ा है, जिससे आम नागरिक को सुरक्षित और आधुनिक यात्रा मिल रही है। मैं विशेष रूप से गुजरात की बात करना चाहूंगा, जो आज देश के विकास इंजन के रूप में उभर चुका है। इस बजट में गिफ्ट सिटी के विस्तार के लिए लगभग 10 हजार करोड़ रुपये सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स मैनुफैक्चरिंग के लिए विशेष पैकेज, औद्योगिक कोरीडोर, लॉजिस्टिक नेटवर्क, नवीनीकरण ऊर्जा और पोर्ट आधारित विकास के लिए बड़े प्रावधान किए गए हैं। इससे गुजरात ही नहीं, पूरे पश्चिमी भारत में निवेश, रोजगार और निर्यात को नई ऊंचाइयां मिलेंगी। यही गुजरात मॉडल, माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत से विश्व गुरु भारत की यात्रा को गति दे रहा है।

महोदया, विपक्ष को सबसे अधिक पीड़ा इस बात से है कि आज सरकार जवाबदेह है और एक रुपया चलता है तो पूरा एक रुपया गरीब तक पहुंचता है। पहले एक रुपये में सिर्फ पंद्रह पैसे गरीब तक पहुंचते थे और आज एक रुपया डीबीटी के माध्यम से पूरा उनके खातों में पहुंचता है।

महोदया, ये भारत देश की चिंता कर रहे थे। मैंने कभी उनके मुंह से भारत माता की जय बोलते हुए नहीं सुना, कभी वंदे मातरम् बोलते हुए नहीं सुना, कभी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम बोलते हुए नहीं सुना, कभी जय श्रीकृष्ण बोलते हुए नहीं सुना, कभी महाराणा प्रताप बोलते हुए नहीं सुना। … (व्यवधान)

माननीय सभापति : माननीय वित्त मंत्री जी।

वित्त मंत्री; तथा कॉरपोरेट कार्य मंत्री (श्रीमती निर्मला सीतारमण) : मैडम, धन्यवाद। बजट के प्रस्ताव पर बहुत सारे ऑनरेबल मेंबर्स ने अपनी बात कही। उन सब के हर एक विषय के ऊपर क्लैरिफिकेशन देने से पहले मैं थोड़ा बजट के विषय सामने रखना चाह रही हूं।

Madam, this Budget is a Budget which is prepared as the first Budget in the second quarter of the 21st century. इसीलिए यह बजट वर्ष 2026 से लेकर वर्ष 2050 तक के बहुत सारे विषयों को इसमें जोड़ता है। Then, we are also starting the new five-year cycle of the next Finance Commission, that is the 16th Finance Commission, which starts from 1st April, 2026. Therefore, the estimates are largely on the recommendations of the Finance Commission. So, I am taking care of the next five years, as per the recommendations.

Then, coming to 2026-27, you are looking at one year's Budget. So, in other words, as the hon. Prime Minister has said before the commencement of this Budget Session, this is the first Budget of the second quarter of the 21st century, and, truly, it has got many of those speeches in it. That is why, you are looking at some of the long-term investments that we are making today which will have bearing in the long-term; whether you are talking of the 'Biopharma SHAKTI', the very thing where we are highlighting how biosimilars will be an answer to many of those life-threatening diseases. And that takes a

long time to evolve. You invest today and biosimilar arrives after several years. But India should have a lead in that, and, therefore, even in this Budget, we have provided for research in biopharma and making sure that we will be leaders in biologics and biosimilars.

The same is the spirit which guided us when we said that we need to have India Semiconductor Mission 2.0, the second edition of it. And in that, I would like to highlight that I have made a brief mention of investing in cutting-edge areas like carbon capture because carbon capture is a very important means through which our 2070 net zero goal can be achieved. We have mentioned about carbon capture also. The strategy, the technology, and the ways to do it are all evolving but even as it is evolving, we have invested in it so that we can be a leader in that.

By doing these which are somewhat leading us towards medium and long terms, we are also continuing our push in building infrastructure. Now, it is not just roads, it is not just national highways; it is also looking at waterways so that the cost of logistics in this country can come down and States, which are very much in the hinterland, not connected to any seaport, will have the advantage of moving goods faster at a lesser cost. So, we have very clearly created freight corridors as part of the very exclusive land, on the surface transport but equally spending resources and planning for infrastructure through national waterways.

Even as we are doing this, Madam Chairperson, we are giving emphasis on labour-intensive sectors so that not just they can have more resources to

improve but even we are looking at legacy industries, which are waiting for rejuvenation, which have been funded. I will take the example of building champions out of MSMEs, particularly the medium-sized units, which do not want to grow out of the MSME category even though they have the capacity and even though they have every strength. But even in the last Budget, we expanded the definition of MSME so that even if they go beyond a certain level in their turnover, they are still defined as MSME and they do not lose out on their benefits. But in this Budget, we have taken that a bit further, and, very clearly, announced ways in which such medium-sized industries -- which have potential to grow, and export, and also become champions in their sectors -- can be given further help. And I have announced several steps towards equity help, professional help, and, also, making sure that they will have liquidity access, and in the process of three ways in which we want to reach them, we are giving them the support which, even if they grow out of the turnover limit -- which defines them as MSMEs -- they will be leaders in their sectors so that they can participate in India's growth.

Is this only for industries? And is this Budget not going to concentrate on building manpower so that our youth can aspire in a particular sphere or activity to go with skills in his hand or her hand, and achieve jobs or become entrepreneurs themselves? In this, I would like to highlight two major announcements that we have made in which I have not named any States. In fact, I have openly said that for creating this big facility, any State can aspire going through the PM Gati Shakti filters.

If you think you have a proposition in your hand, any State can ask for it. One of the five that I have announced is in terms of allied and health services, where we want to set up medical hubs. The States can aspire to be a part of it, wherein all the aspects of medical education and hospitals for the treatment of patients can be focused in one area, where nurses or any other 10 different allied health services will have their institutions through which people can learn, get themselves skilled, find jobs there itself, and that will become a medical tourism hub. So, any State can qualify, and I am sure, States which have traditional strength can also be coming in for it. This includes AYUSH as well.

This is a major forward-looking proposition wherein, immediately, because of the medical tourism advantage that India has, this will become a centre of multi-purpose, multi-speciality allied health service centre through which we can promote medical tourism. That was one of the major announcements.

Similarly, we have said that instead of waiting to qualify, finishing your education, and coming out and seeking where they should go for acquiring skills, the skilling element can be brought into education itself, and at the end of the day, when they come out, students can say, “I can become an entrepreneur”. This kind of a mega centre can be kept next to any industrial cluster that any State has. So, these mega entrepreneurship-building centres as education hubs can also be coming up in any State. We are willing to work with the States so that this mammoth higher education centre can be propped

up and, therefore, students can go there, come out as entrepreneurs, and get into doing business.

If we have done these two major education-related and health-related activities, we have also openly said that for mega textile parks, we are willing to work with States, particularly looking at industrial textiles, looking at textiles which are going to be new-age, which are now becoming a part of manufacturing in industries. Whether they manufacture a car, where the safety cushion which comes in is completely made out of industrial textiles, these kinds of new-age textile requirements can also be produced.

These are major announcements, and I welcome any State which wants to come into this area. The Centre is willing to work with them and promote it. All this is being done at the level of youth and students and larger centres, where jobs and education can go together, health and education can go together, and health and providing services to patients who come from different parts of the world come together. We are also placing emphasis on animal husbandry and fisheries to make sure that in every district you get the facilities of a veterinary surgeon, a veterinary hospital, and testing labs, so that animal husbandry can be given that priority immediately in rural areas. Therefore, farmers or those who are not farmers but want to get into animal husbandry can also benefit.

That is why these announcements for the fishing sector go along with money being put in for restoring 500 Amrit Sarovars - the waterways. The particular National Waterway which has been announced also has institutions

of excellence along its course, along the course of the river, and shipbuilding and boat-building. Particularly, I mentioned this, the route in which the National Waterway is being announced which will end up covering all the mineral-rich parts of the country and linking up with Paradip Port or with Dhamra Port is passing through States where the “Nishad *log*” can become boat makers, and they are already experts in it. They can also teach people, and they can become part of the institute of excellence, so that inland shipbuilding and shipbuilding for transporting huge logistical facilities will all have the support of the local experts who, for generations, have done this work. They can also benefit from this growth.

Equally, Madam, as I said, it is not just helping the MSMEs which are new but also the old and legacy industries, 200 legacy clusters which have been known for decades as places which supported MSME0s and from where they produce and export. It can be any of them. It can be Ludhiana, it can be Jalandhar, or it can be Kanpur, or it can be centres near Bihar; it can be anywhere in Bengal.

So, any legacy cluster of 200, we have volunteered that it can be funded, upgraded, given the modern instruments – hardware, software, that is required, we will be undertaking that.

Other than that, we are also providing for girls hostel in every district so that girls do not hesitate to take up science education which requires long hours to be spent in the colleges and universities. All of them, not just the girls hostels but the training internship and the kind of programmes that we are

looking at education centres are all with AI provisioning. So, AI education is not any more kept at elite level. So, it is going to be available for all our young.

So, if I very quickly move to mention the numbers Madam, gross tax receipts are at Rs. 44.04 lakh crore in this BE. It is about eight per cent more than what was in RE of 2025-26, Rs. 3.26 lakh crore more than the RE. If I were to look at the total expenditure Madam for 2026-27, it is Rs. 53.47 lakh crore, so much more than what we received as tax receipts. The Capital Expenditure is at Rs. 12.22 lakh crore which is 3.1 per cent of GDP and also 11.5 per cent higher than the RE 2025-26. Of this, I am glad to say on the recommendation of the Finance Ministers from the States who met me before the Budget preparation which is a normal calender event which before every Budget I meet up with the State Finance Ministers, on their recommendations and accepting their recommendations, capital expenditure grant that we grant, call it loan without interest for 50 years, which eventually would be equivalent to grant has been increased on their request to Rs. 2.0 lakh crore under SASCI and that is very much for their capital expenditure. Many States have actually shown that some of the signature projects of their States have been completed over the years since 2021 when we have been giving them SASCI, 50 years interest free capital expenditure money which goes to the States. So, with this, the effective capital expenditure, although I said capital expenditure is Rs. 12.2 lakh crore, the effective capital expenditure which includes the grants that I give to the States as well is Rs. 17.1 lakh crore which is 4.4 per cent of the GDP which goes only to build India in the States and everywhere else, the

Union Territories and so on. So, States and Union Territories put together, for the capital expenditure Rs. 17.1 lakh crore is being given effectively.

I am not spending too much time on the fiscal summary, Madam. Fiscal Deficit, as you know, for this coming year has been pegged at 4.3 per cent. There are, of course, quite a few hon. Members who said it is by restricting your expenditure that you have come to that fiscal consolidation. I will explain it that it is not by restricting the expenditure but I can explain on that a bit later.

The resources transferred to States, often, we are accused of not really transferring the 41 per cent which the Finance Commission has recommended, that the Government of India should give 41 per cent of devolvable tax to the State's, it is not 41 per cent. I will assure this House through you, Madam, 41 per cent it is that we have transferred to the States. We have not reduced any States devolvable tax which has to go and that I will also bring in the details. Total resources to be transferred to the States including the devolution of State's share in taxes and releases that are made under the Centrally sponsored Scheme in 2026-27, the coming year is estimated to be at Rs. 25.44 lakh crore.

इस आने वाले वित्तीय वर्ष में 25.44 लाख करोड़ रुपये राज्यों को दिए जाएंगे । This entails an increase of Rs. 2.70 lakh crore, इस मार्च माह तक जो वित्त वर्ष है, अगर हम उसको कंपेयर करके देखें, तो वर्ष 2025-26 में 2.74 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है and Rs. 3.78 lakh crore more than the actuals of 2024-2025. फंड्स में इतनी स्पष्ट वृद्धि हुई है, जो राज्यों को दिए जाएंगे।

महोदया, छोटे उद्योगों के काम करने के लिए क्रेडिट अवेलेबिलिटी कैसी है। Total credit

has actually expanded by 13.8 per cent in the current financial year as of 15th January, 2026. Non-food bank credit has grown by 13 per cent and the non-bank credit, which is NBFC, has grown by 15.4 per cent at the same period. क्रेडिट की कोई कमी नहीं है।

Madam, I want to highlight the fact that 16th Finance Commission, whose Report I had tabled in this House, has very clearly said. चूंकि बार-बार यह प्रश्न किया जाता है कि केन्द्र द्वारा जो राज्यों को पैसा दिया जाना है, केन्द्र वह पैसा उनको नहीं दे रहा है। उसके बारे में वित्त आयोग के द्वारा अध्ययन करने के बाद जो बयान दिया गया है, वह इस रिपोर्ट में दर्ज है।

I am not exactly quoting it. मैं बताना चाहूंगी कि उस रिपोर्ट में क्या लिखा है। The 16th Finance Commission analysed the State's share transferred by the Centre to the States from 2018-2019 to 2022-2023 and concluded that in each of these years, the devolution made by the Centre exactly matches the recommendation of the Finance Commission.

सिर्फ हम क्लेम नहीं कर रहे हैं, वित्त आयोग के द्वारा इसका विस्तार से अध्ययन किया गया है और उन्होंने अपनी रिपोर्ट में यह लिखा है कि केन्द्र से जो पैसा राज्यों को दिया जाना है, उदाहरण के लिए वित्तीय वर्ष 2018-19 से 2022-23 का अध्ययन करने के बाद स्पष्टता से यह कहा गया है कि केन्द्र सरकार द्वारा राज्य सरकारों को जितना भी पैसा दिया जाना है, वह राज्यों के पास ठीक तरह से भेजा गया है। इसमें शक करने की कोई गुंजाइश नहीं है।

मैं इस विषय पर काफी स्पष्टता से बात करना चाहती हूं। सबको मालूम है, फिर भी मैं सबको याद दिलाना चाहती हूं। टोटल टैक्स से जितना धन कलेक्ट होता है, उसको ग्रॉस टैक्स रेवेन्यू कहा जाता है। उसमें सेसेज़ और सरचार्जेज़ भी शामिल होते हैं। वह अलग है। फिर संविधान यह कहता है कि सीएंडएजी के द्वारा ऑडिट करने के बाद नेट प्रोसीड्स क्या होता है।

सीएंडएजी यह निर्णय करता है। नेट प्रोसीड का मतलब है – जो ग्रॉस टैक्स रेवेन्यू है, उससे सेस को हटा दो, सरचार्ज को हटा दो, उसके बाद जितना भी धन बचता है, उसको डिविसिबल पूल कहते हैं। वह नेट प्रोसीड है। हमने उससे राज्यों को 41 प्रतिशत हिस्सा भेजा है या नहीं भेजा है, उसका अध्ययन होना चाहिए, न कि ग्रॉस टैक्स रेवेन्यू का अध्ययन होना चाहिए। ग्रॉस टैक्स रेवेन्यू में सेस भी होता है और सरचार्ज भी होता है।

जब आप केन्द्र सरकार को डांटते हुए कहते हैं कि आप सेस भी कलेक्ट कर रहे हैं और सरचार्ज भी कलेक्ट कर रहे हैं, तो हां, हम वह कलेक्ट कर रहे हैं, क्योंकि संविधान में यह प्रावधान दिया गया है कि हम सेस भी कलेक्ट कर सकते हैं और सरचार्ज भी कलेक्ट कर सकते है। उसको हटाने के बाद जो पूल बचता है, आपको उसके ऊपर 41 प्रतिशत मिलना चाहिए। वह मिल रहा है या फिर नहीं मिल रहा है, आप उसकी गणना कीजिए, न कि जीटीआर की गणना कीजिए। आप उसके बाद कहेंगे कि आप सेस भी कलेक्ट कर रहे हैं और हमें उससे कम भी दे रहे हैं। No, you cannot have it both ways. I think we should be very clear. … (*Interruptions*)

SHRIMATI SUPRIYA SULE (BARAMATI): I did not mean to stop you. Cess is what you take … (*Interruptions*) The concerns that the States have … (*Interruptions*)

18.00 hrs

माननीय सभापति : माननीय सदस्यगण, यदि सभा की सहमति हो, तो सभा की कार्यवाही माननीय वित्त मंत्री जी के भाषण की समाप्ति तक बढ़ा दी जाए।

अनेक माननीय सदस्य : हां।

माननीय सभापति : माननीय मंत्री जी, आप जारी रखिए।

SHRIMATI SUPRIYA SULE: There is less accountability. The C&AG has also said that. The concerns that the State raised is that if you take everything in terms in cess, what are the States left with? In the new schemes, if you keep

cutting the funds, what does the States have? That is the limited point that the Opposition is raising. There is no allegation about it. That is the suffering for the State.

SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN: Hon. Member, there is no suffering for the States on that score. I would like to explain that as well. I will go into the details also. Cess is particularly collected for a specific purpose like health cess, education cess, road cess etc.

इन सबमें जितना भी कलेक्शन होता है, वह हमारे काम में नहीं आता है। वह स्टेट्स को जाता है। एजुकेशन सेस स्कूल बनाने के पर्पज़ के लिए जाता है। हेल्थ सेंटर्स में कुछ कमी है, तो मशीन्स खरीद लीजिए, उसके लिए हेल्थ सेस जाता है। रोड सेस रोड्स बनाने में जाता है। जितना कलेक्शन हुआ, उससे ज्यादा ही हम स्टेट्स को दे रहे हैं। वह मैं नंबर्स के साथ अभी बताऊंगी। इसीलिए सेंटर कलेक्ट करता है, इसका मतलब यह नहीं है कि सेंटर ही उसका उपयोग करता है। आखिर सेंटर के पास कोई रोड नहीं है या सेंटर के पास सिर्फ एक हॉस्पिटल है, ऐसा भी नहीं है। हॉस्पिटल हर जगह पर हैं और हर जगह पर जितने भी हॉस्पिटल्स हैं, उन्हें हम स्टेट्स के साथ शेयर करते हैं। इसलिए सेस कलेक्ट करने के बावजूद पैसा स्टेट्स को ही जाता है। इसलिए मैं इसे एक्सप्लेन करना चाहती हूं। मैं वह नंबर्स भी बता देती हूं।

ऑनरेबल मेंबर्स इस विषय में बहुत रुचि लेते हैं, इसलिए मैं यह बोलना चाहती हूं। रिसीट बजट एक डॉक्यूमेंट है। बजट के समय बजट डॉक्यूमेंट के साथ वह भी आता है। आप उसका एनेक्स '4A' और '4B' देख लीजिए, उसमें सीएजी ऑडिटेड नंबर का बयान रहता है। आप देख सकते हैं। हमने हमारे बजट को रिफॉर्म करने के रास्ते पर चलते हुए एक नई रिसीट '4C' बजट में जोड़ी है। वह '4C' भी हर साल आती है। उस '4C' से आपको और क्लियर डेटा मिलेगा कि पैसा कहां जा रहा है। फाइनेंस कमीशन अभी यह रिकमेंड भी कर रही है कि आप हर साल इसका डेटा निकालिए। हम वह डेटा निकाल रहे हैं। हमारे बजट के डॉक्यूमेंट्स में और रिसीट में वह भी

है । मैं सिर्फ मेंबर्स की जानकारी के लिए यह बताना चाहती हूं । मैं इसमें से ऑनरेबल मेंबर्स के क्वेश्चन्स को लेकर शुरुआत कर रही हूं ।

Hon. MP, Mr. Premachandran, asked a question related to that. He said that we are dealing with debt to GDP ratio without amending the FRBM Act. उनका यह प्रश्न था । मैं उनसे यह कहना चाह रही हूं कि debt to GDP ratio कोई नया टार्गेट नहीं है । Along with fiscal deficit, the point regarding debt to GDP is already included as a target. वर्ष 2018 के FRBM (Amendment) Act में यह प्रावधान किया गया था । This is mentioned under the section 4(1b) of the FRBM Act. इसके कारण हम स्पष्टता से यह कह सकते हैं । The Government's strategy to achieve Viksit Bharat is to provide capital investment in the economy. For that purpose, we have allocated effectively Rs. 17.15 lakh crore and this will work as a force multiplier and therefore, accelerate our move towards Viksit Bharat. This will be a very important factor in achieving Viksit Bharat, not by moving this or that. We have not moved anything. Both are available through the FRBM Act.

मैडम, बहुत सारे लोगों ने युवाओं की बात की । उनका विषय यह था कि हम कोई ऐसी नई पॉलिसी नहीं ला रहे हैं, जिससे युवाओं को रोजगार मिले और उन्हें हम किन स्कीम्स के द्वारा अटेंड कर रहे हैं ।

मैं स्पष्टता से कहना चाहती हूं, जैसा कि मैंने पहले बताया है, पांच रीजनल मेडिकल हब्स मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देंगे । उसके साथ-साथ नेक्स्ट फाइव इयर्स में एक लाख अपॉर्च्युनिटीज़ उस अलाइड हैल्थ प्रोफेशनल्स की उस बड़ी स्कीम के द्वारा होने वाली हैं । पांच नए इंडस्ट्रियल-टू-टैक्सटाइल सेक्टर-टू-लैदर सेक्टर, जो मेजर पार्क्स बना रहे हैं, उनसे भी हम मानते हैं कि नए उद्योग और जॉब्स होने की संभावना क्यिरली दिखती है ।

एल्डर्ली केयर के लिए, हमारे केयर इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए 1.5 लाख

केयरगिवर्स को हम इस साल स्किल्स के साथ तैयार कर रहे हैं। वे वैलनेस योगा और असिस्टिव डिवाइस ऑपरेशन्स, सब कर पाएंगे। इस तरह सीधे 1.5 लाख लोगों को इस साल ही जॉब अपॉर्च्युनिटीज़ मिलेंगी।

Apart from this, the loan-linked capital subsidy scheme is to be made available to veterinary professionals. गांवों में वेटरनरी प्रोफेशनल्स के रोल में काम करने के लिए 20,000 से ज्यादा लोगों के लिए अपॉर्च्युनिटीज़ क्रिएट होंगी और उनको जॉब्स मिलेंगे।

इसके अलावा हमने आइकॉनिक टूरिज्म सेंटर्स की भी अनाउंसमेंट की है। उसको साथ-साथ जोड़ने वाली स्कीम, जॉब्स से भी जोड़ने वाली एक स्कीम है, 10,000 टूरिस्ट गाइड्स को हम इसी साल तैयार करेंगे। वे लोग 20 आइकॉनिक टूरिज्म सेंटर्स में होंगे। उनको 12 वीक की ट्रेनिंग दी जाएगी, वह ट्रेनिंग ऑनलाइन भी और सीधे पर्सन-टू-पर्सन भी होगी। इस तरह ट्रेन्ड टूरिस्ट गाइड्स इन आइकॉनिक सेंटर्स में अपने रोजगार में बढ़ावा मिलेगा।

SHE-Marts का भी अनाउंसमेंट हुआ है। एसएचजी यानी कि सैल्फ हैल्प ग्रुप्स के द्वारा महिलाओं को बहुत सारा प्रोत्साहन मिलता है। उनको कॉर्पस मिलता है और उनके छोटे-छोटे बिज़नेसेज़ को भी मदद मिलती है। बैंक्स भी उनके कॉर्पस को मन में रखते हुए उनको लोन्स एक्सटेंड करते हैं, with some consideration in the rates.

इन्हीं एसएचजी ग्रुप्स पर फोकस करते हुए माननीय प्रधानमंत्री जी ने लखपति दीदी का एक्सपेरिमेंट शुरू किया था। मैं श्योर हूं कि माननीय सदस्य गांवों में जाने के बाद इन लखपति दीदियों से मिल सकते हैं। अब लखपति दीदी हर गांव में सामने आ रही हैं। उनके नंबर्स बढ़ाने के लिए भी हमने अनाउंसमेंट किया है।

ये महिलाएं आज न सिर्फ अपने ग्रुप्स में काम करते हुए, चेयरपर्सन मैडम, मैं आपके सामने यह कहना चाहती हूं कि मैं नागालैंड गई थी, वहां नैशनल रूरल लाइवलीहुड्स मिशन के द्वारा थोड़ी कम ट्रेनिंग पाई हुई महिलाएं आज सामने आकर बोल रही हैं कि मैं अपनी दुकान चलाना चाह रही हूं। वह दुकान कपड़े की हो सकती है, लोकल अचार की दुकान हो सकती है या लोकल

हैंडिक्राफ्ट्स की दुकान हो सकती है। ये महिलाएं आज अपने इंटरप्राइज़ खोलने के लिए बहुत ज्यादा आतुर हैं। हम उनको ट्रेनिंग भी देंगे और बैंक्स के द्वारा असिस्टेंस भी देंगे। So, 'SHE' means 'Self-Help Entrepreneur'. इसका अर्थ सैल्फ हैल्प ग्रुप्स से निकली हुई महिलाओं को प्रोत्साहन देना, उनको सपोर्ट देना और मार्केटिंग असिस्टेंस प्रोवाइड करना है। यह जो ट्रांजिशन होता है, क्रेडिट-लेड-लाइवलीहुड, उससे बाहर आकर आज महिलाओं को अपने द्वारा चलाने वाली इंटरप्राइज़ के लिए उनको इंटरप्रेन्योर के रूप में तैयार करना is a major announcement.

दिव्यांगजन कौशल योजना - हम कस्टुमाइज्ड ट्रेनिंग देंगे कि किनको किस रूट पर जाना चाहिए, with sensitivity and dignity intact for Divyangjan. वे आईटी सैक्टर में अवसर पा सकते हैं। एवीजीसी सैक्टर को बड़ा प्रोत्साहन मिला। वेव्स कॉन्फ्रेंस के बाद उसे भारत में बहुत अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। दिव्यांगजनों को आईटी सैक्टर, टैक्नोलॉजी सैक्टर, एवीजीसी और हॉस्पिटैलिटी सैक्टर में भी जॉब्स मिलेंगे। ऐसे हर एक सैक्टर के ऊपर ध्यान देकर, हम उनमें युवाओं को जॉब्स के लिए ट्रेनिंग दिलवा रहे हैं और उनको एआई का एक्सपोज़र भी दिलवा रहे हैं।

मैडम, एग्रीकल्चर के ऊपर बहुत प्रश्न उठाए गए हैं। मैं उनके बारे में भी कहना चाहती हूं। बजट में एआई ड्रिवन टेक्नोलॉजी एडवाइजरी भारत विस्तार के द्वारा अनाउंस की गई है। यह एक मल्टीलिंगुअल एआई टूल होगा। एग्रीस्टैक है, जो एग्रीकल्चर मिनिस्ट्री के द्वारा है। इसमें हर फार्मर को आईडेंटिफाई करके उनकी क्रॉप, सॉयल हेल्थ और उनको कितने फर्टिलाइजर की आवश्यकता होगी, इनके सबके बारे में कम्प्लीटली डिजिटाइज रूप में एग्रीस्टैक में रखा जाएगा। एग्रीस्टैक हमारे यूपीए स्टैक जैसी भारत की बड़ी इनोवेटिव अप्रोच है, जो एग्रीकल्चर के डिजिटाइज के लिए है। इससे प्रोडक्टिविटी इन्क्रीज होगी और यह फार्मर्स की इनकम बढ़ाने के लिए ही यह एग्रीस्टैक पोर्टल है। इसके अलावा एग्रीकल्चरल प्रैक्टिसेस के उपर आईसीएआर का एक पैकेज है, जिसमें कौन से बीज की अच्छी क्वालिटी है, उसके टैस्ट करने के लिए। इसके अलावा उनको क्या एक्सटेंशन ट्रेनिंग दिलवानी है, इरिगेशन कैसे होगा, ये सब उसमें भी होगा। ये

दोनों का एग्रीस्टैक है, जो डिपार्टमेंट और आईसीएआर पैकेज है। क्वालिटी ऑफ प्रोसेसिंग एंड क्वालिटी ऑफ सीड एंड कल्टीवेशन दोनों को मिलाकर बैटर फार्म प्रोडक्टिविटी के लिए साइंटिफिक बेसिस पर एग्रीकल्चर मिनिस्ट्री में जो काम हो रहा है, उसके लिए स्पष्टता से पूरे समर्थन के लिए कहा है। इससे फार्मर को रिस्क कम और प्रोडक्टिविटी ज्यादा होगी।

हमें अपने भारत के किसान को धन्यवाद देना चाहिए, क्योंकि उनके पास इतने सारे रिस्क हैं, जैसे बारिश होगी, ओले पड़ेंगे या क्रॉप नष्ट हो जाएगी, पानी मिलेगा या नहीं, क्वालिटी ऑफ सीड है। इन सभी विषयों में बहुत सारे रिस्क हैं, फिर भी हमारे अन्नदाता सामने आकर एग्रीकल्चर सेल्फ सफिशिएंसी दे रहे हैं। उनको डिजिटली सपोर्ट करने के लिए यह महत्वपूर्ण प्रयत्न है। फाइनेंस मिनिस्ट्री के द्वारा हम उनका पूरा साथ देने के लिए आगे आ चुके हैं। इसके अलावा हाई वैल्यु एग्रीकल्चर एंड हॉर्टिकल्चर है, क्योंकि डायवर्सिफाई करने की भी आवश्यकता है। इसी हाई वैल्यु एग्रीकल्चर एंड प्लांटेशन रिलेटेड मैटर्स के लिए हमने कोकोनट प्रमोशन स्कीम अनाउंस की है। इसके द्वारा ओल्ड एंड नॉन प्रोडक्टिव ट्रीज को रिप्लेस कर सकते हैं, हाई यील्डिंग सैपलिंग्स का उपयोग कर सकते हैं। कोकोनट प्रमोशन का यह एक अनाउंसमेंट एक करोड़ फार्मर्स को तुरंत बेनिफिट देगा। यह बहुत ही महत्वपूर्ण है।

I would have really appreciated the hon. Members, particularly from Kerala, who spoke about it and said that केरल को कुछ नहीं मिल रहा है। कोकोनट केरल की जीवनधारा है। हमारी सरकार के द्वारा प्रमोशन किया जा रहा है। मैं यह भी बता देती हूं कि देश भर में इन्फ्लेशन रेट एक है। टोटली इन्फ्लेशन कैलकुलेशन करने में नेशनल एवरेज का एक नंबर आएगा। हर स्टेट में भी आजकल डेटा निकल रहा है। फरवरी, 2027 से मॉसपी (MoSPI) के डेटा की नई सीरीज आ रही है, उसमें भी स्टेट के इन्फ्लेशन का डाटा देते हैं। आप लगातार देख सकते हैं, क्योंकि शॉर्ट सप्लाई की वजह से खाने और पकाने में नारियल भी चाहिए तथा नारियल तेल भी चाहिए। सिर्फ कोकोनट की किल्लत के कारण केरल की इन्फ्लेशन में असर पड़ता है। भारत सरकार केरल और कोकोनट ग्रोइंग हर राज्य में प्रमोशन स्कीम के द्वारा चाहेगी

कि कोकोनट सप्लाई भी अच्छा रहे, हमारे देश में कोकोनट ऑयल भी खूब प्रोड्यूस हो। इसके लिए जो स्टेट ज्यादातर कोकोनट का उपयोग करते हैं, उनको डायरेक्टली बेनिफिट मिलेगा। अगर एक करोड़ फार्मर्स को बेनिफिट होगा, तो मार्केट में अच्छे कोकोनट के आने पर कंज्यूमर को भी सुविधा मिलेगी। I am glad that consumers will also be benefited by it. इसमें कोकोनट ग्रोइंग अन्य स्टेट्स के लिए भी है।

दूसरा, एन.के. प्रेमचंद्रन जी मुझसे हर साल मिलते थे कि हमारे काजू ग्रोवर्स के लिए कुछ करो, बाकी माननीय सदस्य भी मिलते थे कि हमारे काजू ग्रोवर्स के लिए कुछ करो। इससे ज्यादा कंप्रिहेंसिव एप्रोच लेकर के भारत देश में काजू सेल्फ सफिसिएंसी हो, भारत देश से काजू एक्सपोर्ट हो, भारत देश में ही काजू का वेल्यू एडिशन हो जाए, ऐसे कंप्रिहेंसिव काजू के लिए टोटल पैकेज और उसके ज्यादातर, I would think 70 per cent, beneficiaries are in Kerala. Alright, also in Andhra Pradesh, our hon. Member from Kakinada spoke about it this morning. So, Maharashtra, Goa, completely crooked cashew industry. Last few years, they had their own difficulties. मगर इस स्कीम के द्वारा हम काजू को कंप्लीट सपोर्ट दे रहे हैं। इन स्टेट्स में थोड़े एक्टिव होकर, सामने आकर इस स्कीम का भरपूर उपयोग करना चाहिए। ऐसे ही कोको, आज कर्नाटक में भी बीच में इंटर क्रॉपिंग की फैसेलिटी का उपयोग हो रहा है। एरेका नट ट्रीज़ के बीच-बीच में भारत देश में कोको कल्टीवेशन हो रहा है। हम उसको भी सपोर्ट दे रहे हैं। ऐसे हमारे हिमालयन हिली स्टेट्स में पाइन नट्स, वॉल नट्स और आल्मंड्स को इस स्कीम के द्वारा प्रोत्साहन मिलेगा। नॉथे-ईस्ट में पर्टिकूलरी त्रिपुरा और असम में अगरवुड होती है। Like Sambrani, the Frankincense, use it for making *agarbattis,* and South East Asia में उसका बहुत बड़ा मार्केट रहता है। मुझे मालूम है त्रिपुरा में बहुत बड़े अगर के वन है, बीजेपी सरकार आने के तुरंत बाद उधर बहुत बड़ा इनिशिएटिव लिया गया था। उसमें भी इससे बेनिफिट होगा। अंत में, केरल और कर्नाटक में सैंडलवुड के बेनिफिट के बारे में अब तक किसी भी सरकार ने बात नहीं की, मोदी जी ने उसमें डायरेक्ट मुझे आदेश दिया कि भारत की

